
आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail: tarunpressraipur@gmail.com Web: www.tarunchhattisgarh.in

■ रायपुर, शुक्रवार 6 अक्टूबर 2023 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-189 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 07 अक्टूबर 2023 ₹ 1.00



## छग में कांग्रेस फिर आई तो सरकार कराएगी जाति जनगणना : प्रियंका

### पंचायतें हैं लोकतंत्र की नींव

कांकेर,6 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

नगरीय निकाय और पंचायती राज महासम्मेलन में प्रियंका गांधी ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए जनगणना को लेकर बड़ी बात कही. प्रियंका गांधी ने कहा, अगर फिर से छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनेगी तो बिहार की तरह छत्तीसगढ़ में जातिगत जनगणना कराई जाएगी.

प्रियंका गांधी ने कहा, एक समय था जब जनप्रतिनिधियों की संख्या बहुत कम थी उससे यह होता था कि जितने निर्णय लेने थे वह सभी एक जगह केंद्रित हो जाते थे. कई ऐसे कार्य होते थे, जिन्हें होने में बहुत समय लगता था या कई ऐसे कार्य होते थे जिनकी जरूरत ही नहीं थी, लेकिन इन सब में बहुत समय लगता था. दिल्ली जाना पड़ता था, रायपुर आना पड़ता था तो जब पंचायती राज की बात हुई तब मंशा ये थी कि लोकतंत्र को गांवों तक पहुंचाया जाए. इसका मतलब है कि जो गांव का विकास है, इसका निर्णय गांव करें, गांव के ही प्रतिनिधि करें.उन्होंने कहा, आप सब यहां बैठे हैं. आप जानते हैं कि ग्राम पंचायत में किस तरह के काम होने हैं और किस तरह के कामों को होना चाहिए. आप अपने लोगों



के हित में निर्णय ले सके, यही मूल बात है. लोकतंत्र की नींव पंचायत में, गांव में, नगर पालिकाओं में बसती है. आप सबकी जिम्मेदारियां बहुत बड़ी है. मैं जानती हूं अपनी जिम्मेदारियां को आप बहुत परिश्रम के साथ पूरा करते हैं.उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की नींव पंचायतें हैं। गांव-गांव में लोकतंत्र पहुंचा है। कांग्रेस ने यहां सभी समस्याओं का निराकरण किया है।

### सरकार पंचायती राज को मजबूत कर रही : भूपेश

जिले के गोविंदपुर में आज नगरीय निकाय एवं पंचायजी राज सम्मेलन का आयोजन किया गया है, जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में प्रियंका गांधी पहुंची है. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम भूपेश बघेल ने कहा, पंचायती राज को मजबूत करने हमारी सरकार लगातार काम कर रही है. 15 साल में रमन सिंह पेशा कानून नहीं बना पाए. हमने पेशा कानून बनाया. रमन सरकार ने सिर्फ लूटने का काम किया. कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा, सीएम भूपेश बघेल, डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत, मंत्री रविंद्र चौबे, ताम्रध्वज साहू, शिव डहरिया समेत कई नेता शामिल हुए.नगरीय निकाय एवं पंचायती राज महासम्मेलन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रियंका गांधी ने आज ÷पुरखती कागजात÷ और ÷ताना बाना÷ पुस्तिका का विमोचन किया. बस्तर में क्षेत्रवार आदिवासी समुदायों के देवी-देवताओं की वाचिक परम्परा में प्रचलित मान्यताओं को लेखबद्ध कर उन्हें जारी किए गए सामुदायिक वन अधिकार के प्रपत्रों को संकलित कर पुरखती कागजात'' नामक (भाग एक) पुस्तिका तैयार की गई है. पुरखती कागजात'' (भाग-दो ) में संरक्षित खसरों का संकलन है, जिसमें भुईया के माध्यम से खसरे के कैफियत कॉलम में मातागुड़ी, देवगुड़ी के नाम व रकबा उल्लेखित कर राजस्व अभिलेख संरक्षित किया गया है.

## छत्तीसगढ़ में हो सकते हैं दो चरणों में चुनाव

### 15 दिसंबर के पहले जारी हो सकते हैं नतीजे

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,6 अक्टूबर।** पांच राज्यों में होने वाले चुनाव की तारीख का ऐलान कभी भी हो सकता है. चुनाव आयोग इसके लिए पांच राज्यों के चुनाव ऑब्जर्वर के साथ बैठक चल रही है. जिसमें पांचों राज्यों के 900 से ज्यादा चुनावी पर्यवेक्षक शामिल हैं. जहां मुख्य चुनाव आयुक्त की अध्यक्षता में बैठक हो रही है. जानकारी के मुताबिक छत्तीसगढ़ में दो चरणों में चुनाव कराने की तैयारी है. वहीं 15 दिसंबर के पहले चुनावी नतीजे जारी हो सकते हैं. दो चरणों के मतदान दिवाली के बाद होने के संकेत हैं.

छत्तीसगढ़ में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों तथा सामान्य क्षेत्रों के लिए अलग-अलग चुनाव तिथियां घोषित की जाएगी। आयोग में जिस तरह से चुनाव के लिए मंथन चल रहा है




उससे संकेत मिलता है कि 15 अक्टूबर के पहले चुनाव की तिथियां घोषित कर दी जाएगी। आचार संहिता को देखते हुए मंत्रालय में काम कराने को लेकर दबाव बढ़ता जा रहा है। भारसाधक मंत्री सहित अन्य लोग अपना-अपना काम कराने के लिए सक्रिय हो गए हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, मिजोरम और राजस्थान में नवंबर-दिसंबर में विधानसभा चुनाव होने की संभावना है. मिजोरम विधानसभा का कार्यकाल इस साल 17 दिसंबर को खत्म हो रहा है. वहीं तेलंगाना, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और राजस्थान की विधानसभाओं का कार्यकाल दिसंबर में अलग-अलग तारीखों पर समाप्त हो रहा है.

छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की सरकारें हैं. तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) का शासन है, जबकि मध्य प्रदेश में बीजेपी की सरकार है. वहीं पूर्वोत्तर राज्य में मिजो नेशनल फ्रंट की सरकार है.

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने सुरक्षा, सहित मतदान केंद्रों, मतदाता परिचय पत्र, वीडियो ग्राफी टेंडर के अलावा अन्य मुद्दों पर ताजा जानकारी जिलों से ली है। आयोग में निरंतर बैठकें चल रही है। आयोग ने संवेदनशील मतदान केंद्रों के लिए हेलीकाप्टर एवं कर्मचारियों को आकर्षक क्षति पूर्ति देने का वायदा किया है।

## शुभमन गिल की तबीयत खराब

**नई दिल्ली6 अक्टूबर।** भारतीय टीम को वर्ल्ड कप 2023 में अपना पहला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना है। 8 अक्टूबर को चेन्नई में यह मुकाबला खेला जाना है। 12 साल से वर्ल्ड कप ट्रॉफी का इंतजार कर रही भारतीय टीम इस बार प्रबल दावेदार मानी जा रही है। लेकिन वर्ल्ड कप में अपना अभियान शुरू करने से पहले ही भारतीय टीम को बड़ा झटका लगा है। टीम के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना मुश्किल दिख रहा है। टीम के घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, चेन्नई पहुंचने के बाद से शुभमन को तेज बुखार है। उनके परीक्षण किए जा रहे हैं। शुक्रवार को उनके परीक्षण होंगे और शुरुआती मैच में उनकी भागीदारी पर फैसला किया जाएगा। सूत्र ने कहा कि पता चला है कि गिल का डेंगू के लिए परीक्षण किया जा रहा है और ऐसे में वह कुछ मैच नहीं खेल पाएंगे। डेंगू के मरीजों की शारीरिक रिकवरी अलग-अलग होती है और उन्हें ठीक होने और पूरी तरह तैयार होने में आम तौर पर लगभग 7-10 दिन लगते हैं।

## आवासीय इमारत में आग, 7 की मौत

**मुंबई,6 अक्टूबर।** मुंबई के गोरेगांव इलाके में आवासीय इमारत में आग लगने से 7 लोगों की मौत हो गई जबकि 46 लोग बुरी तरह घायल हो गए। नगर निकाय अधिकारियों ने बताया कि मुंबई के गोरेगांव इलाके में शुक्रवार तड़के एक आवासीय इमारत में आग लगने से दो नाबालिगों सहित छह लोगों की मौत हो गई और 40 घायल हो गए। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के एक अधिकारी ने कहा कि गोरेगांव पश्चिम के आजाद नगर इलाके में ग्राउंड-प्लस-सेवन संरचना, जय भवानी बिल्डिंग में सुबह करीब 3 बजे आग लग गई। अधिकारी ने कहा कि आग से प्रभावित निवासियों को जोगेश्वरी के एक ट्रॉमा सेंटर और जुहू के नगर निगम द्वारा संचालित कूपर अस्पताल ले जाया गया। इनमें से डॉक्टरों ने दो नाबालिग और इतनी ही महिलाओं समेत छह को मृत घोषित कर दिया। एक नागरिक अधिकारी ने कहा कि अन्य लोगों का इलाज दोनों सुविधाओं में किया जा रहा है। आग बुझाने में फायर ब्रिगेड को करीब चार घंटे लग गये. एक नागरिक अधिकारी ने कहा कि ऑपरेशन में आठ से अधिक दमकल गाड़ियों और अन्य अग्निशमन उपकरणों का इस्तेमाल किया गया।

## चुनाव से पहले मुफ़्त रेवड़ियों पर मप्र-राजस्थान को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

**नई दिल्ली,6 अक्टूबर।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मध्य प्रदेश और राजस्थान सरकारों को उस याचिका पर नोटिस जारी किया, जिसमें राजनीतिक दलों को करदाताओं के खर्च पर नकदी और अन्य मुफ्त चीजें बांटने से रोकने के लिए व्यापक दिशानिर्देश देने की मांग की गई है। कोर्ट ने उनसे चार हफ्ते में जवाब मांगा है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने याचिका पर केंद्र, चुनाव आयोग (ईसी) और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को नोटिस भी जारी किया, जिसमें यह भी आरोप लगाया गया कि करदाताओं का पैसा मतदाताओं को लुभाने के लिए मध्य प्रदेश (भाजपा शासित) और राजस्थान (कांग्रेस शासित) सरकारों द्वारा इसका दुरुपयोग किया गया।

पीठ ने नोटिस जारी किया और मामले को मुफ्त वस्तुओं पर पहले से लंबित मामले के साथ टैग कर दिया। सामाजिक कार्यकर्ता भट्टूलाल जैन द्वारा दायर याचिका में कहा गया है कि चुनाव के समय समेकित निधि या सार्वजनिक निधि का दुरुपयोग न करने के निर्देश जारी किए जाने चाहिए। इसमें यह भी आरोप लगाया गया कि चुनाव से पहले राजनीतिक दलों द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिए इस तरह के चुनाव पूर्व वादे और मुफ्त सुविधाएं करदाताओं के पैसे को बर्बाद कर रही हैं और रिश्वतखोरी और अनुचित प्रभाव के समान हैं। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि चुनाव से छह महीने पहले टैबलेट जैसी मुफ्त चीजें वितरित की जा रही थीं और राज्य सरकारें इसे सार्वजनिक हित बता रही थीं। उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य भारी कर्ज में हैं और मुफ्त चीजें नहीं बांटी जानी चाहिए। याचिकाकर्ता का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील ने कहा कि चुनाव से पहले सरकार द्वारा नकदी बांटने से ज्यादा क्रूर कुछ नहीं हो सकता। मामले पर संज्ञान लेते हुए सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि चुनाव से पहले हर तरह के वादे किए जाते हैं और हम इस पर नियंत्रण नहीं कर सकते। राजस्थान और मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव इस साल नवंबर-दिसंबर में होने की संभावना है।



एक नजर



## मारपीट,लूट के तीन आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई, 6 अक्टूबर।** भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र रास्ता रोककर मारपीट कर लूटपाट करने वाले तीन आरोपियों को चंद घंटे में सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपियों के कब्जे से लूट की सोने की चेन बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 341, 506, 394, 34 के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की है सुपेला टीआई दुर्गेश शर्मा ने बताया कि राम नगर निवासी इन्द्रपाल सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 4 अक्टूबर की रात 12 बजे सुपेला से अपने घर जा रहा था। जैसे ही वह स्पर्श अस्पताल सुपेला के पास पहुंचा था उसी दौरान आरोपी पृथ्वी, दयाल, शुभम एवं रोहित रास्ता रोककर धमकाते हुए पैसे की मांग करने लगे मना करने पर मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए गले में पहने सोने के चेन को लूट कर भाग गए थे। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सुपेला में मारपीट, लूट का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। इसके बाद सुपेला पुलिस तत्काल संदेहियों के पता तलाश में जुट गई तथा संदेही दयाल प्रकाश यादव उर्फ राजू (39 साल) निवासी आजाद मोहल्ला स्टील नगर केम्प - 1, शुभम गुप्ता उर्फ पेठा (23 साल) निवासी वार्ड 18 केम्प 1 शास्त्री चैक छावनी व पृथ्वी सिंह (27 साल) निवासी मराठी मोहल्ला सुभाष चौक वैशाली नगर को राम नगर मुक्तिधाम तालाब के पास से घेराबंदी कर पकड़ा गया आरोपियों से पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार करते हुए लूट की गई सोने की चेन को पुलिस ने जब्त किया आरोपी दयाल प्रकाश यादव उर्फ राजू हत्या के मामले में सजा काट रहा है वह पैरोल में बाहर आया था आरोपी के विरूद्ध पूर्व में भी कई मामले दर्ज हैं ।

## बाइक,आटो चोरी पर कार्रवाई नहीं

**उतई, 6 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ की भ्रष्ट कांग्रेस सरकार के संरक्षण में हुए पी.एस.सी. भर्ती घोटाले संहित हमारे उतई नगर के आम बाजार में पिछले कुछ समय से लगातार बाइक, ऑटो आदि की चोरियां हो रही हैं, किंतु फिर भी पुलिस विभाग के द्वारा उचित कार्यवाही नही किये जाने व स्थानीय निकाय (नगर पंचायत उतई कार्यालय) जिनके द्वारा वाहन पार्किंग शुल्क के नाम पर आम जन से लगातार अवैध वसूली किया जाता रहा है।और कईयों बार वाहन चोरी हो जाने के पश्चात् भी उनके द्वारा अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया गया गया, परिणाम स्वरूप सब्जी विक्रेताओं एवं आम जनमानस में भारी असंतोष व्याप्त है।इन चोरियों के बेहद गंभीर विषय पर किसी भी प्रकार की कोई उचित कार्यवाही नही किए जाने के विरोध में भारतीय जनता पार्टी उतई मंडल एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा उतई मंडल के द्वारा छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू का नगर के मुख्य चौराहा बाजार चौक उतई में पुतला दहन किया गया।

## भिलाई-चरौदा कमिश्नर ने बैठक लेकर कर्मचारियों से लिया फीडबैक



**भिलाई-चरौदा।** नगर पालिक निगम भिलाई 03 चरौदा कमिश्नर अजय त्रिपाठी द्वारा बृहस्पतिवार को निगम के राजस्व विभाग के कर्मचारियों को तलब किया। बैठक में एक-एक वार्ड की राजस्व वसूली के विषय पर विस्तार से जानकारी संबंधित सहायक राजस्व निरीक्षकों द्वारा कमिश्नर के समक्ष रखी गयी। यहाँ बता दें कि भिलाई चरौदा निगम के पूर्व संपत्ति कर अधिकारी की सेवानिवृत्त जून 2023 में होने के पश्चात् श्रीमती अरूणिमा दुबे सहायक राजस्व अधिकारी को यह प्रभार सौंपा गया । बैठक में श्रीमती अरूणिमा दुबे सहायक राजस्व अधिकारी समेत सभी वार्डो में संपत्तिकर वसूल करने वाले कर्मचारी उपस्थित रहे। निगम कमिश्नर अजय त्रिपाठी ने बैठक में उपस्थित समस्त राजस्व अमले को वास्तविक असेसमेंट कर करों का निर्धारण करने निर्देश प्रदान किये।

# महिला कांग्रेस की बैठक में 2023 में फिर से कांग्रेस की सरकार बनाने का संकल्प लिया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 6 अक्टूबर।** पंडरिया विधानसभा क्षेत्र की प्रथम महिला विधायक ममता चंद्राकर के कार्यालय में महिला कांग्रेस की बैठक हुई । पंडरिया विधान सभा (71) जिला कबीरधाम ( कवर्धा) छत्तीसगढ़ में हुई बैठक में मुख्य अतिथि राजनांदगाँव लोकसभा आँबजर्वर माननीय सुमन प्रजापति जी, लोकसभा प्रभारी कल्पना देशमुख, विधायक पंडरिया श्रीमती ममता चन्द्राकर ने छत्तीसगढ़ सरकार की जन कल्याणी कारी योजनाओं के दम पर 2023 में फिर से कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाने का संकल्प लिया । सभा को ममता चन्द्राकर ने सम्बोधित करते हुए कहा कि पिछले 5 सालों में कांग्रेस की सरकार ने सभी वर्गों के लिए काम किया व केंद्र की मोदी सरकार ने महंगाई बढ़ाकर आम आदमी की कमर तोड़ दी । दीदी ममता चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र के 36 में से 33 वादों को पूरा किया और इसके अलावा जो घोषणा पत्र में नही था उसे भी लागू किया । 2023 के चुनाव के लिए कांग्रेस का एक एक कार्यकर्ता तैयार है । दीदी ममता चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ का एक एक किसान मुख्यमंत्री भुपेश बघेल सरकार के भरोसे के साथ खड़ा हुआ है । क्योंकि ये सरकार किसानों की सरकार है । किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूती हुई । आने वाले समय में प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी का फैसला ऐतिहासिक है । इससे किसानों की आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी । दीदी ममता चंद्राकर ने पूर्व सांसद अभिषेक सिंह को 15 साल के भाजपा के कार्यकाल और 5 साल के कांग्रेस के कार्यकाल विकास कार्यों पर बहस करने की खुली चुनोती दी ।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ,महिला कांग्रेस कवर्धा जिला अध्यक्ष गंगोत्री योगी,कवर्धा ब्लाक महिला कांग्रेस अध्यक्ष निर्मल श्रीवास, पंडरिया ब्लाक महिला कांग्रेस अध्यक्ष शारदा सोनवानी, सहसपुर लोहारा ब्लाक महिला कांग्रेस अध्यक्ष सविता यादव, बोडला महिला कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष कृतिक कश्यप, जिला पंचायत सदस्य अन्नपूर्णा चन्द्राकर, जनपद सहसपुर लोहारा लिला वर्मा, क्रान्ति सेन्ड्रे, सरस्वती गोयल, लता सेन, सुनीता चतुर्वेदी, पदमा ध्रुव, राधा मेरावी, रानी पटेल, भनुमति साहू, पुष्पा साहू, पुष्पा भास्कर, मुस्कान देशलहरा, नारायणी टोन्डरे, नीक कुर्रे, अनिता कौशिक, अशोकी धुर्वे, नीरा बान्डे, चन्द्रकली, पुष्पा साहू और धनेश्वरी पटेल आदि सरपंच सहित सैकड़ों में महिला कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थिति थे।



## वनांचल में श्रमिक पंजीयन में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया

**कवर्धा।** शिविर वनांचल में लगा श्रमिक पंजीयन शिविर रेंगाखार कला सुदूर वनांचल छेत्र में श्रम विभाग एवम इंटक के संयुक्त तत्वाधान तथा कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर के निर्देश पर एक दिवसीय असंगठित, क्षेत्र मजदूर श्रमिक पंजीयन किया गया जिसमे लगभग 400 से अधिक पंजीयन किए गए इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष लखन सिंह ठाकुर , एएम ,एस नेताम जी दुर्गा धुर्वे, विष्णु धुर्वे,इंटक के पदाधिकारी ,महिलाएं उपस्थित थी । पंजीयन शिविर में बड़ी संख्या में खासकर महिलाओं ने सिलाई मशीन ,साइकिल,के लिए पंजीयन कराएं । लगभग 52 प्रकार के कार्यों का पंजीयन श्रम विभाग के द्वारा किया जाता है यह जानकारी डाटा एंट्री ऑपरेटर यादव जी के द्वारा दी गई ।

# राग-द्वेष के त्याग से ही सुख-शांति की प्राप्ति:इन्दुभवानन्द महाराज



**भिलाई, 6 अक्टूबर।** जगद्गुरु शंकराचार्य ज्योतिष्पीठाधीश्वर एवं द्वारका शारदा पीठाधीश्वर ब्रह्मलीन स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज के शिष्य डॉ. इन्दुभवानन्द महाराज ने गहोई वैश्य समाज के द्वारा एमपी हाल जुगवानी में आयोजित श्रीमद् भागवत की कथा का विस्तार करते हुए बताया कि राग द्वेष जहां भी रहते हैं व्यक्ति को दुख ही देते हैं। दूसरों के गुण दोषों का चिंतन करने से ही राग-द्वेष की उत्पत्ति होती है, इनका सर्वथा परित्याग करना चाहिए क्योंकि गुणों के चिंतन से राग उत्पन्न हो जाता है और दोषों के चिंतन से द्वेष, इन दोनों के चिंतन से संसार के लोग हमारे दुश्मन और दोस्त बन जाते हैं और हमारी शांति सर्वदा के लिए भंग हो जाती है। यदि आप शांति प्राप्त करना चाहते हैं तो राग-द्वेष द्वेष का सर्वथा परित्याग कर देना चाहिए, इनके परित्याग से ही हमारे हृदय में विराजमान ईश्वर का हमको दर्शन हो सकता है। आगे सुधी वक्ता ने कथा का विस्तार करते हुए बताया कि श्रीमद् भागवत ज्ञान भक्ति और वैराग्य का सम्मिलित रस है। श्रीमद् भागवत के श्रवण पठन करने से श्रोता और वक्ता कर्म करते हुए भी कर्तृत्व(कर्तापना)फल से मुक्त होकर नैष्कर्म्य को प्राप्त हो जाता है। श्रीमद्भागवत की यही विशेषता उसे अन्य पुराणों से श्रेष्ठ सिद्ध कर देती है इसलिए वेदव्यास जी महाराज ने श्रीमद् भागवत को पुराण तिलक कहा है।

# कबीरधाम के विरासत, इतिहास, स्मृतियों वाली पत्रिका का मंत्री अकबर ने किया विमोचन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 6 अक्टूबर।** यूनाइटेड न्यूज ऑफ़ एशिया द्वारा आज नगर के वीर सावरकर भवन में मोर मान मोर कबीरधाम, एक सम्मान कबीरधाम के स्वप्न दृष्टाओं का, कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया था। जिसमे कबीरधाम के विरासत इतिहास और स्मृतियों के लिए महानुभावों द्वारा किए गए कार्यो को लेकर एक सम्मान सभा का आयोजन किया गया था । जिसमे दिवंगत महानुभावों के परिवार जनों और उपस्थित महानुभावों साथ ही कबीरधाम जिले के मान बढ़ाने वाले लोगों को यूनाइटेड न्यूज़ ऑफ़ एशिया ने कबीरधाम गौरव की ख्याति से अलंकृत करते हुए सम्मानित किया । स्वागत, सम्मान के बाद यूनाइटेड न्यूज़ ऑफ़ एशिया के संपादक सौरभ संतोष नामदेव द्वारा कबीरधाम के इतिहास विरासत और स्मृतियों पर संकलित और लिखित लेखों पर मोर मान मोर कबीरधाम÷ पत्रिका का विमोचन मंत्री और विधायक मो. अकबर और मंच पर उपस्थित अतिथियों द्वारा किया गया। मंत्री और विधायक मो. अकबर द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सौरभ संतोष नामदेव को पूरे कार्यक्रम के सफल आयोजन की बधाई देते हुए, पत्रिका में लिखे गए लेखों में से सरोधा बांध जलाशय के निर्माण की स्मृतियों को याद करते हुए पूर्व विधायक दिवंगत जनाब हमीदुल्लाह खान साहब और दिवंगत जनाब अकबर दीवान साहब को स्मरण करते हुए भावुक होते हुए कहा की जैसे उनके द्वारा अतुलनीय कार्य को हम आज याद कर रहे है वैसे ही आपके द्वारा दिए गए प्यार सम्मान, निर्माण कार्यो जैसे सूतिया पाठ, जगमड़वा जलाशय के लिए भविष्य में उन्हें भी याद किया जाएगा । उन्होंने अपनी उपलब्धियों का पूरा श्रेय जनता का उन पर विश्वास को दिया है । यूनाइटेड न्यूज़ ऑफ़ एशिया द्वारा मंत्री और विधायक मो अकबर को कबीरधाम जिले और विशेषकर कवर्धा विधानसभा में किए गए गौरवशाली विकासकार्यो के लिए सर्वश्रेष्ठ विधायक अलंकार से सम्मानित किया गया । कार्यक्रम के समापन में सौरभ संतोष नामदेव द्वारा उद्बोधन में पूरे कार्यक्रम का श्रेय अपने पाठकों को देते हुए कार्यक्रम समाप्त किया गया साथ ही उपस्थित मंत्री महोदय, नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा और सम्मानित अतिथियों, जन प्रतिनिधियों, महानुभावों का हृदय से आभार व्यक्त किया है ।

# मंत्री गुरु रूद्र कुमार ने 10 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया



**जामुल, 6 अक्टूबर।** नथा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने पालिका परिवार के तरफ से केबिनेट मंत्री गुरु रूद्र कुमार का स्वागत करते हुए, अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में जामुल पालिका में हुए विकास कार्य एवं होने वाले विकास कार्यो के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि पूर्व मे सतनामी समाज मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य राशि 10 लाख एवं युवाओं के लिए जीम हेतु 10 लाख की मांग रखी। जिसको स्वीकार करते हुए तत्काल 20 लाख रुपये की घोषणा माननीय मंत्री गुरू रूद्र कुमार द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि के आसंदी से क्षेत्रीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री गुरु रुद्र कुमार ने अपने कार्यकाल में हुए विकास कार्यो के साथ जामुन पालिका के समग्र विकास कार्यो का निर्माण हेतु राशि 10 करोड रुपए के अधिक का सौगात नगर वासियों को समर्पित किया और कहा कि विकास कार्यों में हमारे हमारे द्वारा सबको साथ लेकर सभी क्षेत्रों में आम जनता के सुविधा हेतु कार्य किया गया है जो आप सभी के समक्ष हैं साथ ही जामुल पालिका के अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर द्वारा सतनामी समाज मंदिर जीर्णोधार एवं जामुल के युवाओं के लिए जिम की मांग रखी गई जिसके लिए मैं राशि 20 लख रुपए की घोषणा करता हूं कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन सीएमओ जेपी बंजारे ने किया भूमि पूजन कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में नपा उपाध्यक्ष सुनीता चन्नेवार, लोक निर्माण सभापति खम्हन ठाकुर, जामुल ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रकाश सिंह ठाकुर सहित पीआईसी प्रभारी कविता विश्वाल, अहिल्या वर्मा, चुम्मन वर्मा, शांति टंडन, सीमा यादव, पार्षद गण सबीहा करीम ख़ान, रेखराम बंछोर, सरोजनी चंद्राकर, दीपक गुप्ता, संजय देशलहरे, अश्वनी साहू, निशा चन्नेवार, रामप्यारी वर्मा, राम दुलार साहू, के राजू, दुर्गा वैष्णव, तिलेश्वर देवांगन, एल्डरमेन मन्नू लाल यादव, डॉ अशोक वर्मा, हेमशंकर शर्मा, जीवन चंदेल, द्रोपती साहू विधायक प्रतिनिधि भगत सिंह, सहायक अभियंता चंद्रभान परगनिहा, उप अभियंता कृष्ण नारायण ताम्रकार, मुख्य सचिव पुनीत वर्मा, कर्मचारी संघ अध्यक्ष नीलकंठ वर्मा, सहित कर्मचारी अधिकारी गण एवं आम जनता भारी संख्या में उपस्थित थे।

## उच्च पेंशन योजना की सभी प्रक्रिया पूर्ण, कोई प्रकरण लंबित नहीं: बीएसपी

**भिलाई, 6 अक्टूबर।** भिलाई इस्पात संयंत्र को उच्च पेंशन के लिए लगभग 18000 आवेदन प्राप्त हुए और इन्हें कार्मिक विभाग और सी एंड आईटी विभाग की मदद से सीपीएफ अनुभाग द्वारा समय सीमा के भीतर समय पर प्रोसेस किया गया। सभी मुद्दों को ईपीएफओ के साथ हल किया गया है, सिस्टम में मासिक वेतन डेटा अपलोड किया गया है और उन्हें अनुमोदित किया गया है। आज की तारीख तक अब बीएसपी की ओर से कोई भी मामला अनुमोदन के लिए लंबित

# विधायक देवेंद्र ने दी क्रिकेटप्रेमियों को एक और बड़ी सौगात



भिलाई, 6 अक्टूबर। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव लगातार शहर में कई विकास कार्य करवा रहे हैं। मूलभूत जरूरी सुविधाएं सड़क,नाली, पानी, गार्डन के अलावा शिक्षा और खेल को बढ़ावा देने के लिए भी लाखों रुपए के विकास कार्य करवाएं हैं। क्रिकेट स्टेडियम, फुटबॉल ग्राउंड, वॉलीबॉल ग्राउंड बना रहे हैं। इसी कड़ी में भिलाई के क्रिकेट प्रेमियों और भावी खिलाड़ियों को विधायक यादव ने बड़ी सौगात दी। सेक्टर 10 में एक्सट्रोटर्फ युक्त क्रिकेट बॉक्स बनवाया गया है। जिसका आज विधायक ने लोकार्पण किया और खेल प्रेमियों को इसे सौंपा। यहां भावी खिलाड़ी अपने खेल का नेट प्रैक्टिस कर सकते हैं। जहां विधायक यादव ने लोकार्पण करने के साथ खुद भी अपने खेल प्रतिभा की प्रैक्टिस किए और बल्ला घुमाकर दो तीन बॉल पर चौका-छक्का आजमाए। इस दौरान विधायक यादव ने कहा कि बहुत ही सुंदर और सर्व सुविधा युक्त खेल मैदान बना है। यहां खेलने आने वाले खिलाड़ियों को निश्चित ही इसका लाभ मिलेगा। भिलाई एजुकेशन हब केसाथ ही स्पोर्टस हब भी है। यहां के खिलाड़ी देश दुनिया में अपनी खेल प्रतिभा से भिलाई और प्रदेश का नाम रौशन कर चुके हैं। उन्ही की उज्जवल भविष्य की कामनाओं के साथ ही इसका लोकार्पण किया गया है।भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव की पहल से 45 लाख रुपए की लागत से सेक्टर 10 वार्ड 65 सड़क 4 और 5 के बीच में शांति बेकरी के सामने बनाया जा रहा है। इसका निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। लगभग आधे से ज्यादा काम हो भी गया है और बचा हुआ काम इस माह के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। यह एक मिनी स्टेडियम की तरह ही होगा। जहां एस्ट्रोटर्फ होगा, चारों ओर नेट लगा होगा। यह क्रिकेट खिलाड़ी के प्रैक्टिस करने का प्रमुख जगह होगा।

## पूर्व सांसद प्रत्याशी अजय पाली ने देश में शराबबंदी की मांग की



**कवर्धा, 6 अक्टूबर।** पूर्व सांसद प्रत्याशी ने शराब को परिवार के लिए खतरा बताते हुए कहा की शराब पीकर युवाओं और परिवार का भविष्य खराब होती है इसलिए भारत देश में शराब बंदी हो जिसके लिए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है । अजय पाली ने चुनाव लडने के सवाल पर बताया की आने वाले विधान सभा चुनाव में विधायक का चुनाव लड़ूंगा और मुख्य मुद्दा होगा शराब बंदी ।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता सूची की अंतिम प्रकाशन की जानकारी दी



**कवर्धा,6 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 आर्हता तिथि 01 अक्टूबर 2023 की स्थिति में आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए आज 04 अक्टूबर को कबीरधाम जिले के विधानसभा 71 पंडरिया और 72 कवर्धा के लिए मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया है। कलेक्टर ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक और जिले के मीडिया साथियों के साथ प्रेसवार्ता लेकर अंतिम प्रकाशन की विधानसभावार विस्तृत जानकारी दी। साथ ही आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देश तथा निर्वाचन के संबंध में विस्तृत जानकारियों को साझा किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन रजिष्ट्रीकरण अधिकारी श्री पीसी कोरी, श्री उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋतुराज बिसेन सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी महोबे ने बैठक में बताया कि द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 आर्हता तिथि 01 अक्टूबर 2023 के संबंध में मतदाता सूची का प्रारूप 16 में अंतिम प्रकाशन आज मतदान केन्द्रों सहित सभी निर्धारित स्थानों पर किया गया। उन्होंने बताया कि जिले में 803 मतदान केन्द्र हैं और कुल 6 लाख 47 हजार 549 मतदाता हैं। इसमें 3 लाख 22 हजार 336 पुरूष मतदाता, 3 लाख 25 हजार 210 महिला मतदाता और 03 थर्ड जेंडर मतदाता है। इसमें 5 हजार 543 दिव्यांग मतदाता, 30 हजार 390 18 से 19 वर्ग के युवा मतदाता और 80 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिक की संख्या 5 हजार 576 है। जिले में जेंडर रेसियों 1008.92 है। कलेक्टर ने बताया कि विधानसभा 71 पंडरिया में 393 मतदान केन्द्र में 01 लाख 57 हजार 649 पुरूष मतदाता, 01 लाख 58 हजार 493 महिला मतदाता और थर्ड जेंडर शून्य है। इस प्रकार कुल 03 लाख 16 हजार 142 मतदाता हैं। इसमें 3 हजार 102 दिव्यांग मतदाता, 14 हजार 588 18 से 19 वर्ग के युवा मतदाता और 80 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिक की संख्या 3223 है। जेंडर रेसियों 1005.35 है। इसी प्रकार विधानसभा 72 कवर्धा में 410 मतदान केन्द्र में 01 लाख 74 हजार 687 पुरूष मतदाता, 01 लाख 66 हजार 717 महिला मतदाता और थर्ड जेंडर 03 है। इस प्रकार कुल 03 लाख 31 हजार 407 मतदाता हैं। इसमें 2 हजार 441 दिव्यांग मतदाता, 15 हजार 802 18 से 19 वर्ग के युवा मतदाता और 80 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिक की संख्या 2 हजार 353 है। जेंडर रेसियों 1012.33 है।

### मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन में 31 हजार 637 मतदाताओं की संख्या में वृद्धि

कलेक्टर श्री महोबे ने बताया कि मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन में कुल 31 हजार 637 मतदाताओं की संख्या में वृद्धि हुई है। इसमें 12 हजार 172 पुरूष, 19 हजार 466 महिला मतदाता की संख्या में वृद्धि हुई है और 01 थर्ड जेंडर की कमी हुई है। इसमें 30 दिव्यांग मतदाता की कमी हुई है। 18 से 19 वर्ग के युवा मतदाता की संख्या में 14 हजार 300 की वृद्धि हुई है और 80 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिक की संख्या 702 मतदाता कम हुआ है। इस प्रकार कुल जेंडर रेसियों में 23.17 की वृद्धि हुई है। विधानसभा 71 पंडरिया में कुल 16 हजार 545 मतदाताओं की संख्या में वृद्धि हुई है। इसमें 5 हजार 750 पुरूष मतदाता और 10 हजार 795 महिला मतदाताओं की संख्या में वृद्धि हुई है। इस विधानसभा क्षेत्र में 16 दिव्यांग मतदाताओं की कमी हुई है। 18 से 19 वर्ग के युवा मतदाता की संख्या में 07 हजार 427 की वृद्धि हुई है और 80 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिक की संख्या 414 मतदाताओं की संख्या में कमी हुई है। इस प्रकार कुल जेंडर रेसियों में 33.01 की वृद्धि हुई है। विधानसभा 72 कवर्धा में कुल 15 हजार 92 मतदाताओं की संख्या में वृद्धि हुई है। इसमें 6 हजार 422 पुरूष मतदाता और 8 हजार 671 महिला मतदाताओं की संख्या में वृद्धि हुई है और थर्ड जेंडर में 01 मतदाता की कमी हुई है। इस विधानसभा क्षेत्र में 14 दिव्यांग मतदाताओं की कमी हुई है। 18 से 19 वर्ग के युवा मतदाता की संख्या में 06 हजार 873 की वृद्धि हुई है और 80 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिक की संख्या 288 मतदाताओं की संख्या में कमी हुई है। इस प्रकार कुल जेंडर रेसियों में 13.71 की वृद्धि हुई है। कलेक्टर श महोबे ने मतदान केन्द्र के संबंध में बताया कि विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71 पंडरिया में कुल 393 में कुल 393 मतदान केन्द्र एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72 कवर्धा में कुल 410 मतदान केन्द्र है। आयोग के निर्देशानुसार 1500 मतदाता पर एक मतदान केन्द्र निर्धारित है। अंतिम प्रकाशन उपरांत विधानसभा क्षेत्र 72 कवर्धा के मतदान केन्द्र क. 243. मतदान केन्द्र का नाम शा.नवीन प्राथ.शा भवन रामनगर कवर्धा में कुल मतदाता की संख्या 1606 हो गई है।

## सतनामी समाज ने खोला भूपेश सरकार के खिलाफ मोर्चा



**पाटन,6 अक्टूबर।** सतनामी समाज तहसील पाटन के तत्वाधान में बृहस्पतिवार को जनपद कार्यालय पाटन के सामने विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। जिससे पाटन विधान सभा के सभी सतनामी समाज के गांवों से सामाजिक गण हजारों के संख्या में सम्मिलित हुए। सतनामी समाज के पदाधिकारियों ने भूपेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए अपने प्रदेश स्तरीय 14 सूत्री मांगे और कुछ स्थानीय मुद्दों को लेकर धरना प्रदर्शन कर देश के राष्ट्रपति,प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नाम ज्ञापन तहसीलदार पाटन प्रकाश सोनी को सौंपा गय। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से समाजसेवी राजेंद्र बघेल खेम लाल देशलहरे उत्तरा सोनवानी राजकुमार बघेल भोलेश्वर चंदनिहा मणि राम रामा कुर्रे दानेश मारकंडे भूपेंद्र बघेल जोहर डाहरे दिनेश कोसरे घनश्याम कुर्रे रूही सरपंच भारती जांगड़े के साथ सैकड़ों की संख्या में महिलाएं भी शामिल थे। कार्यक्रम को बहुजन समाज पार्टी के जिला प्रभारी दीपक चंद्राकर आम आदमी पार्टी के अजय चंद्राकर जोगी कांग्रेस के संजू घृतलहरे छत्तीसगढ़ क्रांति सेना राष्ट्रीय जनसभा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लखमू टंडन आदि ने अपना समर्थन दिया सभा को शीतकरण महिलवार अश्विनी नारंग तुषार टंडन थानेश्वर मारकंडे लक्ष्मी मार्कण्डेय दिनेश देशलहरे राम प्रसाद कोशले मनोज भारती ऋषि टंडन भीम रेजीमेंट के दिनेश चतुर्वेदी हेमंत सांग आदि ने सभा को सम्बोधित किया। पद्मश्री उषा बारले भी उपस्थित होकर समर्थन दी। समाज के वक्ताओं ने नाराजगी व्यक्त करते हुए पाटन से भूपेश बघेल को वोट नहीं करने की बात करते रहे वही पाटन से तीसरे बघेल के विकल्प के रूप में पूरे समय समाजसेवी राजेंद्र बघेल की चर्चा होती रही। मंच संचालन कौशल रात्रे ने की।

एक नजर

## सांकरदाहरा मे गांजा बेचते एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**राजनांदगांव ,6 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़)।**थाना डोंगरगांव -वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री अभिषेक मीना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक,आईयुसीएडब्ल्यु राज0, श्रीमती नेहा वर्मा, के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी डोंगरगांव निरी0 उपेन्द्र कुमार शाह के




नेतृत्व मिले मुखबीर सुचना कि ग्राम पांगरीकला, सांकरदाहरा मे आरोपी के द्वारा अपने प्रसाद के दुकान मे अवैध रूप से गांजा मादक पदार्थ रखकर बिक्री करने की सुचना मिलने पर थाना डोंगरगांव मे पुलिस टीम गठित कर मौके पर पहुंच कर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया , आरोपी को सांकरदाहरा मे रंगे हाथ गांजा बेचते हुये पकड़ा गया , आरोपी के पास से 2 किला 100 ग्राम गांजा कीमती 20,000/-रूपये को जप्त कर आरोपी सुशील कुमार साहू पिता , रामदास साहू, उम्र- 43 साल, पता- ग्राम पांगरीकला,थाना डोंगरगांव ,जिला राजनांदगांव,छ0ग0 के खिलाफ अपराध धारा- 20(ख) एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिर0 कर उनके परिजन को गिर0 की सुचना देकर ज्युडिशियल रिमांड पर पेश किया है । उक्त कार्यवाही मे थाना डोंगरगांव पुलिस स्टाफ का विशेष योगदान रहा है ।

## वर्षो से किराये में निवासरत परिवारों का स्वयं के आवास का सपना हुआ साकार


**राजनांदगांव ,6 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** देश के प्रत्येक परिवार के सर पर पक्की छत हो इस सोच को सकार करने के लिये प्रधानमंत्री आवास योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है, क्रियान्वयन की इस कडी में छत्तीसगढ शासन की संवेदनशील पहल मोर मकान मोर आस योजना के तहत आम आदमी के आवास का सपना सकार करने किरायेदारों के रूप में निकाय क्षेत्र के परिवारों को उनका स्वयं का अपना आवास मात्र लागत मूल्य पर उपलब्ध कराया जा रहा है। योजना के क्रियान्वयन एवं जनमानस को योजना का लाभ देने नगर निगम द्वारा प्रक्रिया कर आवेदन आमंत्रित किया गया। प्राप्त आवेदनों में पात्र



हितग्राहियों को निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर आज दिनांक 5 अक्टूबर 2023 को नगर निगम सभागृह में डिप्टी कलेक्टर श्री गौतम पाटिल, उपायुक्त श्री मोबिन अली, कार्यपालन अभियंता व योजना के नोडल अधिकारी श्री यू.के.रामटेके की उपस्थिति में लाटरी के माध्यम से 14 पात्र हिग्राहियों को आवास का आबंटन किया गया। पूर्व में 76 पात्र हितग्राहियों को आवास आबंटन कर योजना का लाभ दिया गया है। नोडल अधिकारी श्री रामटेके ने बताया कि उक्त योजना के तहत 697 आवेदन प्राप्त हुये थे, प्राप्त आवेदन में से पात्र 401 आवेदकों की सूची जारी की गयी थी। जिनमें राशि जमा उपरांत पूर्व में 76 पात्र हितग्राहियों को आवास आबंटित किया गया था, और आज 14 हितग्राहियों को लाटरी के माध्यम से आवास आबंटन किया जा रहा है।

## शहर के डीजे संचालक पर राजनंदगांव पुलिस की कार्रवाई

**राजनांदगांव,6 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक मीना के मार्गदर्शन में असमाजिक तत्वों के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिस तारतम्य में शहर में डी0जे0 संचालक के खिलाफ कोलाहल अधिनियम के तहत् कार्यवाही किया गया है। ज्ञात हो कि राजनांदगांव शहर में दिनांक 04.10.2023 को भदोरिया चौक के पास देर रात डी0जे0 साउण्ड सिस्टम बहुत अत्यधिक आवाज में बजा रहा है



जिससे कालोनी वासियो एव छात्रों को परेशानी हो रही है कि सूचना प्राप्त हुआ , जिस पर थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में टीम सूचना तस्दीक हेतु मौके पर रवाना किया गया। टीम द्वारा मौके पर पहुँच कर, प्राप्त सूचना अनुसार भदोरिया चौक साउण्ड सिस्टम बजाने वाले मुख्य व्यक्ति से पुछताछ करने पर अपना नाम- विजय साहू पिता विष्णु साहू उम्र 27 वर्ष बसंतपुर राजनंदगांव का रहने वाला बताया। जिनके द्वारा माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशों का अवहेलना करते हुये देर रात्रि में अत्यधिक साउंड सिस्टम डी0जे0 बजाते पाये जाने पर, डी0जे0 संचालक से (साउण्ड सिस्टम) 01 नग एम्लीफायर, 04 नग साउण्ड सिस्टम बॉक्स को जप्त कर, आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 773/23 धारा 291 भादवि0, 4,5,15 छ0ग0 कोलाहल अधिनियम के तहत् अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

# हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हमारा गौरव : मुख्यमंत्री बघेल

**रायपुर ,6 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हमारे गौरव हैं। मातृभूमि की रक्षा के लिए, आम जनता की भलाई के लिए उन्होंने अपने प्राणों की परवाह नहीं की। पद्मश्री स्वर्गीय डॉ. महादेव प्रसाद पांडेय ने तो 13 साल की छोटी सी आयु में स्वाधीनता संघर्ष में हिस्सा लिया, वहीं समाजसेवी स्वर्गीय श्री नारायण प्रसाद अवस्थी ने आयुर्वेद की शिक्षा के विकास के लिए अपनी मालगुजारी के पांच गांव त्याग दिये। ये हमारे पुरखे दधीचि की तरह हैं जिन्होंने अपना सब कुछ लूटाकर, दान कर देश को समर्पित कर दिया। यह बात मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने शासकीय स्वर्गीय नारायण प्रसाद अवस्थी आयुर्वेदिक महाविद्यालय में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और पद्मश्री डॉ. महादेव प्रसाद पांडेय और समाजसेवी स्वर्गीय श्री नारायण प्रसाद अवस्थी के प्रतिमा अनावरण के अवसर पर कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवादा मेरे पैतृक गांव से करीब ही है और इस गांव में एक साथ 13 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने गिरफ्तारी दी थी। उस समय डा. पांडेय नाबालिग थे और पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने को लेकर दुविधा में थी क्योंकि कम आयु के होने के बावजूद वे अंग्रेजों का प्रखर प्रतिरोध कर रहे थे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं साइंस कालेज में पढ़ता था और बगल के ही आयुर्वेदिक कालेज में स्वर्गीय श्री नारायण प्रसाद अवस्थी की दानशीलता की कहानियां सुनने में आती थीं। उन्होंने अपनी मालगुजारी के पांच गांव दान में दे दिये। उन्होंने दानशीलता की अद्भुत मिसाल प्रस्तुत की। उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य की बढ़ोत्तरी के लिए और आयुर्वेद की उन्नति के लिए यह कार्य किया। शिक्षा के प्रसार के लिए किया गया कोई भी कार्य बहुत सार्थक होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे शास्त्रों में कहा गया है कि धन संग्रह तभी सार्थक है जब इसका उपयोग विद्या के प्रसार में किया जाए। आज हम इस महाविद्यालय प्रांगण में हैं और आयुर्वेद को बढ़ावा देने का इतना सुंदर कार्यक्रम यहां हो रहा है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने डॉ. पांडेय एवं श्री अवस्थी के परिजनों से भेंट भी की। साथ ही उन्होंने राजीव गांधी आश्रय योजना के हितग्राहियों को पट्टा वितरण भी किया। इस मौके पर संसदीय सचिव श्री विकास उपाध्याय ने भी अपना उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि आयुर्वेदिक कालेज के माध्यम से हर दिन सैकड़ों लोगों का इलाज हो रहा है और वे स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। डॉ. पांडेय यहां के प्राचार्य रहे और श्री अवस्थी ने इसके लिए भूमि दान की। आज उनकी दानशीलता का लाभ सभी को मिल रहा है। हम उन्हें नमन करते हैं। कार्यक्रम को पूर्व विधायक श्री वीरेंद्र पांडेय ने भी संबोधित किया।

इस मौके पर विधायक श्री सत्यनारायण शर्मा, रायपुर महापौर श्री एजाज ढेबर, राज्य गौसेवा आयोग के अध्यक्ष राजेश्री महंत डॉ. रामसुंदर दास, नगर निगम सभापति श्री प्रमोद दुबे, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे, नगर निगम आयुक्त श्री मयंक चतुर्वेदी, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जीआर चतुर्वेदी, डॉ. संजय शुक्ला तथा अन्य जनप्रतिनिधि तथा अधिकारीगण मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संजय शुक्ला ने किया।

# चार दिनों से मानपुर बंद व चक्काजाम, इधर चौकी बंद

- इधर मोहला ब्लाक में कोंडे के ग्रामीणों का चक्काजाम
- चौकी और मानपुरवसियों ने कहा जिले से नाम विलोपित करे
- मानपुर आवागमन व व्यापार ठप्प,इधर चौकी व्यापारी संघ ने नगर बन्द कर विरोध जताया

**मोहला ,6 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**


मानपुर

चार दिनों से मानपुर अपनी मांगों को लेकर बंद है,चक्काजाम कर नेशनल हाईवे व स्टेट हाइवे ब्लाक कर अपनी मांगों पर अड़े है । जिला मोहला मानपुर चौकी में विरोध के सुर नज़र आ रहे है, मंगलवार से मानपुरवासियो ने जिला अस्पताल, परिवहन विभाग, महिला बाल विकास विभाग और रोजगार कार्यालय की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे है । मानपुर क्षेत्र में रोजाना अलग अलग गांव से ग्रामीण आकर समर्थन दे रहे है,मानपुर बंद में शामिल औंधी, सरखेड़ा, सीतागांव, कोराचा, और क्षेत्र के ग्रामीणों ने समर्थन देकर विरोध प्रदर्शन किया है ।

**प्रदर्शनकरियो ने मानपुर तहसील कार्यालय में जड़ा ताला-** चक्काजाम व आंदोलन के तीसरे दिन आंदोलनकारियों ने हजारों की संख्या में जाकर तहसील कार्यालय में ताला जड़ दिया, वही जिले के कलेक्टर को बुलाने जिद पर अड़े रहे, जिला प्रशासन की तरफ से अपर कलेक्टर आंदोलनकरियो से मिलने पहुँचे लेकिन बात नही बन पाई और ताला खोलकर धरनास्थल पर जा बैठे।

**क्षेत्रीय विधायक से भी नही बनी बात-**जिला कार्यालय की मांग कर रहे आंदोलनकारियों से मिलने रात में क्षेत्र के विधायक इन्द्रशाह मंडावी मानपुर पहुँचे और आन्दोलनकारीयो से रूबरू होकर मांगो पर चर्चा की गई, आंदोलनकारियों से कार्यालय पर चर्चा की गई,एक घंटे तक चली इस चर्चा में क्षेत्रीय विधायक ने आंदोलनकारियों को आस्वस्थ किया और मुख्यमंत्री से जल्द मुलाकात कर मांगों पर चर्चा करने की बात कही ।

**दलगत राजनीति से उठकर दिखाई एकजुटता-**मानपुरवासियों चक्काजाम व प्रदर्शन में मानपुर क्षेत्रवासियों ने दलगत राजनीति से उठकर इस आंदोलन में शामिल हुए मानपुर क्षेत्र के तमाम पार्टियों से जुड़े नेताओ ने भी इस आंदोलन में हिस्सा लेकर अपनी मांगों पर आवाज बुलंद की । मानपुर क्षेत्र में जिला कार्यालय न मिलने आए पूरे क्षेत्रवासियों में आक्रोश देखा गया ।

**इधर मोहला ब्लाक के कोंडे के ग्रामीणों ने चक्काजाम-** जिले में लगातार ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है मोहला ब्लाक के ग्राम कोंडे के ग्रामीणों ने सडक़ की मांगों को लेकर दीघवाड़ी आकर चक्काजाम कर दिया है, अपनी समस्याओं को लेकर कोंडे के ग्रामीण दीघवाड़ी पहुँचकर सड़क की मांगों को लेकर सड़क पर उतर गए है । आक्रोशित ग्रामीण दीघवाड़ी में कब तक चक्काजाम करते है यह कहना मुश्किल है , क्या प्रशासन उन्हें मना पाएगी या मानपुर जैसा प्रदर्शन जारी रहेगा ।

**अम्बागढ़ चौकी में व्यापारी संघ ने किया नगर बंद-**अम्बागढ़ चौकी में भी आक्रोश देखा जा रहा है, शुक्रवार सुबह से ही नगर बन्द कर विरोध जताया जा रहा है,अम्बागढ़ चौकी व्यापारी संघ के अध्यक्ष संजय लाटा ने बताया कि जिला मुख्यालय की मांगों लेकर नगर बंद किया गया है, अम्बागढ़ चौकी में जिला मुख्यालय की मांग पर नगर बंद किया गया है अगर जिला मुख्यालय नही मिलता तो अम्बागढ़ चौकी का नाम मोहला मानपुर चौकी जिले से विलोपित कर राजनांदगांव में शामिल किया जाए, फिलहाल समाचार लिखे जाने तक व्यापारी संघ की मीटिंग नही हो पाई है,मीटिंग के बाद आगे की रणनीति तैयार की जाएगी ।


चौकी


मोहला ब्लाक का दीघवाड़ी

# श्रमिकों को पांच रुपये में मिलेगा पेटभर भोजन : चंद्राकर

## शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा की विशेष पहल

**राजनांदगांव,6 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

लोकप्रिय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार की जनहितकारी योजनाओं के तहत भोथीपार स्थित राजाराम कारखाना में 05 अक्टूबर गुरूवार को शहीद वीर नारायण श्रम अन्न योजना के तहत मजदूरों को पांच रूपये में पेटभर भोजन की शुभारंभ शुभारंभ मुख्य अतिथि रोहित चंदाकर उपाध्यक्ष जनपद पंचायत ने किया गया।

जानकारी देते हुए राष्ट्रीय ग्लुकोज़ स्टार्च केमिकल मजदूर संघ के अध्यक्ष योगेंद्र दास वैष्णव ने बताया कि विगत दिनों राजनांदगांव प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ शासन के केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त श्रम कल्याण मंडल सफी अहमद राजनांदगांव प्रवास के दौरान के दौरान शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा की विशेष पहल पर श्रम कल्याण मंडल सफी अहमद की घोषणा के अनुसार 5 अक्टूबर गुरूवार को भोथीपार स्थित राजाराम कारखाना में शहीद वीर नारायण श्रम अन्न योजना का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि की आसंदी से समारोह को



संबोधित करते हुए रोहित चंदाकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार गरीबों व किसानों की सरकार है। गरीबों व किसानों के उत्थान व विकास के लिए तत्परता के साथ कार्य कर रही है। प्रदेश का कोई भी गरीब भूखा न रहे इसलिए राज्य सरकार द्वारा हर बीपीएल राशन कार्डधारियों को निःशुल्क चावल दे रहे है। इसी तरह श्रम कल्याण मंडल के तहत कई जनहितकारी योजनाएं चलाकर मजदूरों को लाभ दिला रही है। वहीं छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य पर फोकस कर लोगों को निःशुल्क इलाज के साथ-साथ दवाईयां फ्री में दे रहे है।

राष्ट्रीय ग्लुकोज़ स्टार्च केमिकल मजदूर संघ के अध्यक्ष योगेन्द्र दास वैष्णव ने कहा कि प्रदेश मुख्यमंत्री भूपेश बघेल श्रम, श्रम मंत्री शिव डहरिया, सफी अहमद, सुनील सन्नी अग्रवाल के प्रति आभार व्यक्त किया तथा कारखाना मालिक सूर्यकांत गुप्ता, प्रंबधक मनोज चौबे धन्यवाद दिया।

समारोह में अन्य अतिथियों ने अपना उद्बोधन दिया जिसमें प्रमुख रूप से जनपद सदस्य रोशनी वैष्णव, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष राजू खान, धामनसरा सरपंच लोकेश गंगवीर, दिल्लू साहू सरपंच ढोडिया, दिव्या केशव हिरवानी, सरपंच भोथीपार खुर्द महेश दिवाकर सुरक्षा अधिकारी, बिसन सिंह, तेजराम पटेल मौजूद रहे।

# उच्चस्तर पर गोवंश की तस्करी कर भेज रहे हैं कत्लखाना

## प्रशासन बना मूकदर्शक, गौसेवकों की चुप्पी पर उठ रहे हैं सवाल

**नगरी,6 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ - राजनीति में संलग्न कुछ रसूख दार व्यक्तियों के द्वारा खुले आम उच्च स्तर पर गौवंश की तस्करी किया जा रहा है, गौ सेवकों की अनदेखी और जिला प्रशासन की मौन स्वीकृति से यह अवैध काला कारोबार धड़ल्ले से जारी है, जबकि स्थानीय प्रशासन ने भी माना है कि यह मवेशी बाजार नियम विरुद्ध है, इसके बावजूद मवेशी बाजार में संलग्न व्यक्तियों पर कोई कार्यवाही नहीं होना कई सवालों को जन्म दे रहा है,

उल्लेखनीय है कि धमतरी जिले के नगरी ब्लाक के अंतिम छोर पर बसा ग्राम पंचायत घुरावड में अवैधानिक रूप से मवेशी बाजार चलाया जा रहा है, बाजार में नकारा हो चुके बूढ़े और बीमारी से ग्रस्त पशुओं की खरीद फरोख्त होती है। आपको बता दें कि उड़ीसा बार्डर से लगा हुआ घुरावड़ के इस मवेशी बाजार में ऐसे गाय और बैल की खरीदी बिक्री होती है जो किसी भी कार्य में असमर्थ और बूढ़े हो चुके है,ऐसे पशुओं की खरीदी बिक्री खुले आम हो रही है, विश्वस्थ सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक खरीदे गए गोवंश को उड़ीसा के कत्लखाना में ले जाकर कर काफी महंगे दामों में बेचा जाता है। इससे साफ जाहिर होता है कि बैल बाजार की आड़ में क़त्ल खाना ले जाने के लिए उच्च स्तर पर तस्करी किया जा रहा है,लोगों की मानें तो बाजार पर 8 से 9 पिकअप वाहन में ठूंस ठूंस कर जानवरों को बेरहमी पूर्वक भरकर लाते हैं जिसमें कुछ जानवर तो अपने पैरों से चलने के लायक भी नहीं रहते हैं जिनकी भी बिक्री इस बाजार में हो जाती है, चलने में असमर्थ मवेशी अगर नहीं बिकता है,ऐसे गौवंश को वहीं पर छोड़ देते हैं कुछ दिनों के बाद भूख प्यास में तड़प तड़प कर उनकी मृत्यु हो जाती है । जागरुक लोगों ने सवाल उठाया है कि आखिर उड़ीसा बॉर्डर से लगे हुए गांव में ही बैल बाजार लगाने की क्या मंशा है ? कहीं ठेकेदार को फायदा पहुंचाना तो नहीं है? बड़ी तादाद में गोवंश को आखिर कौन खरीदता है ? जब बाजार में घूम कर देखा गया तो बिकने आए ऐसे दर्जनों जानवर को कैमरे में कैद किया गया है,जिनके शरीर में पूरी हड्डी दिखाई दे रहा है उसके बाद भी ऐसे जानवरों की भी हाथों हाथ बिक्री हो जाती है,ऐसे जानवरों को दलाल सस्ते दामों में खरीद कर उड़ीसा ले जाते हैं और कत्लखाना में काफी महंगे दामों पर बेच देता है



**गौवंश सुरक्षा कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही है-**एक तरफ सरकार गोवंश को बचाने के लिए प्रदेश भर में गौठान बना कर लाखों करोड़ों खर्च कर रही है वही सरकार ने गौ हत्या रोकने कड़े नियम भी बनाए हैं, जो कागजों में सिमट कर रह गई है इस संबंध में कुछ लोगों से चर्चा करने पर कहा कि प्रशासन को संज्ञान में लेकर ऐसे बाजारों को बंद करना चाहिए जिसमें गौ हत्या के लिए खुले रूप से बाजार से जानवर लेकर जाते हैं पहले भी पशुओं की बजार लगती थी जहां जरूरत के जानवर आते थे और क्षेत्रीय लोग पशुपालन करने खरीद के घर ले जाते थे, लेकिन आज बाजार में सिर्फ गौ तस्कर ही नजर आते हैं

## भवन निर्माण पर रोक लगाने की मांग को लेकर वार्डवासियों ने किया नपा का घेराव

**डोंगरगढ़ ,6 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** नगर के वार्ड नं 2 के बौद्ध समाज के लोगों ने गुरुवार को सैकड़ो की संख्या में नगर पालिका परिषद कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी से मिल वार्ड में हो रहे देवार समाज के भवन निर्माण कार्य को रोक लगाने की मांग को लेकर ज्ञापन सोपा है ज्ञापन में बताया कि हम दंतेश्वरी पारा वार्ड नं. 02 के बाजु मे स्थित देव नगर मे रहने वाले देवार समाज को शासन के द्वारा भवन निर्माण के लिये 15 लाख की



स्वीकृति प्रदान की गई है. एवं उस स्वीकृत किए गए स्थान पर वर्तमान में निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है चुंकि जिस जगह पर भवन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है वह जगह वार्ड के लोगो के आवाजाही का मुख्य रास्ता है उसी रास्ते से वार्डवासी रेलवे स्टेशन, बुधवारी बाजार व स्कूल सहित अन्य जरूरी कार्यो से आना जाना करते है ।भवन बनने से भविष्य मे वार्ड के लोगो को आने जाने के लिये बड़ी समस्या का सामना करना पड़ सकता है उक्त भवन निर्माण कार्य को तत्काल रोक लगाया जाए । इस अवसर पर वार्ड के युवा बौद्ध समिति अध्यक्ष दुर्गेश सहारे प्रमोद सहारे सिद्धार्थ मेश्राम अरविंद जमुरकर सूरज कामडे रमेश साखरे राजकुमार लउतारे लेखराज मेश्राम दिनेश साखरे रेखा खोबरागड़े सविता मेश्राम कपिल डोंगरे राजकुमार लाऊत्रे राजेश लाउत्रे ललिता साख़रे महेश सहारे सुनिल नंदेश्वर दिलीप संगीता विनोद बबलू सिंघाड़े सीमा सहारे ललित मेश्राम सोनल नंदकिशोर गोंड जयदीप मेश्राम विजय नीरज सहारे अनुपमा लांडगे कांताबाई आशा जनबंधु स्मिता बागडे सुभाष बडाले नीरज डोंगरे अंजली किसणा सहारे महेंद्र अलका गीता राकेश देवगन बिछे देवांगन प्रहलाद सहारे उर्मिला रितु मेश्राम माया सहारे रितेश माया सिंघाड़े कौशिल्या शारदा स्यामसुंदर प्रकाश कोटंगले सहित सैकड़ो की संख्या में वार्ड वासी उपस्थित थे ।

## आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की शिक्षा के लिए केनरा बैंक ने दिया स्मार्ट टीवी

**राजनांदगांव ,6 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** कलेक्टर श्री डोमन सिंह की पहल पर आंगनबाड़ी केन्द्रों में नन्हे बच्चों की अच्छी




शिक्षा और उनके मनोरंजन के लिए जनप्रतिनिधियों, समाज सेवकों, बैंकर्स और अधिकारियों द्वारा स्मार्ट टीवी प्रदान किया जा रहा है। इस कड़ी में कलेक्टर श्री डोमन सिंह को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में केनरा बैंक शाखा ममता नगर राजनांदगांव के सीनियर मैनेजर श्री शक्ति शंकर द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए 6 स्मार्ट टीवी प्रदान की गई। स्मार्ट टीवी का उपयोग आंगनबाड़ी केंद्र में पढने वाले बच्चों के अध्ययन के लिए उपयोग में लाया जाएगा। कलेक्टर श्री सिंह ने इस कार्य के लिए केनरा बैंक ममता नगर राजनांदगांव की प्रशंसा की। इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम श्री अभिषेक गुप्ता, लीड बैंक मैनेजर बैंक ऑफ बड़ौदा श्री सत्येन्द्र मलिक, उप संचालक कृषि श्री नागेश्वर लाल पाण्डेय, आरसेटी डायरेक्टर श्री विपिन एक्का सहित अन्य अधिकारी व बैंकर्स उपस्थित रहे।

## आत्मनिर्भर भारतें बनाने महत्वपूर्ण योगदान

**रायपुर, ,6 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** देश में अपनी पहचान बनाने वाले एस-ई-एल टाइगर टीएमटी री-बार्स के निर्माता एवं विक्रेता, श्याम मेटालिक्स एंड एनर्जी लिमिटेड ने बैटरी-ग्रेड एल्यूमीनियम फॉयल के निर्माण की घोषणा के साथ एनर्जी स्टोरेज के क्षेत्र में कदम रखा है, जो लिथियम-आयन सेल का बेहद महत्वपूर्ण घटक है। श्याम मेटालिक्स का मुख्यालय कोलकाता में स्थित है, जो देश में इंटीग्रेटेड मेटल का उत्पादन करने वाली बड़ी कंपनियों में से एक है, और अब बैटरी ऊर्जा भंडारण के क्षेत्र में सरकार की आत्मनिर्भर भारत पहल में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली घरेलू कंपनी बनने की राह पर आगे बढ़ रही है। श्याम मेटालिक्स इस इंडस्ट्री में सबसे आगे है, जिसे अपने अत्याधुनिक एस-ई-एल टाइगर टीएमटी री-बार के ज़रिये भवन-निर्माण के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बदलाव लाने के लिए जाना जाता है। यह विभिन्न प्रकार के उद्योगों में इस्तेमाल होने वाले एल्युमीनियम फॉयल का उत्पादन और निर्यात करने वाली एक बड़ी कंपनी है। श्याम मेटालिक्स की सालाना उत्पादन क्षमता 20,000 टन है, और अब भारत को दुनिया के लिथियम-आयन सेल बाजार में कच्चे माल की बड़ी हिस्सेदारी हासिल करने में सक्षम बनाने के लिए तैयार है, और उम्मीद है कि वर्ष 2030 तक इस बाजार की क्षमता 6500GWh तक पहुंच जाएगी।

## पुलिस ने 14 जुआरियों को जुआ के फड़ से किया गिरफ्तार

**राजनांदगांव,6 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** थाना डोंगरगांव - वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री अभिषेक मीना के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (आईयुसीएडब्ल्यु) श्रीमती नेहा वर्मा के मार्गदर्शन में अवैध जुआ/सट्टा के विरूद्ध जिले में चलाये जा रहे अभियान के तहत सख्त कार्यवाही करने के निर्देश पर थाना प्रभारी डोंगरगांव निरी0 उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व में डोंगरगांव पुलिस को दिनांक 04.10.2023 को



मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ की ग्राम गिरगांव जंगल सोलर प्लांट किनारे जुआरियों द्वारा अवैध रूप से ताश पत्तियों पर रूपये पैसो का दांव लगाकर हार जीत का खेल खेल रहें है कि सुचना पर वरिष्ठ अधिकारीयों को अवगत कराकर थाना डोंगरगांव प्रभारी निरी0 उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व में थाना स्टाफ के साथ टीम बनाकर कर घटना स्थल रवाना होकर रेड कार्यवाही किया गया मौके से 14 जुआरियों को रंगे हाथों जुआ खेलते पकड़ा गया। जुआरियों 1. रजिन्दर सिंह पिता जसपाल सिंह, उम्र 33 साल वार्ड नं0 11 बुधवारी पारा डोंगरगढ, जिला राजनांदगांव, 2. लोकनाथ वर्मा पिता स्व0 अर्जुन वर्मा, उम्र 46 साल पता गौरीनगर वार्ड नं0 13 राजनांदगांव, छ0ग0, 3. आनंद शर्मा पिता प्रमोद शर्मा उम्र 47 साल, पता- ब्राम्हण पारा राजनांदगांव, छ0ग0, 4. तामेश्वर साहू पिता स्व0 बेदुराम साहु उर्म 40 साल पता खैरा, (जंगलेशर) थाना राज0, 5. कुंजलाल सिन्हा पिता झाडुराम सिन्हा उम्र 48 साल पता- हमालपारा राज0, 6. सोहन साहू पिता स्व0 नेगीराम साहू उम्र 43 साल, पता- वार्ड नं0 11 छिरपानी डोंगरगढ,

## संपादकीय

# गिरफ्तारी तो होनी ही थी

दिल्ली शराब घोठाला में एक के बाद एक आप नेता की गिरफ्तारी हो रही है। सबूत मिलते जा रहे हैं और गिरफ्तारी होती जा रही है। इस बार ईडी ने आप नेता संजय सिंह को गिरफ्तार किया है। उनको गिरफ्तार किया इसलिए गया है कि उनसे जो सवाल ईडी ने पूछे, उनका जवाब ही वह नहीं दे रहे थे, इसलिए ईडी ने कस्टडी में लेकर पूछताछ करने की जरूरत समझी। दिल्ली आप के सत्येंद्र जैन,मनीष सिसोदिया के बाद संजय सिंह आप के तीसरे कट्टर ईमानदार नेता है जिनको ईडी ने शराब घोटाले के लिए गिरफ्तार किया है। चाहे मनीष सिसोदिया हों या संजय सिंह जब तक इनको गिरफ्तार नहीं किया गया था तो सरकार व ईडी को चुनौती दिया करते थे, हमें गिरफ्तार करके दिखाओं। केजरीवाल तो गुजरात चुनव समय कहते थे कि मनीष सिसोदिया को मोदी सरकार गिरफ्तार करेगी तो गुजरात चुनाव हार जाएगी। संजय सिंह तो कहते थे उनका नाम ही शराब घोटाल में नहीं है, ईडी तो उन्हें गिरफ्तार कर ही नही सकती। वह तो ईडी को धमकाते थे कि उस पर मानहानि का मुकदमा करे देंगे। अब जब ईडी ने उन्हें गिरफ्तार किया है तो मानहानि का मुकदमा करना चाहिए। अब वह कह रहे हैं कि उनको झूठे मामले में फंसाया जा रहा है। शराब घोटाले में संजय सिंह की भी कोई तो भूमिका है, इसलिए तो ईजी ने सबूत मिलने के बाद ही गिरफ्तार किया हैं। मनीष सिसोदिया की तरह संजय सिंह भी खुद ही अपने मामले जज बन गए कि उनके घर की तलाशी में ईडी को कुछ नहीं मिला। दिल्ली के सीएम केजरीवाल सहित जितने आप नेता हैं, सब खुद को ईमानदार व ईडी को गलत बताने के लिए यही तर्क देते हैं कि शराब घोटाला हुआ है तो ईडी को पैसा क्यों नहीं मिला। आप नेताओं ने पैसा चुनाव में खर्च कर दिया तो वह ईडी को मिलेगा कैसे। कहीं छिपाकर कर रखा गया होगा तो ईडी को नेताओं के घर में कैसे मिलेगा। भ्रष्टाचार करने वाले हाईटेक हो गए हैं, इसलिए आजकल पैसा नहीं मिलना कोई मायने नहीं रखता है, पैसा किसने दिया, किसको दिया, कैसे दिया इसके सबूत व गवाह मिलना ही बहुत होता है। जनता भी जानती है कि अब भ्रष्टाचार करने वाले घर में पैसा नहीं रखते हैं। इसलिए किसी दल के नेता कितना भी कहें कि छापे में पैसा नहीं मिला इसलिए जनता उन्हें ईमानदार मान ले, तो यह होगा नहीं।वैसे तो राजनीति व भ्रष्टाचार का चोली दामन जैसा साथ होता है,जहां राजनीति है, वहां तो भ्रष्टाचार होगा ही। राजनीति के लिए पैसों की जरूरत होती है तथा पैसा गलत तरीकों से भी नेता जुटाते हैं। जितनी नगदी सहायता वाली योजनाएं होती है, वह सरकार भ्रष्टाचार करने के लिए बनाती हैं। कहा जाता है जनता को पैसा दिया जा रहा है और वह काम आता है, राजनीतिक दल चलाने व चुनाव लड़ने के। ज्यादातर सरकारें जनता का पैसा ही जनता को देती हैं और उसमें से अपने लिए भी एक दो हजार करोड़ निकाल लेती हैं। चहां लाख दो लाख करोड़ जनता को दिया जा रहा है, वहां एक दो हजार करोड़ इधर उधर कर दिया जाए तो क्या पता चलेगा। यह सरकारें खुद को ईमानदार बता कर करती हैं। आप पार्टी तो खुद को सबस ज्यादा ईमानदार बताकर दूसरे दलों को बेईमान बताया करती थी। वह दूसरों को बेईमान कहकर खुद को ईमानदार बताया करती थी लेकिन आज वह भ्रष्टाचार में उन तमाम दलों से आगे निकल गई है। बाकी दलोंके नेता तो जमानत पर है,पर आप के नेता तो जेल में हैं। उनको जमानत नहीं मिल रही है। देश में आप ही एक ऐसी पार्टी है जो खुद को सबसे ज्यादा ईमानदार बताया करती थी औज वही सबस ज्यादा बेईमान देश की जनता को लगती है। वह सोचती है कि जनता को मुफ्त में बिजली,पानी देकर अपने भ्रष्टाचार को छिपाया जा सकता है जनता उसकी हकीकत जान गई है, इसलिए अब किसी राज्य में उसकी सरकार शायद ही बने।

## आज का राशिफल

**मेष राशि-** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिल सकते हैं। आज कार्यस्थल पर दूसरे लोगों से सहयता मिलती रहेगी। परिवार के साथ आज आप किसी धार्मिक स्थल पर जाने का प्लान बनाएंगे। आज कोई नया काम सीखने का मौका मिलेगा, जिससे भविष्य में आपको फायदा होगा। कोर्ट-कचहरी के मामलों में आज आपको सफलता प्राप्त होगी ।

**वृष राशि-** आज का दिन आपके लिए खुशियाँ लेकर आया है। आज कोई शुभ समाचार मिलने के योग बने हुये हैं। आपके मन में किसी व्यक्ति की मदद करने का भाव आयेगा और आप मदद भी करेंगे। कुछ लोग आपके विरुद्ध प्लानिंग कर सकते हैं, आपको ऐसे लोगों से थोड़ा संभलकर रहना होगा । आज आपकी रचनात्मक प्रतिभा खुलकर लोगों के सामने आयेगी ।

**मिथुन राशि-** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज आप अपने भविष्य को बेहतर बनाने का प्लान बनाएंगे। परिवार के सदस्यों के साथ आपके रिश्ते बेहतर होंगे। आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कार्यस्थल पर लोगों का सहयोग मिलने से आपको खुशी होगी। आपकी आमदनी में बढ़ोतरी होने की पूरी उम्मीद है। घर पर अचानक कोई दोस्त आपसे मिलने आयेगा।

**कर्क राशि-** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज ऑफिस में आपके कार्य परफॉरमेंस की तारीफ होगी। इस राशि के कॉमर्स स्टूडेंट्स को अपने साथियों से सहयोग प्राप्त होगा, जिससे किसी विषय में आ रही समस्या आसानी से सॉल्व हो जायेगी। आपका दाम्पत्य जीवन खुशियों से भरा रहेगा। समाज में आपके कार्यों की चर्चा होगी । आपके व्यवहार से लोग खुश होंगे।

**सिंह राशि-** आज का दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज रुके हुए कार्य पूरा होने की संभावना है। बच्चों के किसी मामले को लेकर आप असहमत हो सकते हैं। इस राशि के विद्यार्थियों को आज शिक्षक की तरफ से विशेष मार्गदर्शन मिलेगा, जिससे उनका भविष्य उज्जवल बनेगा। घर पर कोई मांगलिक कार्य आयोजित कराने के बारे में सोच सकते हैं। आज घर पर अविवाहित लोगों के विवाह की चर्चा होगी ।

**कन्या राशि-** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज अचानक आय के नए रास्ते मिलेंगे, जिसका लाभ उठाने में आप सफल होंगे। आज आपके लम्बें समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे। आज आपकी सभी योजनाएं कामयाब होंगी । आप इस दौरान कोई भी बड़ा निर्णय सोच समझकर लेंगे । किसी काम के लिए कोई बड़ा फैसला लेने में आप जीवनसाथी की सहायता लेंगें।

**तुला राशि-** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। काफ़ी दिनों से चल रही परेशानियों का आज निवारण मिल जायेगा आपको मानसिक शांति मिलेगी, काम में आपका मन लग जायेगा। आज आप दूसरों की बात पर विश्वास न करके आपने आप पर विश्वाश करेंगे तो आपका कोई काम रुकते रुकते बन जाएगा। आज अपने काम को गंभीरता से करें। आज किसी काम को लेकर भाग दौड़ करनी पड़ सकती है।

**वृश्चिक राशि-** आज आपका दिन उत्तम रहेगा । आपके अपने व्यापार में लाभ के योग हैं। साथ में कोई साइड बिजनेस कर सकते हैं । जिससे लाभ होने की संभावना बनेगी। नौकरी पेशा लोगों के लिए नए अवसर मिलने की संभावना है। जिन लोगों को पॉलिटिक्स में मैं रूचि है, उन्हें बड़ा पद प्राप्त होने के योग हैं। मान सम्मान में वृद्धि होगी । आपका पारिवारिक वातावरण शांतिपूर्ण रहेगा।

**धनु राशि-** आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहेगा। आज आप कोई नया बिजनेस शुरू करने की प्लानिंग करेंगे । किसी खास मामलें में आपको अनुभवी व्यक्ति की सलाह मिलेगी । आज परिवार के साथ आप खुशनुमा पल बितायेंगे, जिससे रिश्ते में नजदीकियां बढ़ेगी। आज आपकी छवि समाज में उभर कर आएगी। आज आपके आर्थिक पक्ष में मजबूती आयेगी। आपको बड़े- बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा।

**मकर राशि-** आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहने वाला है। आज आपकी मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा, आपका आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा। आपको आज कुछ नयी बातें पता चल सकती हैं जो आपके हित में होंगी और उसका पॉजिटिव रिजल्ट आपको मिलेगा। आप अपने लिए लक्ष्य तय करते समय वर्तमान स्थिति पर जरूर ध्यान दें।

**कुंभ राशि-** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपका मन काम करने में लगेगा, आप किसी व्यक्ति की सहायता करेंगे तो दिन भर आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज आप कुछ समय अपने परिवार के साथ बिताएंगे और बच्चों का मार्गदर्शन करेंगे। आज आपको खुद को साबित करने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ सकता है। आज आपका मन दान-पुण्य में अधिक लगेगा। किसी काम को पूरा करने में आज दोस्त की मदद मिलेगी।

**मीन राशि-** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा । आपकी आय के साधनों में वृद्धि होगी । आपके बिगड़े हुए कार्यों में सुधार होगा । सोची हुई योजनाओं में सफलता मिलने के संकेत है । आप अपने भाई बहनों के साथ किसी दर्शनीय स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं। जहाँ आपके किसी रिश्तेदार या मित्र से मुलाकात होगी।

# वैश्विक शांति को एक और बड़ा खतरा उत्तर कोरिया का तानाशाह किम जोंग

**विदेश**
**संजीव ठाकुर**



उत्तर कोरिया में 2011 के बाद किम जोंग उन ने अपने को तानाशाह घोषित कर दिया है वह किम जोंग इल तानाशाह का बेटा है जो 2011 से पहले सनकी तानाशाह थे। विगत दिनों रूस की यात्रा वहां के समकक्ष राष्ट्रपति पुतिन से मिलकर गुप्त मिसाइल समझौते करके और खतरनाक हो गया है ।अब उत्तर कोरिया रूस की यूक्रेन के विरुद्ध युद्ध में मदद भी करने वाला है रूस की यात्रा से लौटने के बाद उसने कई मिसाइल परीक्षण भी किएं है, इधर यूक्रेन के बाद युद्ध के लिए शास्त्रों की कमी हो चुकी है नाटो और अमीर की मदद के बावजूद यूक्रेन आर्थिक संकट में है, परिणाम स्वरूप अमेरिका तथा नाटो देश की नींद उड़ चुकी है। पिछले कई वर्षों से एशिया का सबसे विवादास्पद राष्ट्र उत्तर कोरिया रहा है। यह देश विवादों में इसलिए भी रहा है कि इसमें लगातार पिछले एक दशक से परमाणु परीक्षण कर अमेरिका तथा यूरोप के देशों की नींद उड़ा कर रखी है,पूरे विश्व में उत्तर कोरिया के किम जोंग को एक तानाशाह प्रशासक के रूप है जाना जाने लगा है,किंम जोंग की गिनती विश्व में क्रूर तानाशाह की मानी जाती है, यूरोप तथा अधिकांश एशियाई देशों के मीडिया ने किंग जॉन को एक खतरनाक तथा विश्व की शांति के खतरे के रूप में निरूपित किया है। वह अमेरिका तथा यूरोपीय देशों का घनघोर विरोधी तानाशाह है और अपने देश में सिर्फ कोरियाई भाषा को ही पढ़ने लिखने और बोलने की भाषा के रूप स्वतंत्रता प्रदान की है। दिसंबर 2011 को उसने अपने आप को उत्तर कोरिया का सर्वोच्च तानाशाह घोषित कर दिया था। उत्तर कोरिया में मीडिया इंटरनेट पर वीडियो पर इसी तानाशाह का पूरी तरह नियंत्रण है। वैश्विक स्तर पर तानाशाहों की गिनती में चीन के शी जिनपिंग, रूस के व्लादिमीर पुतिन और उसके बाद किम जोंग का तीसरा नंबर है। ऐतिहासिक रूप से देखा जाए तो कोरिया बहुत सालों तक चीन का हिस्सा रहा है फिर उन्नीस सौ चार तथा पांच में रूस जापान युद्ध के बाद यह जापान का एक सुरक्षित क्षेत्र बन गया था। 1910 के बाद जापान ने से अपना अंग बना लिया था। 1945 के विश्वयुद्ध के बाद जब जापान ने आत्मसमर्पण किया था तब कोरिया को स्वतंत्र राष्ट्र बना कर उसे दो भागों में विभक्त कर दिया गया। उत्तर दक्षिण कोरिया, 1948 में दक्षिण भाग में कोरिया गणतंत्र और उत्तरी कोरिया में कोरियन पीपुल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक की स्थापना की गई। 1953 में इसका विभाजन विधिवत रूप मे उत्तर उत्तर अक्षांश की विभाजन रेखा से उत्तर तथा दक्षिण कोरिया बनाया गया। भारत की तरह यह भी कृषि प्रधान राज्य है। यहां पर शिक्षा और स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की सेवाएं पूरी तरह से सरकार के नियंत्रण में रखी गई है। दक्षिण कोरिया में खाद्य पदार्थों में अनुदान दिया जाता है तथा शिक्षा स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक सेवाएं नागरिकों को निशुल्क प्रदान की जाती है। इसके बावजूद भी वहां कुपोषण की दर 30त्न से बहुत अधिक है। उत्तर कोरिया एसा देश है जहां इंटरनेट, मीडिया,1 रेडियो तथा संचार माध्यमों पर इस तानाशाह का पूरी तरह नियंत्रण है, इंटरनेट भी बहुत ही गिने चुने लोग कोरियाई भाषा में इस्तेमाल कर पाते हैं। नागरिकों को एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश तथा देश के बाहर जाने की अनुमति नहीं होती है। इसके लिए विशेष अनुमति लेना अनिवार्य होती है। किम जोंग इतना खतरनाक तानाशाह है कि उसने अपने कई सगे रिश्तेदारों की सरेआम छोटे-छोटे कारणों के कारण हत्या करवा दी, इसने अपनी ही सरकार के कई मंत्रियों तथा पदाधिकारियों की हत्या करवा कर तानाशाही का बहुत क्रूर उदाहरण प्रस्तुत किया है ताकि जनता में उसका भय सदैव बना रहे। उत्तर कोरिया का तानाशाह किम जोंग को ईश्वर पर विश्वास नहीं है वह नास्तिक है एवं राज्य को भी नास्तिक वादी बना कर रखा है। इस देश में किसी भी धर्म या जाति या ईश्वर को मानने की किसी तरह की आजादी भी नहीं दी गई है। धर्म का पालन करने वाले को बड़ी बुरी तरह से दंडित किया जाता है। तानाशाह किम जोंग के अनुसार वही जनता का ईश्वर है और वह देश की सर्वोच्च सत्ता का मालिक है। यह बहुत अचरज वाली बात है कि उत्तर कोरिया का समाज शासकीय नियंत्रण वाला समाज है। यहां किसी भी व्यक्ति को कोई भी व्यक्तिगत आजादी का कोई हक नहीं दिया गया है। इस तानाशाह ने अपने आप को भगवान घोषित कर जनता को भी मजबूर कर दिया है कि उसे ईश्वर माना जाए। यह कतई विश्वास करने वाला सत्य नहीं है कि इस युग में भी ऐसा देश है जहां जनता पर इतनी व्यक्तिगत पाबंदियां लगाई गई है। उत्तर कोरिया में मानव अधिकार हनन, निजी स्वतंत्रता को चुनौती एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा कानूनी चुनौतियां जैसा कोई शब्द ही नहीं है तानाशाही के नीचे सारे कानून, कायदे और नियम दफन होकर रह गए हैं।

उत्तर कोरिया विश्व शांति के लिए इसलिए भी बहुत ज्यादा खतरनाक हैं कि इसने लगातार 2006, 2009, 2013 में भूमिगत परमाणु परीक्षण किए और किम जोंग के दावे के अनुसार उसने इंटरकॉन्टिनेंटल बैलेस्टिक मिसाइल जो लंबी दूरी की परमाणु मिसाइलें होती हैं का भी सफल परीक्षण किया है। उत्तर कोरिया और अमेरिका के संबंध हमेशा से तनावपूर्ण रहे हैं। अमेरिका और यूरोपीय देश उत्तर कोरिया द्वारा किए गए भूमिगत परमाणु परीक्षण तथा इंटरनेशनल बैलेस्टिक मिसाइल के सफल परीक्षण को मानव जीवन के लिए बहुत बड़ा खतरा मानते हैं, और उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग की मानसिक स्थिति देखते हुए यह परमाणु हथियार किसी भी देश के लिए खतरा बन सकते हैं क्योंकि वह न तो संयुक्त राष्ट्र संघ परिषद की परवाह करता है और ना ही किसी देश के शासक प्रशासक का आदेश ही मानता है। अमेरिका के जितने भी राष्ट्रपति रहे हैं किम जोंग उन से सीधा टकराने की इच्छा रखता रहा है, और यही कारण है कि यूरोपीय देश तथा अमेरिका ,ब्रिटेन हमेशा उत्तर कोरिया के इस पागल प्रशासक को अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए एक बड़ा खतरा मानते है। उत्तर कोरिया के इस तानाशाह की तुलना में शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिनसे की गई है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पूर्व में सदैव शांत रहने वाले और किसी समस्या का बातचीत से एवं कूटनीति से हल निकालने का प्रयास करने वाली माने जाते हैं। पर व्लादीमीर पुतिन ने भी यूक्रेन पर हमला करके अपनी तानाशाही का सबूत पूरे विश्व के सामने रख दिया है। यूक्रेन के बाद चीन और ताइवान के संघर्ष के शुरुआत होने की संभावना दिखाई दे रही है। इस तरह यह तीनों तानाशाह आज की स्थिति में बेलगाम हो चुके हैं क्योंकि रूस, चीन, उत्तर कोरिया तीनों परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र हैं और अमेरिका के लिए हमेशा खतरे की घंटी बने रहते हैं। अमेरिका,नेटो तथा यूरोपीय देशों की लाख धमकियों के बावजूद पुतिन ने यूक्रेन पर सीधा आक्रमण कर ने दिखा दिया कि अमेरिका अब कमजोर पड़ चुका है और रूस उसकी परवाह नहीं करता है, अब वह महाशक्ति भी नहीं रहा। अफगानिस्तान में भी अमेरिका को अपने सैनिकों को मजबूरी में वापस बुलाना पड़ा, इस तरह अमेरिका की स्थिति इन तीनों देशों के सामने काफी कमजोर साबित हो रही है।

# एशियाड-2023 में भारत की चमक से दुनिया चौंकी

**चर्चित मुद्दा**
**ललित गर्ग**



खेलों में ही वह सामर्थ्य है कि वह देश एवं दुनिया के सोये स्वाभिमान को जगा देता है, क्योंकि जब भी कोई अर्जुन धनुष उठाता है, निशाना बांधता है तो करोड़ों के मन में एक संकल्प, एकाग्रता एवं अनूठा करने का भाव जाग उठता है और कई अर्जुन पैदा होते हैं। अनूठा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी माप बन जाते हैं और जो माप बन जाते हैं वे मनुष्य के उत्थान और प्रगति की श्रेष्ठ, सकारात्मक एवं अविस्मरणीय स्थिति है। भारत की अनेकानेक अनूठी एवं विलक्षण उपलब्धियों के बीच चीन के हांगझू में आयोजित 19वें एशियाई खेलों में भारत एवं उसके खिलाड़ियों ने जिस तरह अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को पीछे छोड़ते हुए 83 पदक अर्जित कर लिए, वह न केवल भारत के खिलाड़ियों बल्कि हर युवा के मन और माहौल को बदलने का माध्यम बनेगा, ऐसा विश्वास है। शतक पदकों की ओर बढ़ने की गौरवपूर्ण स्थिति से भारत में नयी ऊर्जा का संचार होगा, इससे नया विश्वास, नयी उम्मीद एवं नयी उमंग जागेगी। इसके पहले जकार्ता में आयोजित एशियाई खेलों में भारत को कुल 70 पदक मिले थे।

एशियाड में भारत के ऐतिहासिक, अनूठे एवं अविस्मरणीय प्रदर्शन का जारी रहना सुखद, गर्व एवं गौरव का विषय है। बुधवार को भारत ने एशियाई खेलों में 70 पदक जीतने का अपना पूर्व रिकार्ड तोड़ते हुए पदक-यात्रा को नए कीर्तिमान की ओर अग्रसर किया है। भारतीय खिलाड़ियों द्वारा किया गया प्रदर्शन खेल-भाल पर लगे अक्षमता के दाग को धो दिया है। हमारे देश में यह विडंबना लंबे समय से बनी है कि दूरदराज के इलाकों में गरीब परिवारों के कई बच्चे अलग-अलग खेलों में अपनी बेहतरीन क्षमताओं के साथ स्थानीय स्तर पर तो किसी तरह उभर गए, लेकिन अवसरों और सुविधाओं के अभाव में उससे आगे नहीं बढ़ सके। लेकिन इसी बीच एशियाड में कई उदाहरण सामने आए, जिनमें जरा मौका हाथ आने पर उनमें से हर खिलाड़ी ने दुनिया से अपना लोहा मनवा लिया। अनेक खिलाड़ी हैं, जिन्होंने बहुत कम वक्त के दौरान अपने दम से यह साबित कर दिया कि अगर वक्त पर प्रतिभाओं की पहचान हो, उन्हें मौका दिया जाए, थोड़ी सुविधा मिल जाए तो वे दुनिया भर में देश का नाम रोशन कर सकते हैं। अब हमारे पास ऐसे अनेक नाम हैं जिन्होंने स्वर्णिम इतिहास रचा है, जबकि पहले ऐसे नामों का अभाव था, कुछ ही नाम थे जिनको दशकों से दोहराकर हम थोड़ा-बहुत संतोष करते रहे हैं, फिर चाहे वह फ्लाइंग सिख मिल्खा सिंह हों या पीटी उषा।

19वें एशियाई खेलों में भारतीय खिलाड़ियों ने भारत का मस्तक ऊंचा करने वाला प्रदर्शन किया है, जिसका असर भारतीय खेल तंत्र ही नहीं बल्कि आम जनजीवन पर गहरे पड़ने वाला है। पदकों के कीर्तिमान देश के बच्चों और युवाओं में अनूठा करने के संकल्पों को आसमानी ऊंचाई देगा। विशेषतः युवतियों एवं बालिकाओं को हौसला मिलेगा। क्योंकि एशियाई खेलों में लड़कियों का प्रदर्शन बुलन्द रहा, स्वागत योग्य है। निश्चित ही पदक विजेता महिला खिलाड़ियों की सोच भीड़ से अलग थी और यह सोच एवं कृत जब रंग दिखा रहा थी तो इतिहास बन रहा था। अनेक महिला खिलाड़ी पहली बार दुनिया की नजरों में आई और बन गई हैं हर किसी की आंखों का तारा। अपने प्रदर्शनों एवं खेल प्रतिभा से दुनिया को चौंका दिया है। भारत के गांव-देहात की लड़कियों ने भी चीन के हांगझोउ में झंडे गाड़ दिए हैं। लंबी दौड़, भाला फेंक, तलवारबाजी, टेबल टेनिस इत्यादि ऐसे खेल हैं, जिनमें लड़कियों ने भारत के लिए एक नई शुरुआत की है। स्वर्ण पदक जीतने वाली लड़कियों में वह अनु रानी भी शामिल हैं जो अपने गांव में खेती में गन्ने को भाला बनाकर फेंका करती थीं। उन्हें जब सुविधा मिली तो उन्होंने विश्व स्तर पर कमाल कर




दिखाया। बिल्कुल जमीन से उठी अनु रानी और पारूल चौधरी जैसी खिलाड़ियों की वीरगाथा जब लोगों की निगाह में आती है तो पुरुषार्थ के नए लक्ष्य खड़े होते हैं। पारूल चौधरी तो अपने गांव की टूटी-फूटी सड़क पर भी दौड़ा करती थीं, पर जब परिवार ने प्रोत्साहित किया, तब वह एशियाड में 5,000 मीटर दौड़ में स्वर्ण ले आई।

भारतीयों में न तो प्रतिभा कम है, न जुनून और न मेहनत में कोई कमी रहती है। तभी एशियन गेम्स के 72 साल के इतिहास में पहली बार सबसे अधिक पदक जीत कर नया इतिहास गढ़ा हैं। भारत का इससे पहले किसी एशियन गेम्स में सबसे अधिक मेडल जीतने का रिकॉर्ड साल 2018 का था। नीरज चोपड़ा ने जेवलिन थ्रो में गोल्ड मेडल जीता तो इसके बाद पुरुष 4 गुणा 400 मीटर रिले में अनस मोहम्मद याहिया, अमोज जैकब, मुहम्मद अजमल वी, राजेश रमेश ने गोल्ड जीता। ज्योति सुरेखा वेन्नम और ओजस देवताले ने तीरंदाजी मिक्स्ड टीम कंपाउंड का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। खेलों में खास करने का यह निर्णायक मोड़ जकार्ता 2018 से आया है। पदकों की जो बढ़त भारत ने हासिल की है, उसे आगे थमने नहीं देना चाहिए। ध्यान रहे, चीन अकेले ही 165 से भी ज्यादा स्वर्ण जीत चुका है। जापान और कोरिया भी कुल 150-150 पदकों के करीब पहुंच गए हैं। मतलब, आगे हमारा रास्ता लंबा है, चुनौतीपूर्ण है, हमें ज्यादा तेज चलना होगा। भले ही भारत पदक तालिका में चीन, जापान और दक्षिण कोरिया से पीछे है लेकिन एशिया में चौथी बड़ी खेल शक्ति के रूप में उभरना भी एक उपलब्धि है। इस उभार का एक प्रमाण यह है कि हांगझू में भारतीय खिलाड़ियों ने एक ही दिन में 15 पदक जीते। इसी तरह कुछ खेलों में हमारे खिलाड़ियों ने पहले और दूसरे दोनों स्थानों पर कब्जा किया यानी स्वर्ण के साथ रजत पदक भी जीता।

एशियाड की विजयगाथाएं आने वाली पीढ़ियों के लिए बहुत प्रेरणादायी है। जिस प्रकार से विभिन्न खेलों में भारतीयों ने प्रदर्शन किया है, उससे भविष्य के लिए खेल-योजना बनाने में मदद मिलेगी। इसमें कोई शक नहीं है कि सीमित संसाधनों और कमजोर खेल-बुनियाद के बावजूद भारतीयों खेलों की तस्वीर बदलने लगी है, खेलों के लिये प्रोत्साहन, सुविधा एवं साधना का अभाव भी दूर हो रहा है। खेलों इंडिया अभियान को पांच वर्ष ही बीते हैं और उसके नतीजे सतह पर दिखने लगे हैं। जाहिर है, खेल विकास की विशेष योजनाओं व प्रयासों को बल मिलने वाला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी निरन्तर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ा रहे हैं, उन्हें एवं समूचे देश को उम्मीद है कि भारत अब विश्व स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में किसी से कम नहीं रहने वाला है। राष्ट्र के खिलाड़ी अगर दृढ़ संकल्प से आगे बढ़ने की ठान ले तो वे शिखर पर पहुंच सकते हैं। विश्व को बौना बना सकते हैं। पूरे देश के निवासियों का सिर ऊंचा कर सकते हैं, भले ही रास्ता कितना ही कांटों भरा हो, अवरोधक हो।

इस बार एशियाड का आयोजन वास्तव में हमारी नकारात्मकता को सकारात्मकता में बदलने का सशक्त माध्यम बना है। इस खेलों के महाकुम्भ से निश्चित ही अस्तित्व को पहचानने, दूसरे अस्तित्वों से जुड़ने, विश्वव्यापी पहचान बनाने और अपने अस्तित्व से दुनिया को चौंकाने की भूमिका बनी है। भारतीय खिलाड़ियों ने एक खेल रोशनी को अवतरित किया है। अब खेलों की दुनिया में भारत का नाम सोने की तरह चमकते अक्षरों में दिखेगा। इस बार के एशियाड ने बेहद खेल उम्मीदों पंख दिये हैं। क्योंकि यहां तक पहुंचते-पहुंचते कईयों के घुटने घिस जाते हैं। एक बूंद अमृत पीने के लिए समुद्र पीना पड़ता है। ये देखने में कोरे पदक हैं पर इसकी नींव में लम्बा संघर्ष और दृढ़ संकल्प का मजबूत आधार छिपा है। राष्ट्रीयता की भावना एवं अपने देश के लिये कुछ अनूठा और विलक्षण करने के भाव ने ही एशियाड में भारत की साख को बढ़ाया है। एशियाई खेलों में विजयगाथा लिखने को बेताब खिलाड़ी, विशेषतः देश की बेटियां, अभूतपूर्व सफलता का इतिहास रचकर भारत की दो सौ अस्सी करोड़ आंखों में तैर रहे भारत को अव्वल बनाने के सपने को जीत का हार पहनाया है जो निश्चित ही रोमांचित एवं गौरवान्वित करने वाला है।

**व्यंग्य**

# लालफीताशाही और लूटमखोर

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

एक समय की बात है। चरित्र से निल और बैंक बैलेंस से फुल लालफीताशाहियों ने ÷अयोग्यता समिति÷ का गठन किया। लूटमखोर के नेतृत्व में यह समिति बहुत बढ़िया काम कर रही थी। उनका एकमात्र उद्देश्य सीधे काम को टेढ़ा, टेढ़े काम को जलेबी बनाना था। ओह, उनकी अक्षमता का शानदार प्रदर्शन देखना कितना अद्भुत दृश्य था! समिति शहर के मध्य में, एक भव्य पुरानी इमारत में बैठती थी। इमारत का नाम था - ÷नौकरशाही का स्मारक÷। इसी इमारत में एक विभाग था जिसका नाम था - ÷सरल कार्य जटिल बनाएँ÷। लोग अक्सर अपने सांसारिक मामलों में मदद मांगने के लिए वहां आते थे। उन्हें इस बात का जरा भी अनुमान नहीं था कि उस इमारत के भीतर इंसान के रूप में लीचड़ उनका इंतज़ार कर रहे हैं। हर सुबह, लूटमखोर अपनी समिति के सदस्यों के साथ मिलता था, जो सादगी को कला के रूप में बदलने में माहिर था। उसने सभी को हिदायत दे रखी थी कि इमारत में आने वाली गरीब आत्माओं को भ्रमित करने, देरी करने और अंततः निराश करने की रणनीतियों पर किसी तरह की कोताही न बरते। उनकी छोटी-छोटी समस्याओं को पहाड़ बना दो। छुट्टी निकालकर एक दिन, आत्माराम नाम का एक असहाय गरीब अपना अनुरोध लेकर आया। उसे अपने पहचान पत्र पर अपना पता अपडेट करना था। उसे लगा कि काम एक दिन में हो जाएगा। इसी भ्रम में वह सताऊ डेस्क के पास पहुंचा, जहां लूटमखोर और उनकी समिति के सदस्य एक वर्ग की परिधि की गणना करने के सबसे प्रभावी तरीके पर गरमागरम बहस में तल्लीन थे। लूटमखोर ने अपनी आत्मसंतुष्ट मुस्कान और आत्म-महत्व की गहरी भावना के साथ, दूसरों को चुप कराने के लिए अपना हाथ उठाया। फिर उन्होंने आत्माराम की ओर देखा और कहा, ÷आह, आप जो कार्य करना चाहते हैं वह कोई सामान्य कार्य नहीं है! हमें नौकरशाही प्रक्रियाओं की जटिल भूलभुलैया के माध्यम से आपकी यात्रा की जांच करनी चाहिए। कम से कम नौ अलग-अलग दस्तावेज़ एकत्र करके शुरुआत करें, जिनमें से प्रत्येक को प्रमाणीकरण की आवश्यकता है। इसके लिए आपको शहर के विपरीत दिशा में तीन अलग-अलग सरकारी कार्यालय के चक्कर लगाने जैसे पावन कार्य में भाग लेने की प्रक्रिया संपन्न करनी होगी। एक बार जब आप सभी आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर लें, तो इसी स्थान पर लौट आएं, जहां हम आपको पता अद्यतन प्रक्रिया के लिए कतार में शामिल होने के लिए एक टोकन जारी करेंगे। अनुमानित प्रतीक्षा समय लगभग तीन महीने है। हो सके तो आप एक साल दें या हमीं से ले लें! यह सुनकर आत्माराम का जबड़ा खुला का खुला रह गया। वह केवल एक साधारण पते को अद्यतन करने के लिए ऐसी जटिल प्रक्रियाओं की सरासर बेतुकी बात को समझ नहीं सका। फिर भी, नौकरशाही बकवास के चितकबरे सताऊराम, लूटमखोर के नेतृत्व में, सताने और लूटने की प्रक्रिया के विरुद्ध आत्माराम ने स्वयं को खड़ा करने का प्रयास किया। महीने सालों में बदल गए और आत्माराम ने खुद को लालफीताशाही की भूलभुलैया में खोया हुआ पाया। समिति के सदस्यों की अक्षमता की कोई सीमा नहीं थी, क्योंकि वे सरल कार्यों के साथ बेतुके खेल खेलने में आनंद लेते थे। उन्होंने देरी की कला में महारत हासिल कर ली थी, जिससे उनकी सेवाएं चाहने वाले नागरिकों पर उनका दबदबा सुनिश्चित हो गया था। इस बीच, समिति की हरकतों के कारण शहर अराजकता और अव्यवस्था से पनप गया। बुद्धि के महान पुरुष और महिलाएं व्यवस्था की घोर अक्षमता के कारण पंगु हो गए थे। डॉक्टर अकाउंटेंट में बदल गए, इंजीनियर दार्शनिक में, और कलाकार कैशियर में, सभी नौकरशाही के दुःस्वप्न से उबरने की कोशिश कर रहे थे, हैं और होंगे।

## घरेलू नुस्खे, जल्द मिलेगा समस्या से छुटकारा

पैर में मोच आना एक तरह की अंदरूनी चोट है। इसमें पैर के ऊतक और हड्डियों से जुड़े रेशे अपनी नियमित क्षमता से अधिक खिंच जाते हैं।ऐसा अमूमन चलते-फिरते या फिर खेलकूद के दौरान पैर मुड जाने पर होता है। इसके कारण असहनीय दर्द और सूजन का सामना करना पड़ सकता है।आइए आज हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताते हैं, जो पैर की मोच के कारण होने वाली समस्याओं को प्रभावी ढंग से दूर कर सकते हैं।

**इलास्टिक पट्टी लपेटें**-जब भी आपके किसी पैर में मोच आए तो पहले 72 घंटों में पर्याप्त आराम जरूर करें।आप चाहें तो इस दौरान प्रभावित पैर को इलास्टिक पट्टी से लपेटकर या ब्रेस पहन सकते हैं और उसकी सुरक्षा कर सकते हैं। ध्यान रखें कि पट्टी आरामदायक और टाइट लगे, लेकिन इतना टाइट नहीं कि इससे रक्त की आपूर्ति बंद हो जाए।इसे तब तक दोहराएं जब तक कि आपके पैर को अच्छा सहारा और आराम महसूस न हो जाए।

**आइसपैक का करें उपयोग**-आइसपैक लगाने से प्रभावित पैर के दर्द और सूजन को कम करने समेत मांसपेशियों की ऐंठन को कम करने में मदद मिल सकती है।लाभ के लिए आप तौलिए में कुछ बर्फ के टुकड़ों को लपेटकर प्रभावित पैर पर फेरे। आप चाहें तो बर्फ के ठंडे पानी में एक तौलिया डुबोकर चोट वाली जगह पर रख भी सकते हैं।यहां जानिए घर पर आइसपैक बनाने के 5 सरल तरीके।

**जैतून के तेल से करें मालिश** -जैतून के तेल में फेनोलिक कंपाउंड मौजूद होते हैं, जो पैरों में आई मोच के कारण होने वाले दर्द और सूजन को दूर कर सकते हैं।

लाभ के लिए सबसे पहले जैतून के तेल को हल्का गर्म कर लें और फिर इसे मोच से प्रभावित पैर पर लगाकर कुछ मिनट धीरे-धीरे मालिश करें।इससे पैर की मांसपेशियों को आराम मिलता है और दर्द के साथ-साथ सूजन भी दूर होती है।

एक नजर

## मुक्तिधाम की दुर्दशा पर किसी भी दल व जनप्रतिनिधि का ध्यान नहीं



**एंकर, 6 अक्टूबर।** लौहनगरी बचेली व किरंदुल के मध्य ग्राम पाड़ापुर में मात्र एक मुक्तिधाम है। जिसकी उपयोग पूरे बैलाडीला क्षेत्र के नगर वासी करते हैं परंतु इस मुक्तिधाम की दुर्दशा देख मृत आत्माओं को भी लगता होगा कि मोक्ष की डगर कितनी कठिन है। लोगों की मृत्यु के पश्चात अंतिम संस्कार करने मुक्तिधाम लेकर जाने वाली सड़क जिम्मेदारों की लापरवाही से खुद की दुर्दशा पर रोती नजर आ रहीं हैं। परंतु किसी जनप्रतिनिधि, समाजसेवी या दल इस ओर ध्यान नहीं दे रहे। दाह संस्कार व शव यात्राएं में में शामिल होने वाले लोगों को आये दिन परेशानीयो का सामना करना पड़ता है। शव वाहन भी हिचकोले खाते हुए ही निकलते है। तमाम सुविधाओं की कमी के साथ साथ बिजली पानी सुरक्षा का भी अभाव है। मुक्तिधाम पर लोग दिक्कतें ही दिक्कतें महसूस करते हैं लेकिन घर आने के बाद श्मशान वैराग्य खत्म हो जाता है।स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसी ही स्थिति रही तो आगामी समय में दाह संस्कार करना बेहद चुनवती पूर्ण व मुश्किल हो जाएगा।मुक्तिधाम पर पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं है और लोगों को पीने के पानी के लिए तरसना पड़ता है। मजबूरन मिनरल वाटर बॉटल व पाउच मँगवाए जाते हैं लेकिन गरीब तबके के लोगों के लिए मुसीबत बन जाती है।

## वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**कांकेर, 6 अक्टूबर ।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं विशेष कर वीरता, शौर्य, साहस तथा महिलाओं में आत्मबल को सशक्त करने के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली राज्य की महिलाओं को प्रतिवर्ष वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी समृति पुरस्कार प्रदान किया जाएगा, जिसके लिए 10 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। इस पुरस्कार के तहत् एक महिला को 2 लाख रुपये की राशि तथा प्रशस्ति पट्टिका सम्मान के रूप में प्रदान किये जाने का प्रावधान है। इसके लिए महिलाओं को पूर्ण परिचय देते हुए वीरता शौर्य, साहस तथा महिलाओं में आत्मबल को सशक्त करने के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने की सप्रमाण विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराना होगा।

## भिलाई महिला समाज ने दीर्घ सेवा करने वाले कार्मिकों का किया सम्मान



**भिलाई, 6 अक्टूबर।** अंचल और देश की प्रमुख समाजसेवी महिला संगठनों में से एक, इस्पात नगरी भिलाई की सशक्त महिला संगठन, भिलाई महिला समाज द्वारा 5 अक्टूबर को दीर्घ सेवा सम्मान समारोह का आयोजन अपने सेक्टर-4 कार्यालय में आयोजित किया गया। समारोह में भिलाई महिला समाज के ऐसे सदस्यों को सम्मानित किया गया, जो लगातार 25 वर्ष या उससे अधिक वर्षों से भिलाई महिला समाज में अपनी सेवा दे रहे हैं। समारोह में भिलाई महिला समाज की अध्यक्ष श्रीमती त्रिपर्णा दासगुप्ता, उपाध्यक्ष श्रीमती नीरजा कुमारी सिंह, अतिरिक्त उपाध्यक्ष श्रीमती प्रणोती मुखोपाध्याय, अतिरिक्त उपाध्यक्ष श्रीमती मीरा पंडा, अतिरिक्त उपाध्यक्ष श्रीमती नुपुर स्वरुप एवं अतिरिक्त उपाध्यक्ष श्रीमती स्मिता गिरी विशेष रूप से उपस्थित थे। महासचिव श्रीमती साधना गोयल, सहसचिव श्रीमती सोनाली रथ, कोषाध्यक्ष श्रीमती शिखा जैन एवं सह-कोषाध्यक्ष श्रीमती दीपन्विता पाल के सक्रिय सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसके अतिरिक्त, भिलाई महिला समाज की विभिन्न उत्पादक इकाइयों की प्रभारी एवं सदस्यगण भी कार्यक्रम में उपस्थित थीं। ज्ञात हो कि यह आयोजन भिलाई महिला समाज के अब तक के इतिहास में पहली बार हुआ है। इस समारोह में, दीर्घ सेवा सम्मान के लिए सम्मानित सभी कर्मचारियों ने, भिलाई महिला समाज के अपने-अपने अनुभव साझा किये। इसके लिए 10 लोगों को चयनित किया गया था ।

# 31 नग हीरों सहित कोरबा तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

- धमतरी ,रायपुर, मैनपुर तिकड़े पर पकड़ा गया आरोपी
- हीरा धमतरी एवं रायपुर के तस्करों को बेचने के लिए ले जा रहा था





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 6 अक्टूबर।** आज मैनपुर पुलिस ने एक बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए 31 नाग हीरो के साथ एक कोरबा बिलासपुर के तस्कर को गिरफ्तार किया है। हीरे की कुल कीमत दो लाख बतलाई जा रही है ।मैनपुर के पहलीखाडँ और भेजराड़िही के जंगलों में हीरा खदान होने से लगातार हीरे का अवैध खनन होता रहता है विशेष कर बरसात के माह में।समय समय पर पुलिस भी अपनी ओर से कार्यवाही करती है किंतु फिर भी कुछ हीरे तस्कर बचकर निकल जाते हैं ऐसा माना जाता है कि इन हीरा खदानों के लिए बरसात का मौसम काफी मुनाफिद होता है जिसके चलते हीरा तस्कर अक्सर इन खदानों में बरसात में पहुंचकर हीरा की खरीददारी कम कीमत में खरीद कर मुंबई और सूरत में ऊंचे दामों पर बेचते हैं इसी कड़ी में आज एक अन्य हीरा तस्कर 31 नाग हीरो के साथ पकड़ा गया है जो कोरबा बिलासपुर कर रहने वाला है।

## हाई स्कूल का क्लर्क ऑनलाइन 1 लाख रुपए की ठगी का शिकार

### ठग ने खुद को बैंक अधिकारी बता कर ठगी की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 6 अक्टूबर।** मामला फ़िंगेश्वर थाने के अंतर्गत है जहां हाई स्कूल के क्लर्क ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गया है ठग ने खुद को बैंक अधिकारी बता कर लूट लिए 1 लाख 80 हजार रुएये। ठग ने क्रेडिट कार्ड का बैंलेस राशि को क्लोज करने के लिए कलर्क से ह्ुअकमाँगा और ह्ुअकनम्बर मांग कर लूट लिए 1 लाख 80 हजार रुपय ,अकलवारा स्कूल के क्लर्क मदन लाल कन्नौजे इसका शिकार हुए मामले की जानकारी मिलते ही फिंगेश्वर पुलिस म, जांच में जुटी ।आपको बता दें आज से एक हफ़्ते पूर्व में भी गरियाबंद नगरपालिका के सीएमओ भी आनलाइन ठगी के शिकार हो गये थे

ऑनलाइन ठगी से आमजन के लिए तो बड़ी परेशानी बन ही रही है, पुलिस के लिए भी चुनौती है इसे रोकने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है आमजन का सतर्क रहना इसके लिए ही अभियान शुरू किया गया है कोई भी व्यक्ति ठगी होने के 24 घंटे में पुलिस को शिकायत करता है तो अविलंब अकाउंट और रुपयों का ट्रांजेक्शन फ्रीज करवाया जा सकता है।

## संकल्प सप्ताह में स्वच्छता शिविर आयोजित

**जगदलपुर, 6 अक्टूबर।** संकल्प सप्ताह में आकांक्षी विकास खण्ड तोकापाल के अंतर्गत 05 अक्टूबर को स्वच्छता शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वच्छता शिविर में स्वच्छ घर, स्वच्छ गांव, स्वच्छ पंचायत हेतु सभी ग्राम पंचायत में सुबह 8 बजे से स्वच्छता रैली और प्रातः 10 बजे स्वच्छता दौड़ सहित प्रातः 10.30 बजे स्वच्छता हेतु सभी ग्राम पंचायत एवं स्कूल में रंगोली कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं प्रातः 11 बजे से ग्राम सभा बैठक के साथ स्वच्छता का ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों के द्वारा शपथ ली गई और शाम को स्वच्छता मशाल रैली सभी ग्राम पंचायत में निकाली गई।आकांक्षी विकासखंड तोकापाल ब्लाक के जनपद स्तर की स्वच्छता शिविर सप्ताह ग्राम पंचायत राजूर-01 में आयोजित किया गया। जिसमें जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती मौर्य, उपाध्यक्ष कामिनी ठाकुर, राजूर-01 के सरपंच श्रीमती सुबरी कश्यप, राजूर-02 के सरपंच बुधराम मौर्य, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, श्री एस0 एल0 देवांगन,पंचायत निरीक्षक हरिश पाण्डे सहित पंचायत पदाधिकारी और सभी स्कूलों के शिक्षक-शिक्षिकाएं, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं, मितानिन, कोटवार व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री और प्रियंका गांधी का हेलीपैड में किया आत्मीय स्वागत



**कांकेर 6 अक्टूबर ।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल और श्रीमती प्रियंका गांधी भानुप्रतापदेव कॉलेज मैदान, गोविंदपुर कांकेर स्थित हेलीपैड पहुंचे।

हेलीपैड में संसदीय सचिव एवं कांकेर विधायक श्री शिशुपाल शोरी, भानुप्रतापपुर विधायक श्रीमती सावित्री मंडावी, अंतागढ़ विधायक श्री अनूप नाग सहित जिले के अन्य जनप्रतिनिधियों, पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल सहित अधिकारियों एवं आमजनों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। श्रीमती प्रियंका गांधी आज अपने कांकेर प्रवास के दौरान जनरल गर्ल्स हॉस्टल की छात्राओं से मिली। हॉस्टल की छात्राएं बड़े उत्साह से श्रीमती गांधी से मिली। इस अवसर पर श्रीमती गांधी ने छात्राओं से उनकी पढ़ाई और करियर को लेकर बातें की और उनके साथ सेल्फी भी खिंचवाई।

## 'बहादुर कलारिन सम्मान' के लिए 10 अक्टूबर तक प्रविष्टियां आमंत्रित

**कांकेर, 6 अक्टूबर ।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ नारी उत्थान हेतु अभूतपूर्व कार्य करने वाली राज्य की महिलाओं को प्रोत्साहित करने हेतु 'बहादुर कलारिन सम्मान' वर्ष 2023 के लिए प्रविष्टियां 10 अक्टूबर तक आमंत्रित की गई है। इसके तहत् एक महिला को 02 लाख रूपये की राशि तथा प्रशस्ति पट्टिका सम्मान के रूप में प्रदान किया जाता है। इस सम्मान के लिए महिलाओं को अपना पूर्ण परिचय देते हुए महिला उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष, नारी उत्थान हेतु अभूतपूर्व कार्य करने के क्षेत्र की सप्रमाण विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराना होगा।

## पार्षद निधि से युवाशक्ति समाज को मिला सेवारथ ई रिक्शा लोडर,नगर के सेवा कार्यों में मिलेगी मदद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**चारामा, 6 अक्टूबर।** नगर पंचायत चारामा के वार्ड क्रमांक 04 के पार्षद नरेन्द्र यादव द्वारा पार्षद निधि से युवाशक्ति समाज सेवी संस्था चारामा को नगर के विभिन्न सेवा कार्यों के लिए ई रिक्शा लोडर दिया गया है। जिसका शुभारंभ भानूप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी, गौसेवा आयोग सदस्य नरेन्द्र यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष प्यारेलाल देवांगन, एल्डरमैन सत्यजीत यादव के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। नगर पंचायत पार्षद एवं गौसेवा आयोग सदस्य छत्तीसाग़ढ़ शासन नरेन्द्र यादव ने बताया कि संस्था द्वारा विगत कई वर्षो से गौसेवा कार्य सड़क दुर्घटना में मृत गौवंश को उठाकर विधिवत अंतिम संस्कार,घायल गौवंश को सुरक्षित स्थान पर पहुंचा कर निरंतर उपचार व खाना की व्यवस्था करना, लावारिश लाशों का अंतिम संस्कार करना, सभी वार्ड में गौजल पात्र व्यवस्था, वृक्षारोपण व नगर डिवाइडर पर सौंदर्य फूल पौधारोपण, जरूरतमंद व्यक्ति को रक्तदान करना, नेकी के दीवार के माध्यम से जरूरी समान उपलब्ध करना, युवाओं को कैरियर गाइडेंस एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं की जनजागरूकता अभियान जैसे कार्यों को करते आ रहे हैं। संस्था का कार्य जनसहयोग से ही संचालित किया जा रहा है। संस्था अध्यक्ष उत्तम साहू ने पूर्ण विश्वास दिलाया कि यह सेवारथ वाहन नगर पंचायत चारामा के विभिन्न सेवा प्रकल्पो में लगेगा। हम दानदाता एवं नगर पंचायत चारामा के सदैव आभारी रहेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से संस्था के सलाहकार मदन जैन, संरक्षक धर्मेन्द्र कुमार साहू, सचिव देवेन्द्र सिन्हा, सदस्य सूर्या नेवेन्द्र, लिकेश धृतलहरे, अश्वन सोनी, पंकज यदु, पंकज सिन्हा, लोकेश बबलू नागवंशी, गोलू डीगेंद्र साहू एवं नगर पंचायत चारामा के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पत्नी की हत्या कर पति ने लगाई फांसी,पुलिस का खुलासा



**भिलाई, 6 अक्टूबर।** भिलाई आदिवासी मोहल्ले में मिली दो लाश मामले में शार्ट पीएम आने के बाद खुलासा हो गया कि पत्नी को पति ने मौत के घाट उतारने के बाद खुद फांसी पर झूल गया था। जामुल पुलिस आरोपी पति के खिलाफ धारा ×02 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है जामुल टीआई याकूब मेमन ने बताया कि जामुल के आदिवासी नगर स्थित सार्वजनिक मंच पर तीन अक्टूबर की शाम रमली नेताम(45वर्ष) की लाश पाई गई थी। मंच के बाजू में स्थित झोपड़ी में रमली के पति जीतू नेताम(40वर्ष) की लाश फांसी के फंदे पर झूलते मिली थी। नेताम परिवार मूलत तिल्दा नेवरा का रहने वाला था। दोनों जामुल के आदिवासी नगर में काफी अर्से से रह रहे थे जड़ी बूटी बेचकर जीवन यापन करते थे। मृत दंपत्ति के तीन छोटे बच्चे हैं घटना के समय तीनों बस्ती में खेलने गए थे स्थानीय लोगों ने जब मंच पर महिला की लाश देखी तो जामुल पुलिस को सूचना दी। जामुल पुलिस ने मौका मुआयना किया। परिस्थितिजन्य साक्ष्य हत्या की तरफ इशारा कर रहे थे। जांच के दौरान पुलिस को यह पता चला कि मृतका का पति जीतू नेताम अपनी झोपड़ी मे फांसी पर लटका हुआ है। दो लाश मिलने की खबर से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जांच के दौरान पुलिस ने आशंका जताई कि किसी बात पर पति पत्नी का विवाद हुआ होगा और गुस्से में जीतू ने अपनी पत्नी रमली की हत्या करने के बाद खुद आत्महत्या कर ली होगी। इधर बुधवार को पुलिस की आशंका शार्ट पीएम रिपोर्ट में सच साबित हुई जामुल टीआई ने बताया कि आज सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपा गया। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट में रमली की मौत गला दबाने से दम घुटने से होना पाया गया। इस आधार पर पुलिस ने मृतक पति जीतू नेताम के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

### भूपेश सरकार की वादाखिलाफ़ी से सभी वर्ग त्रस्तः कृष्णा साहू

**राजनांदगांव।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व ग्राम पंचायत भेड़ीकला के सरपंच कृष्णा साहू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि भूपेश सरकार के द्वारा गांव के गरीब पेंशनधारी एवं स्कूल के रसोईया व सफाई कर्मचारी को छलने का काम किया, उनके द्वारा पिछले चुनाव में राशि पेंशन धारी की राशि 1000 करने का वादा किया था वह अभी मात्र चार माह 500 के हिसाब से जारी किया। इसके हिसाब से पेंशनधारियो को भूपेश सरकार द्वारा मात्र डेढ़ सौ रुपए की वृद्धि के अनुसार कुल 600 ही प्राप्त हुआ है। इसी प्रकार रसोइयों सफाई कर्मचारी को थोड़ा-थोड़ा राशि बढ़ाकर लॉलीपॉप देने का काम किया है।

समाचार संक्षेप

## विदेशी करेंसी बदलने के नाम पर लाखों की ठगी



**भिलाई, 6 अक्टूबर।** सुपेला थाना क्षेत्र में ठगी का बड़ा मामला सामने आया है। भिलाई तीन के रहने वाले एक शख्स से शातिरों ने मलेशियाई करेंसी बदलने के नाम पर 3 लाख 50 हजार रुपए की ठगी कर ली। दरअसल शातिरों ने पहले शख्स को मलेशिया की करेंसी 50 का नोट दिया। इसके बाद और करेंसी देने के नाम पर 3 लाख 50 हजार रुपए ठग लिए। इस मामले में सुपेला पुलिस ने शख्स की शिकायत के बाद तीन लोगों के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है इस मामले में भिलाई तीन जैन मंदिर के पास रहने वाले राजू जैन ने शिकायत दर्ज कराई है। राजू जैन ने अपनी शिकायत में बताया कि 23 सितंबर 23 शनिवार को तीन लोग उसकी दुकान राजहंस लेडिस वियर में पहुंचे और अंडरवियर दिखाने कहा। इस दौरान अंडरवियर खरीदकर 90 रुपए दिए। इस दौरान एक शख्स ने उसे मलेशिया की करेंसी 50 का नोट दिखाया और कहा कि उसके पास मलेशिया की करेंसी और भी है जिसे भारतीय रुपए में बदलना है। इसके बाद तीनों राजू जैन के पास 50 का नोट छोड़कर चले गए। तीनों ने अपना नाम क्रमश॰ अब्दुलरफ खान, साईफुल व आकाश मलिक बताया जो कि सुपेला गदा चौक के पास किराए के मकान में रहने की बात बताई। तीनों ने राजू जैन को अपना मोबाइल नंबर भी दिया।उनके जाने के बाद राजू जैन ने मलेशिया की करेंसी को बदलवाने के लिए सुभाष चौक भिलाई तीन निवासी प्रमोद जैन से मिला। तब उसे पता चला कि मलेशियाई 50 के नोट की कीमत भारतीय मुद्रा में 800 रुपए से भी ज्यादा है। इस दौरान वह लालच में आ गया और नोट बदलवाकर कमीशन के चक्कर में तीनों से संपर्क किया। इसके बाद राजू जैन व प्रमोद जैन 26 सितंबर को गदा चौक के पास पहुंचे और तीनों से मिले। सामने वाले ने बैग में मलेशियाई करेंसी दिखाई। और उसमें से 8 नोट निकालकर दे दिए।1660 नोट होने की बात बताई सुपेला थाना जांच अधिकारी योगेश्वर वर्मा ने बताया कि उनके पास ऐसे 1660 नोट होने की बात बताई। इसके बाद इनके बीच डील हो गई। राजू जैन व प्रमोद जैन ने नोट बदलवाने का समय तय कर लिया। इसके बाद 27 सितंबर को फिर से गदा चौक पहुंचे और अब्दुलरफ खान, साईफुल व आकाश मलिक उनसे मिले। दोपहर करीब 12॰30 बजे तीनों पहुंचे और बैग दिखाया जिसमें नोटों की गड्डियां भरी हुई थी। उनमें से एक ने बैग से तीन नोट भी निकालकर दिखाए बैग में करेंसी की जगह कागज की गड्डियां पूरी तरह से तसल्ली होने के बाद राजू जैन ने उन्हें 3 लाख 50,000 रुपए दे दिए और मलेशियाई नोटों से भरा बैग ले लिया। जब घर पहुंचकर शख्स ने बैग खोला तो हैरान रह गया। बैग में करेंसी की जगह कागज की गड्डियां भी थी इसके बाद उन्हें ठगी का अहसास हुआ। इसके बाद लगातार तीनों से संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन वे अपना मोबाइल नंबर बंद कर फरार हो चुके थे इस मामले में शिकायत के बाद सुपेला पुलिस ने अब्दुलरफ खान, साईफुल व आकाश मलिक के खिलाफ धारा 420,34 तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### बिना अनुमति बिछाए जा रहे केबल को निगम ने जब्त किया

**भिलाई, 6 अक्टूबर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में बिना अनुमति के जियो टेलिकॉम द्वारा बिछाए जा रहे आप्टिकल फाइबर केबल को निगम के भवन अनुज्ञा शाखा एवं तोड़फोड़ दस्ता की टीम ने कार्यवाही की। आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर निगम की टीम अवैध अतिक्रमण, निर्माण तथा बिना अनुमति के फाइबर केबल बिछाने वालों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। वैशालीनगर जोन-2 क्षेत्र के जवाहर नगर दारू भट्ठी के सामने रोड में जियो कंपनी के द्वारा बिना अनुमति के ऑप्टिकल फाइबर लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा था, जिसकी सूचना प्राप्त होते ही निगम के भवन अनुज्ञा जोन-2 के राजस्व अमले के साथ मौके पर पहुँच कर ट्रेक्टर ट्राली में रखे जियो ऑप्टिकल फाइबर को ट्राली सहित तथा एक पानी टैंकर को जब्त किया गया। शिकायत के आधार पर भवन अनुज्ञा विभाग के अधिकारियों के साथ निगम का अमला मौके पर पहुंचा केबल बिछाने वालों से केबल बिछाने की अनुमति पत्र दिखाने को कहा तो उनके द्वारा गोल मोल जवाब देते हुए किसी प्रकार अनुमति संबंधी कोई दस्तावेज मौके पर प्रस्तुत नहीं कर सके अतः कार्यवाही के लिए पहुंची निगम की टीम ने मौके से बिछाए जा रहे केबल के साथ अन्य सामग्रियों को जब्त किया गया। गौरतलब है कि इसके पूर्व भी निगम क्षेत्र में इसके पूर्व अन्य टेलीकॉम सर्विस कंपनी द्वारा बिना कोई अनुमति केबल बिछाने या गड्ढा खोदने की शिकायत मिलने पर निगम की टीम सूचना मिलते ही त्वरित कार्यवाही करने मौके पर पहुंचकर गलत ढंग से किए जा रहे कार्यों पर शिकंजा कसने मशीन आदि को जब्त बनाते हुए अर्थदण्ड भी वसूलने की कार्यवाही की गई है।

### महापौर ने किया नवीन निर्माण कार्य का भूमिपूजन



**भिलाई-चरौदा।** नगर पालिक निगम भिलाई-3 चरोदा महापौर निर्मल कोसरे ने गुरुवार को निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में नये निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्र के नागरिकों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। भिलाई चरौदा क्षेत्र के वार्ड क्रं. 38 सोमनी में यादव समाज का सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, पटेल समाज भवन के पास अहाता निर्माण कार्य, विद्यालय में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य का प्रारंभ विधिवत पूजा अर्चना कर कोसरे द्वारा किया गया। वही वार्ड कं. 11 बिजली नगर में रोड, वार्ड कं. 22 चरौदा में सामुदायिक भवन का लोकार्पण महापौर निर्मल कोसरे द्वारा किये जाने के साथ 6 लाख की लागत से बन रहे स्मार्ट टायलेट का भी लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में महापौर निर्मल कोसरे के अलावा, एमआईसी सदस्य मोहन साहू, पार्षद तुशांत वर्मा, पूर्व पार्षद गुड्डू वर्मा, अशोक वर्मा, रामखिलावन वर्मा पार्षद सहित गणमान्य जन उपस्थित रहे।

### नेहरू आर्ट गैलरी में मुक्तेश्वरी बघेल ने देखा वन्य जीवों का संसार

**भिलाई, 6 अक्टूबर।** वन्य जीव सप्ताह 2023 के अंतर्गत छायाकार एस.डी. बर्मन और राजू वर्मा द्वारा खींचे गए वन्य जीव के छाया चित्रों के संग्रह की युगल प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि सुश्री निशा सोनी कार्यकारी कार्यपालक निदेशक सेल भिलाई इस्पात संयंत्र के द्वारा 5 अक्टूबर गुरुवार संध्या 6 बजे नेहरू आर्ट गैलरी भिलाई में हुआ। प्रदर्शनी देखने पहुंचे लोग फोटो में कैद हुए अद्भुत लम्हों को लंबे समय टकटकी लगाकर देखते रहे। फोटो प्रदर्शनी में फोटोग्राफर एस डी बर्मन और राजू वर्मा के 100 से ज्यादा फोटोग्राफ्स को प्रदर्शित किया है। जिसमे उन्होंने वन्यजीवों और पक्षियों की अनमोल सुंदरता को एक कलात्मक नजरिये से इस तरह से अभिव्यक्त किया है कि आमजन कुछ वक्त के लिए प्रकृति की सुंदरता और विविधता को महसूस करने लगते हैं।

एक नजर



## गोस्वामी की जयंती व पुण्यतिथि मनाई

**महासमुंद,6 अक्टूबर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. अद्वैत गिरि गोस्वामी खम्हारमुड़ा, डोंगरिपाली मालगुजार जिनका संयोगवश जन्म 01 अक्टूबर 1901 व देवलोकगमन 01 अक्टूबर 1972 था का जन्मदिन व पुण्यतिथि 01 अक्टूबर 2023 को उनके सुपुत्र चित्रसेन गिरि के निवास बरोडा चौक के पास शाम 6 बजे स्वाधीनता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन द्वारा मनाया गया।

संगठन के अध्यक्ष नारायण नामदेव व मंत्री कुबेर गिरि गोस्वामी ने अपने उद्बोधन में कहा महासमुन्द जिले में 146 देश को स्वतंत्र कराने में अपनी अहम भूमिका निभाई। जिसमें एक ही परिवार से 6 लोगों ने भाग लिया, जिसका श्रेय स्व अद्वैत गिरि को जाता है। इन्होंने अपने परिवार व अन्य देश भक्तो के साथ महात्मा गांधी के बताए मार्ग पर तमोरा जंगल सत्याग्रह का नेतृत्व, अनेक आंदोलनों में नेतृत्व किया व छुआछूत, भेदभाव को समाप्त कर दलित वर्गो को साथ लेकर देशभक्ति में पूरे जीवन न्यौछावर किए। अंग्रेज शासन इनके पूंजी, पालतू जानवरों से भी बेदखल किया, बल्कि अनेक प्रलोभन जैसे चार गांवों की जागीर, धन दौलत देने का भी प्रयास किए, पर इन्होंने प्रलोभन को इंकार कर स्वाधीनता आंदोलन में उग्रता पूर्ण परिवार सहित भाग लिया। जब देश स्वतन्त्र हुआ तो स्वतन्त्र भारत प्रशासन द्वारा सेनानियों को भूमि, पेंशन योजना का लाभ दिया, जिसे भी पूरे परिवार सहित लेने से इंकार कर दिए ऐसे महान देश भक्त स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी की जितना भी सत्कर्म बताएं कम है। संगठन से मुख्य रूप से उपस्थित अध्यक्ष नारायण नामदेव, उपाध्यक्ष चित्रसेन गिरि, मंत्री कुबेर प्रकाश गिरि, संगठन मंत्री संजय गिरि, कोषाध्यक्ष मनोज लुनिया, सदस्यगण बसन्त चन्द्राकर, शेषनारायण नामदेव, हुलास गिरि, रोमांतक गिरि, सुभाष गिरि, आनंद गिरि, अनिकेत गिरि, आरव गिरि के अतिरिक्त अन्य कई लोग उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी कुबेर गिरि गोस्वामी संगठन के मंत्री ने दी।


## शहर के आवारा मवेशियों को शिफ्ट किया जाता है संबलपुरी गौठान में, अभी रखे गए हैं 225 पशु



**रायगढ़, 6 अक्टूबर।** संबलपुरी के गौठान में शहर के आवारा मवेशियों को शिफ्ट कर उनकी देखभाल की जाती है। जिससे शहर में भी यातायात व्यवस्था सुचारू हो और मवेशी भी सुरक्षित रहें। यहां उनके चारे पानी के साथ नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच का इंतजाम किया जाता है। गौठान में वर्तमान में 225 पशुओं को रखा गया है। पशुपालन विभाग द्वारा यहां पशुओं के नियमित स्वास्थ्य जांच के 5 लोगों की ड्यूटी लगाई गई है। बीते 27 सितंबर को गौठान में वृहत हेल्थ कैंप लगाया गया था। साथ ही पशुओं के देख-रेख के लिए नगर निगम द्वारा युवा संगठन समिति को जिम्मेदारी दी गई है

संबलपुरी गौठान में मवेशियों के लिए पर्याप्त मात्रा में चारे की भी व्यवस्था है। नगर निगम आयुक्त श्री सुनील चंद्रवंशी ने बताया कि नियमित रूप से चारे का इंतजाम किया जा रहा है। वर्तमान में गौठान में 40 क्विंटल पैरा कुट्टी और 55 क्विंटल चोकर उपलब्ध है। सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से यहां हरी सब्जियों का भी इंतजाम किया जाता है। उप संचालक पशुपालन विभाग डॉ.जायसवाल ने बताया कि संबलपुरी गौठान में मवेशियों की नियमित जांच की जाती है। बीते 27 सितंबर को गौठान में वृहत जांच शिविर लगाया गया था। इसमें रूटीन जांच और टीकाकरण किया गया है। गौठान में स्वास्थ्य जांच के लिए एक पशु चिकित्सक सहित 5 लोगों की ड्यूटी लगाई गई है।

## निर्वाचन की ट्रेनिंग पूरी गंभीरता से करें मास्टर ट्रेनर:कलेक्टर



**रायगढ़, 6 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री तारन प्रकाश सिन्हा कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित मास्टर ट्रेनरों की मतदान प्रक्रिया प्रशिक्षण में शामिल हुए। कलेक्टर श्री सिन्हा ने सभी अधिकारियों को कहा कि हमें टीम भावना के साथ कार्य करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया को संपन्न करवाना हैं, जिसमें सभी का सहयोग महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि ट्रेनिंग में मौजूद कई अधिकारियों को निर्वाचन कार्यों का लंबा अनुभव होगा, लेकिन इस बार निर्वाचन में कई परिवर्तन हुए हैं। ट्रेनिंग का मतलब अपने नॉलेज को अपडेट व रिफ्रेश करना हैं। सभी अधिकारी निर्वाचन की ट्रेनिंग को गंभीरता से लेते हुए, बेहतर तरीके से ट्रेनिंग प्राप्त कर पीठासीन अधिकारी, मतदान दल, अधिकारी क्रमांक 1, 2 एवं 3 को ट्रेनिंग दे। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्दर यादव, अपर कलेक्टर श्री राजीव कुमार पाण्डेय भी उपस्थित थे। प्रशिक्षण में कलेक्टर श्री सिन्हा ने कहा कि ट्रेनिंग में निर्वाचन के अनुभव वाले लोगों के साथ नए अधिकारी भी जुड़े हैं। इसलिए ट्रेनिंग पार्टिसिपेटरी होनी चाहिए, जिसे निर्वाचन से संबंधित प्रश्न, शंका हो उसे तत्काल प्रशिक्षण में समाधान कर ले। जिससे आप निर्वाचन कार्य में अनावश्यक परेशानी से बचेंगे।

### एक दिवसीय कार्यशाला में सीएम के सलाहकार प्रदीप शर्मा ने कहा

# जैवविविधता सरंक्षण व संवर्धन करना हमारा पहला कर्तव्य

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 6 अक्टूबर।** गरियाबंद के मंगल भवन मे गुरुवार को जैवविविधता सरंक्षण व संवर्धन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया कार्यक्रम मे मुख्यातिथि के रूप मे मुख्यमंत्री के सलाहकार व कृषि योजना ग्रामीण विकास सलाहकार प्रदीप शर्मा थे कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष छ. ग. राज्य जैवविविध बोर्ड राकेश चतुर्वेदी विशिष्ट अतिथि के रूप मे सी सी एफ राजू आकाशमणी,श्रीमती लक्ष्मी अरुण साहू सदस्य राज्य केम्पा मद, आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जनक ध्रुव, जिला पंचायत गरियाबंद के उपाध्यक्ष संजय नेताम उपस्थित थे

अतिथियो द्वारा के द्वारा सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र मे दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिसके बाद अतिथियों को गुलदस्ता भेटकर स्वागत किया गया मुख्य अतिथि की आसंदी से सम्बोधित करते हुए प्रदीप शर्मा ने कहा कि सदियों से गरियाबंद क्षेत्र जैव विविधता से समृद्ध विरासत का पोषक रहा है। खनिज, औषधि एवं वन से परिपूर्ण इस धरा पर सभी समुदाय के लोग प्रकृति के साथ सदैव संतुलन बनाकर चले है, इसका संरक्षण व संवर्धन करना हमारा महती दायित्व है। स्थानीय समुदाय के पुरातन ज्ञान विज्ञान एवं संस्कृति को न केवल सहेजने बल्कि उसे देश और दुनिया के समक्ष लाने की भी आवश्यकता है। यहां पाये जाने वाले वनीय जड़ी-बूटी में असाध्य रोगों में भी उपचारित करने की क्षमता है, भविष्य के लिए लुप्त हो रही औषधि पौधों वनस्पतियों को बचाने हेतु स्थानीय समुदायों को इसकी बड़े पैमाने पर खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए इसके लिए जैवविविधता प्रबंधन समितियां की बड़ी भूमिका है उन्होंने आगे कहा की उनका नाता गरियाबंद से बहुत पुराना है वे इस क्षेत्र मे खेले बढ़े है उनके पिता जी यंहा शिक्षक थे तब वे अक्सर गरियाबंद आते थे जिले मे प्रचूर मात्रा मे वन औषधि है जिसे हमें संभाल कर रखना है मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा छत्तीसगढ़ की परंपरा को जीवित रखना अनेक योजना पर काम कर रही है जब भूपेश बघेल ने प्रदेश में नरवा गरवा घुरवा योजना चालू की तब लोग इस योजना का हंसी उड़ा रहे थे लेकिन आप दूसरे राज्य भी छत्तीसगढ़ की योजना का कॉपी कर रहे हैंइस अवसर पर अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य जैवविविधता बोर्ड राकेश चतुर्वेदी ने कहा कि प्रकृति और मनुष्य के बीच अटूट सम्बन्ध के निर्वहन का पाठ बस्तर से सीखना चाहिए हमारे प्राचीन वेदों पुराणों एवं संस्कृति में नदी पर्वत एवं वनों की पूजा का विधान है। जो प्रकृति और हमारे बीच सुदृढ़ सम्बन्ध और सामंजस्य का परिचायक है। परन्तु प्रकृति के अवैज्ञानिक विदोहन से यह सामंजस्य अब खतरे में है जो






ग्लोबल वार्मिंग के रूप में मानव जाति के समक्ष है, और अभी भी अगर हम सचेत नहीं हुए तो आने वाली पीढ़ी को इसका खामियाजा भूगतना पड़ेगा। जैवविविधता बोर्ड का उद्देश्य है कि भविष्य में जैवविविधता के संरक्षण और संवर्धन के कार्यों का विस्तार कर इस दिशा में किए जाने वाले अन्य प्रयासों में युवाओं को प्रेरित करें साथ ही बोर्ड का यह भी लक्ष्य कि स्थानीय समुदाय के बडे वर्ग उससे लाभान्वित हो इसके साथ ही उन्होंने शासन द्वारा इस दिशा में किए जाने वाले प्रयासों का जिक्र करते हुए कहा कि शासन की नरवा गरवा घुरवा बाडी योजना भी स्थानीय संसाधनों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मूर्त रूप देने का एक अंग है और इसके सकारात्मक प्रभाव सभी के सामने है ।साथ ही शासन द्वारा अब वनोपज खरीदी में पूर्व से बढ़ाकर 65 प्रकार के वनोपजों को शामिल किया गया है जिसका सीधा लाभ स्थानीय लोगों का मिलेगा! इस अवसर पर गरियाबंद वनमंडल अधिकारी मनिवासगन,शितिज चंद्राकर आल इंडिया प्रोफेशन कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, आलोक चंद्राकर अध्यक्ष जीव अनु बोर्ड, एल एल देवांगन सहप्रभारी, उप मंडलाअधिकारी गरियाबंद मनोज चंद्राकर, उपमंडला अधिकारी राजिम राजेश ठाकुर, उप मंडलाअधिकारी मैनपुर उमेंद्र सोरी, राजीव युवा मितान के जिला संयोजक संदीप सरकार, विधानसभा संयोजक बंटी साहिल, विधानसभा संयोजक निद्रानवगढ़ उमेन्द्र सहित बड़ी संख्या मे राजीव का मितान के कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# रोहिना के ग्रामीणों ने नायब तहसीलदार को एसडीएम के नाम सौंपा मांगों का ज्ञापन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 6 अक्टूबर।** राजस्व ग्राम को अलग करने के संबंध में आश्रित ग्राम सेमराडीह एवं मूल ग्राम रोहिणा के बीच में आपसी मतभेद के चलते राजस्व ग्राम को लेकर ग्राम रोहिना के सैकड़ों किसानों ने एसडीएम कार्यालय के घेराव करके मांग किया कि जब तक रोहिना वासियों को संतुष्टि प्रद जमीन आवंटन में विश्वास में नहीं लिया जाएगा तब तक सेमराडिह को राजस्व ग्राम का दर्जा न दिया जाए।चर्चा करने पर ग्राम रोहिणा के ग्राम विकास अध्यक्ष कुंवर सिंह साहू ने बताया राजस्व ग्राम की मांग सेमराडिह वाले निरंतर कर रहे हैं हमें उसे राजस्व ग्राम बनने देने में किसी तरह से परेशानी नहीं है परंतु जिस तरह से हम समस्त रोहिना वासियो को बिना विश्वास में लिए पटवारी तहसीलदार द्वारा नक्शा काटा गया है उस पर आपत्ति है जब तक नक्शा में सुधार नहीं किया जाएगा तब तक हम राजस्व ग्राम सेमराडीह को बनाए जाने पर आपत्ति करते रहेंगे किसानों ने बताया कि ग्राम सेमराडीह वाले अपने ही गांव की सरकारी जमीन को ढाई ढाई डिसमिल बांट लिए हैं जिनके वजह से राजस्व ग्राम बनाए जाने के मापदंड के आधार पर 10त्र शासकीय भूमि होना अनिवार्य पाया जाता है जो ग्राम सेमराडीह के पास नहीं है जिस वजह से 10 परसेंट शासकीय भूमि जो रोहिना में आता है उसे एवं उसके साथ-साथ जो रोहिना के मूल किसानों का जमीन है उस क्षेत्र को भी सेमराडीह के नक्शे में मिला दिया गया है जिन पर घोर आपत्ति दर्ज ग्राम वासी रोहिना ने कराया है साथ ही साथ प्रशासन को लिखित पत्र के माध्यम से कहा गया है कि अगर बिना सामंजस्यता बनाएं सेमराडीह को राजस्व ग्राम का दर्जा दिया जाएगा तो आने वाले विधानसभा चुनाव का बहिष्कार सामूहिक रूप से ग्राम पंचायत रोहिणा वाले करेंगे।

## ग्राम भेंडरा में विभिन्न निर्माण कार्यो का भूमिपूजन जिपं सदस्य ने किया

**अंवरी।** कुरूद विधानसभा क्षेत्र के सक्रिय एवं मिलनसार ज़िला पंचायत सदस्य सभापति गोविंद साहू जो कि हमेशा क्षेत्र के विकास में निरंतर प्रयासरत रहते हैं छेत्र के धर्मिक,सामाजिक,संस्कृत,कार्यक्रम में उपस्थित होते है इसी दिशा में ग्राम पंचायत भेंडरा मे निम्न विकासकार्यो का भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें दीनानाथ तालाब की पास चबूतरे के ऊपर शेड निर्माण राशि 1.40 लाख,जैतखाम में टाइल्स एवं रेलिंग सौंदरीकरण कार्य 1.लाख एवं बाहरा खार मे बोरखनन सोखता निर्माण राशि 70 हजार के विकास कार्यो का भूमि पूजन संपन्न हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि गोविंद साहू शामिल हुए उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा पिछले कई वर्षो से श्रावण मास मे यहा रामायण पाठ होता है जहां पर अनेक कार्यक्रम होते हैं उक्त जगह पर कई वर्षों से मांग की गई थी जो आज पूर्ण हुआ है, सभी उक्त निर्माण कार्य की बधाई दी।

# एटीएम के पैसे से खरीदे चश्मे से खड़गे ने देखा इसलिये उन्हें छत्तीसगढ़ में विकास दिखा:रूपकुमारी

**महासमुन्द,6 अक्टूबर ।** भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती रूपकुंमारी चौधरी ने जारी बयान में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में जनता का भरोसा खो चुकी कांग्रेस सरकार के भरोसे का सम्मेलन में रायगढ़ पहुंचे खडगे ने यह बोलकर कि उन्हें गर्व है कि भूपेश बघेल के नेतृत्व में हर जगह भरोसे का सम्मेलन हो रहा है और ऐसा सम्मेलन देश में अब तक कहीं नहीं हुआ, कांग्रेस और प्रदेश सरकार की छत्तीसगढ़ में स्थिति को ही उजागर किया है। उन्होंने कहा कि दरअसल भूपेश सरकार ने अपने घपलों, घोटालों, झूठ, फरेब और वादाखिलाफी से जनता का भरोसा पूरी तरह खो दिया है, इसलिए उन्हें ऐसे सम्मेलन की जरूरत पड़ रही है। और रही बात देश में कभी ऐसे सम्मेलन की तो कभी, कहीं ऐसा बहरूपिया नेतृत्व मिला ही नहीं। उन्होंने आगे कहा कि यहां की जनता प्रदेश में दूरबीन लेकर पांच साल के विकास को खोज रही है तो उन्हें सरकार की नाकामियां दिखाई दे रही हैं, लेकिन खडगे को प्रदेशभर में विकास दिखाई दिया, दरअसल उनकी आंखों में एटीएम से दिया हुआ चश्मा पड़ा हुआ था, जिससे उन्हें वही दिखाई दे रहा था जो भूपेश दिखा रहे थे।खडगे के बयान पर तंज कसते हुए जिलाध्यक्ष रूपकुंमारी चौधरी ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में गरीब, किसान, मजदूर, महिला, आदिवासी, युवा तथा वंचित व कमजोर वर्ग सहित बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक सबके हित में इस सरकार ने काम केवल कागजों और विज्ञापनों में किया है। राज्य सरकार ने यहां आम लोगों की नहीं बल्कि अपनी जरूरत और भ्रष्टाचार की गुंजाइश को समझकर योजनाएं बनाई। इन योजनाओं से लाखों-करोड़ों रुपए एटीएम में डाले गए। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल ने समान्य ही नहीं विपरीत परिस्थितियों में भी छत्तीसगढ़ नहीं बल्कि केवल अपने विकास के काम को नहीं रोका और यहां की जनता से यह सब छिपा नहीं है। गोधन न्याय योजना ने मजबूत नहीं मजबूर बनाया है। गांवों में रोजगार नहीं शराब के कोचिये बढ़े हैं।मुख्यमंत्री द्वारा 82 ब्लॉकों में जैतखाम के लिए भूमिपूजन को चुनावी पासा बताते हुए रूपकुंमारी ने सवाल किया कि पांच साल में अभी भूपेश बघेल को जैतखाम की याद क्यों आई? साथ ही उन्होंने कहा कि भूपेश और कांग्रेस यदि वास्तव में गुरु घासीदास जी का सम्मान करते हैं तो उनके बताए सत्य के रास्ते पर चलते हुए प्रदेश में हुए घपले, घोटाले, झूठ, अपराध और अपने छत्तीसगढ़ विरोधी प्रपंचों के सच को जनता के सामने लाने का साहस दिखाए। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल ने अपने जिन महान नेतृत्वों द्वारा छत्तीसगढ़ का विकास किए जाने की बात कही है, यहां की जनता जानती है कि उनके कार्यकालों में प्रदेश ने केवल गरीबी, बेरोजगारी, शोषण, पिछड़ापन का दंश ही झेला है। सच्चाई यह है कि अटल जी ने छत्तीसगढ़ राज्य बनाकर हमें सम्मान दिया और प्रदेश में भाजपा के 15 साल के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ को मान-सम्मान और यहां के विकास को नई दिशा मिली। इतना ही नहीं अभी पांच साल में जो भी काम प्रदेश में हुए हैं वो सब केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा कराए गए हैं जिसे भूपेश सरकार अपना बताकर नाम कमाने की कोशिश कर रही है।



## पुरुषोत्तम कौशिक को पुण्यतिथि पर सभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि दी गई



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ चन्द्रनाहू शिक्षण समिति, चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय महिला समाज, शिक्षण समिति द्वारा संचालित छग उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शांत्रीबाई महाविद्यालय व चन्द्रोदय पब्लिक स्कूल द्वारा पूर्व केन्द्रीय मंत्री, प्रखर समाजवादी नेता स्व. पुरुषोत्तम कौशिक की छटवीं पुण्यतिथि पर भावभीनि श्रद्धांजलि दी गई।सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ चन्द्रनाहूं शिक्षण समिति के अध्यक्ष राहुल चन्द्राकर द्वारा कौशिक के प्रतिमा पर पुष्पांजलि व माल्यार्पित कर नमन किया गया। साथ ही उपस्थित शिक्षण समिति के समस्त पदाधिकारी व सदस्यों, चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय महिला समाज के सदस्यों, विद्यालय, महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं अन्य समाजवादियों द्वारा कौशिक की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।सभा को संबोधित करते हुए शिक्षण समिति के अध्यक्ष राहुल चन्द्राकर ने कहा कि कौशिक का जीवन अत्यंत संघर्षशील व प्रेरणादायी रहा है। आज हमारे युवा पीढ़ी को उनसे सिखने की आवश्यकता है।

# अजय केटरर में डेंगू के लार्वा मिलने पर 25 हजार का जुर्माना

**रायगढ़, 6 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में शहर में डेंगू प्रकोप नियंत्रण की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा साफ-सफाई के साथ ही वार्डो में दवा का छिड़काव और फॉगिंग का कार्य किए जा रहे है। इसी के साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा डेंगू के कारण एवं लक्षण, उसके रोकथाम व बचाव के उपाय के संबंध में एडवायजरी जारी करते हुए लोगों को सतर्कता बरतने हेतु अपील की गई है ताकि डेंगू के बढ़ते प्रकोप को रोका जा सके। उसके बावजूद भी सतर्कता नहीं बरतने वाले लोगों पर चालानी कार्यवाही के निर्देश दिए गए है। इसी कड़ी में सोर्स रिडक्शन सर्वे टीम द्वारा ढ़िमरापुर स्थित अजय केटर्स के व्यवसायिक संस्थान में 50 से अधिक पात्रों में डेंगू के लार्वा पाये गये। जिससे नगर निगम एवं जिला प्रशासन द्वारा तुरंत संज्ञान में लेते हुये उक्त संस्थान पर 25 हजार जुर्माने की कार्यवाही की गई। ज्ञात हो कि इससे पूर्व भी अजय केटर्स को सर्वे टीम द्वारा रूके हुये पानी के सभी स्त्रोतों को साफ करने हेतु समझाईश दी गई थी। लेकिन उनके द्वारा इस बात को गंभीरता से नहीं लिया गया। डेंगू के फैलने के लिये घातक होने के कारण यह कड़ी कार्यवाही की गई।



### आगे भी चलेगी चालानी कार्रवाई

डेंगू संक्रमण से बचने का सबसे सरल व आसान तरीका है कि घरों के आस-पास जलजमाव न होने दे और नियमित साफ-सफाई करते रहें। नगर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा डेंगू से बचाव के लिए हर संभव उपाय किए जा रहे है। लेकिन जनसामान्य को भी स्वयं जागरूक रहकर इस दिशा में कार्य करना होगा। इसके बावजूद भी अगर कही कोई लापरवाही पायी जाती है तो संबंधित के ऊपर आगे भी चालानी कार्यवाही की जाएगी।

### मच्छर के काटने से होती है कई बीमारियां

स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि मच्छरों के काटने से कई गंभीर बीमारी की चपेट में लोग आ सकते हैं। उन्होंने बताया कि मच्छर के काटने से डेंगू, मलेरिया जैसे विभिन्न बीमारियां होती है। उन्होंने बताया कि जलजमाव और गंदगी के चलते मच्छर पनपते हैं। ऐसे में कोशिश करें की अपने घर के आस पास या मुहल्लें में जलजमाव और गंदगी न होने दे।

## समाचार संक्षेप

### आरक्षक अपहरण माड डिवीजनल कमेटी ने किया

**बीजापुर, 6 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** आरक्षक शंकर कुड़ियम निवासी ग्राम एरमनार थाना नैमेड़ जो दिनांक 29/09/2023 डयूटी के पश्चात अपने परिचित को छोड़ने के लिये गए थे और वापस नही लौटे । आरक्षक के साथियों से पूछताछ करने पर पता चला कि आरक्षक शंकर कुड़ियम अपने मित्र के साथ उसपरी घाट पर गये थे, जिसके पश्चात से वह वापस नही लौटा है । इस सबंध में अभी यह ज्ञात हुआ है कि आरक्षक का अपहरण माड़ डिविजनल कमेटी द्वारा किया गया है ।जिला के स्थानीय युवक एवं युवतियों द्वारा स्वयं अपने क्षेत्र के विकास, सुरक्षा एवं शांति हेतु पुलिस एवं अन्य शासकीय नौकरी में भर्ती होकर क्षेत्र और समाज की सेवा की जा रही है । पुलिस विभाग में भर्ती होकर कार्यरत बल सदस्यों के द्वारा संविधान के दायरे में रहते हुए विधि अनुसार समस्त कार्यो को करते हुऐ अपना कर्तव्य निभाते है । यहां तक पूर्व में भी अनेक मुठभेड़ों के दौरान बल सदस्यों द्वारा घायल माओवादियों के साथ मानवतापूर्ण व्यवहार करते हुए उन्हे उचित उपचार सुविधा मुहैया करवाकर कर जीवन बचाया गया है तथा सदैव वैधानिक कार्यवाही की गई है । ऐसी अपेक्षा करते है कि जन मानस की भावनाएं और समाज ङ्क परिवार की अपील को ध्यान में रखते हुए आरक्षक को शीघ्र ही मुक्त कर दिया जायेगा ।



### कैम्पस एम्बेसडर प्रोफेसर नोडल अधिकारी नियुक्त

**बीजापुर, 6 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के द्वारा दिए गए निर्देशानुसार शैक्षणिक संस्थाओं में शिक्षा सत्र 2023-24 हेतु कैम्पस एम्बेसडर/प्रोफेसर नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिसके अर्न्तगत कैम्पस एम्बेसडर के रूप में शासकीय शहीद वेंकटराव महाविद्यालय बीजापुर, बीएससी प्रथम वर्ष के छात्र श्री लोकेश बेलसरिया एवं बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा कुमारी सरस्वती वाचम इसी तरह शासकीय इन्द्रावती महाविद्यालय भोपालपटनम, बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र श्री समेश लम्बाड़ी एवं बीएससी द्वितीय वर्ष के छात्रा कुमारी बुशरा खातुन, शासकीय नवीन महाविद्यालय भैरमगढ़, बीए तृतीय वर्ष के छात्र श्री रमेश कुमार एवं बी कॉम तृतीय वर्ष की छात्रा कुमारी हिमांशी कोर्राम, शासकीय पॉलीटेक्निक बीजापुर, पॉचवां सेमेस्टर सिविल के छात्र श्री विवेक कुमार समरथ एवं पॉचवां सेमेस्टर इलेक्ट्रीकल की छात्रा कुमारी जिज्ञासा कुमार इसी तरह प्रोफेसर शासकीय शहीद वेंकटराव महाविद्यालय बीजापुर से श्री ललित ठाकुर, शासकीय इन्द्रावती महाविद्यालय भोपालपटनम से श्री धमेन्द्र कुमार पाटनवार, शासकीय नवीन महाविद्यालय भैरमगढ़ से श्री उग्रेन कुमार साहू एवं शासकीय पॉलीटेक्निक बीजापुर से श्री संदीप कुमारी सोनी को नियुक्त किया गया है।

### ग्राम पंचायत उसूर में पोषण मेला आयोजित



**बीजापुर, 6 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** आकांक्षी ब्लॉक उसूर के ग्राम पंचायत मे संकल्प सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत पोषण मेला का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में पोषण संबंधी जानकारी व व्यवहार परिवर्तन को प्रोत्साहित करना था, ताकि कुपोषण के उन्मूलन में एक कदम आगे बढ़ सके ।इस मेले के दौरान, गर्भवती माताओं को उनके खानपान के सही तरीके की जानकारी दी गई, जिससे शिशुओं में कुपोषण को पहले से ही रोका जा सके। इस अभियान के माध्यम से गर्भवती और धात्री महिलाओं को बच्चे के जन्म के छह माह तक सिर्फ मां का दूध पिलाने के लिए प्रेरित किया गया ।कार्यक्रम के अंतर्गत गर्भवती माताओं के गोदभराई कार्यक्रम, बच्चों को अन्नप्राशन की जानकारी, और अन्य गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण पहल को साझा करने के लिए सरपंच श्री भीमा कट्टम, सचिव श्री नागेश्वर झाड़ी, अंगनबाड़ी कार्यकर्ताए, मितानीन, शिक्षक गण, ग्रामीण माताएं, शिशु तथा पीरामल फाउडेशन से गांधी फेलो भूमिका पेंदोर, और निहाल मिश्रा उपस्थित रहे ।इस प्रयास के माध्यम से, ग्राम पंचायत उसूर ने स्वस्थ जीवनशैली और पोषण के महत्व को बढ़ावा देने का संकल्प दिखाया है और समुदाय के सभी सदस्यों को एक स्वस्थ भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित किया है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए आवेदन आमंत्रित

**बीजापुर, 6 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** शासन द्वारा स्वीकृत आंगनबाड़ी केन्द्रों में रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आवेदन आमंत्रित की गई है। जिसके लिए 18 अक्टूबर 2023 तक कार्यालयीन समय सायं 5 :30 बजे तक महिला एवं बाल विकास परियोजना बीजापुर में व्यक्तिगत रुप से अथवा पंजीकृत डाक से आवेदन जमा किया जा सकता है। रिक्त पदों के अंतर्गत ग्राम पंचायत गमपुर के आंगनबाड़ी केन्द्र गमपुर हिरोलीपारा एवं ग्राम पंचायत कुवेम के आंगनबाड़ी केन्द्र कुवेम में 1-1 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद रिक्त है जिसके लिए आवेदन आमंत्रित किया गया। इसी तरह सहायिका के रिक्त पद हेतु ग्राम कुवेम के आंगनबाड़ी केन्द्र कुवेम, गमपुर के आंगनबाड़ी केन्द्र गमपुर कर्रेपारा और मुच्चापारा, डौड़ी तुमनार के आंगनबाड़ी केन्द्र तामोड़ी, तोयनार के आंगनबाड़ी केन्द्र तोयनार बाजार पारा, मेंटापाल के आंगनबाड़ी केन्द्र हिरोली, बीजापुर नगर के आंगनबाड़ी केन्द्र राउतपारा 02, धनोरा के आंगनबाड़ी केन्द्र रेंगानार, एरमनार के आंगनबाड़ी केन्द्र एरमनार सरपंचपारा और कुएनार स्कुलपारा एवं मनकेली के आंगनबाड़ी केन्द्र मनकेली में 1-1 सहायिका के पद रिक्त है ।आंगनबाड़ी के पद हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं उर्त्तीण एवं सहायिका के लिए 8वीं उर्त्तीण निर्धारित की गई है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका तथा मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की नियुक्ति संबंधि निर्देश-आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका का पद पूर्णतः मानसेवी तथा अशासकीय पद है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मिनी आंगनबाड़ी केन्द्र की कार्यकर्ता तथा आंगनबाड़ी सहायिका को शासन द्वारा निर्धारित मानदेय प्रतिमाह दिया जाएगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका का पद के लिए 18 से 44 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। 01 वर्ष या 1 वर्ष से अधिक सेवा कार्यकर्ता/सहायिका को आयु सीमा में तीन वर्ष की छुट दी जाएगी। परियोजना अधिकारी द्वारा जारी किया गया अनुभव प्रमाण पत्र ही मान्य किया जाएगा। आवेदिका उसी ग्राम या वार्ड की स्थायी निवासी होना चाहिए जिस ग्राम या वार्ड में आंगनबाड़ी के केन्द्र स्थित है। शहरी/ग्रामीण/आदिवासी परियोजना में कोई आवेदिका न मिलने पर कार्यकर्ता पद हेतु शैक्षणिक योग्यता शिथिल मानकर दसवीं बोर्ड रखी जावेगी। इस अनुसार भी कोई आवेदिका न मिलने पर आठवी, पांचवी उर्त्तीण रखी जावेगी। सहायिका पद में उपरोक्तानुसार शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण के लिए अंकसूची की स्व-प्रमाणित छायाप्रति लगाया जाना अनिवार्य होगा तथा अंतिम चयन आदेश पूर्व मूल प्रमाण पत्र सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना होगा।

आवेदन के साथ अंकसूची सहित आवश्यक सभी दस्तावेज स्व-प्रमाणित हो। अंतिम चयन के समय मूल प्रमाण पत्र के सत्यापन के लिए समुचित प्रक्रिया का निर्धारण किया जाएगा। सत्यापन ना होने पर नियुक्ति आदेश निरस्त माना जायेगा। सभी दस्तावेज अभ्यर्थी द्वारा स्व-प्रमाणित कर लगाऐंगे। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। यदि किसी उम्मीदवार द्वारा अस्थाई जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाता है तो उसे यह शपथ पत्र देना होगा कि छः महीने में स्थाई जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेगी। अन्यथा उसकी नियुक्ति स्वमेव निरस्त मानी जावेगी। वहीं पति का प्रमाण पत्र शहरी क्षेत्र के लिए नियमानुसार सक्षम अधिकारी द्वारा आवेदक को प्रस्तुत करना होगा।

## एक नजर

### प्रदूषण से बचने पेड़, पर्वत,नदी, नाले को बचा के रखें : ललितवल्लभ



**तिल्दा-नेवरा, 6 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सिनोधा रोड़ अमित चावल उद्योग में जारी 1008 पोथी श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस वृंदावन धाम के प्रख्यात भागवत प्रवक्ता श्रीहित ललित वल्लभ महाराज ने श्रोताओं को कहा की श्री मद भागवत कृष्ण लीला हमे जीने का रास्ता बताती है, तभी हमारा जीवन सार्थक होता है जीने के रास्ते सीखो। परमात्मा सब में है पहाड़ पर्वत नदी पेड़ जीव जन्तु इंसान में परमात्मा वास करते है उन्होंने बताया कि हाथी का पैर जब मगर ने पकड़ लिया तो उसने अपने बचाव के सभी प्रयास किए। 56भोग दही हंडी राधिका जन्म उत्सव मनाया गया इस दौरान ।भक्त भाव विभोर हो नृत्य करने लगे। महाराज ने कहा की इन्द्र देव भगवान बने तो पूरे ब्रज वालो को गिरराज भगवान के विषय में बताया। समाज में नारी बेटी को भी बराबर स्थान मिले राधा जी सीताजी का जन्म दिवस मनाएं । उपस्थित सभी भक्तों को बधाइयां बांटीं गईं। भागवत कथा परिवार ने श्रद्धालु श्रोताओं से कथा श्रवण करने का आग्रह किया।

### गांधी जयंती पर बुजुर्गों एवं वृद्धजनों का शाल, श्रीफल से किया सम्मान



**छुरा, 6 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राजीव युवा मितान क्लब के तत्वधान में ग्राम पंचायत खैरझिटी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गी लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।सर्वप्रथम महात्मा गांधी लाल बहादुर शास्त्री जी के छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच विशाखा बाई ध्रुव, उपसरपंच उमानसिंह ठाकुर, वरिष्ठ नागरिक रायसिंह ठाकुर, बलीराम ठाकुर, शिवकुमार सेन, पहाड़ सिंह ध्रुव संतराम ठाकुर, रोजगार सहायक छबीला सेन, मनोहर ध्रुव, बाबूलाल ध्रुव, रामूठाकुर, नन्द लाल ध्रुव, तिलक राम, मनोहर ठाकुर, उपस्थित थे।इस मौके पर गांव के वृद्धजनों व बुजुर्गो को श्रीफल शाल गमछा भेंटकर सम्मानित किया गया।सम्मान पाने वाले में से रायसिंह ध्रुव, रैनसिंह ध्रुव, अलख राम, शिव कुमार सेन, तिलक राम, केजई बाई, टामिन बाई, अहिल्या बाई, जहुरा बाई, उर्मिला बाई, सुखबाई, गायत्री बाई, भुनेवश्वरी बाई, कार्यक्रम को सफल बनाने में राजीव युवा मितान क्लब के अध्यक्ष पुनितराम ठाकुर, सचिव खेमराज ध्रुव, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश पटेल, सदस्य उमाशंकर यादव, धनराज ध्रुव, कृष्ण सेन, जोहन यादव, नरेंद्र साहू, इत्यादि लोग उपस्थित थे।

### समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का उपार्जन के लिए किसान पंजीयन की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर

**बलौदाबाजार, 6 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** खरीफविपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का उपार्जन हेतु कृषकों का पंजीयन समितियों के माध्यम से किया जा रहा है। इसके तहत पूर्व में राज्य शासन के निर्देशानुसार यदि पूर्व से पंजीकृत किसान द्वारा कोई संशोधन हेतु 30 सितंबर 2023 तक आवेदन, समिति में प्रस्तुत नही किया जाता है तो समिति द्वारा पूर्व वर्ष के कृषकों की जानकारी खरीफवर्ष 2023-24 के लिए किसान हेतु कैरी फारवर्ड किया जा सकेगा। राज्य शासन द्वारा खरीफविपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का उपार्जन हेतु कृषकों का पंजीयन उपरोक्त अवधि 30 सितंबर 2023 में वृद्धि करते हुए 15 अक्टूबर 2023 तक निर्धारित की गई है। ताकि खरीफवर्ष 2023-24 के लिए किसान पंजीयन हेतु कैरी फारवर्ड की कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।

# सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं, अथक परिश्रम से ही मिलेगी सफलता : कलेक्टर

- आगे बढ़ने के लिए उस भाषा का प्रयोग करें जिसमें आपकी दक्षता हो
- रटने की आदत को छोड़कर समझने की प्रवृत्ति विकसित करें जो दीर्घकाल तक स्मृति पटल पर अंकित रहता है

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 6 अक्टूबर।** बाल प्रतिभाओं के सृजनात्मक कौशल को विकसित करने हेतु राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय प्रतियोगिता संपन्न हुआ। जिलाधीश आकाश छिकारा ने प्रतियोगिता के सभी विधा का सूक्ष्मता के साथ निरीक्षण कर मॉडल संबंधित अलग-अलग प्रश्न पूछे। बच्चों ने भी मजेदार जवाब दिए। प्रश्नों के विस्तार से जवाब पाकर जिलाधीश अभिभूत हो गए। बाल वैज्ञानिकों के मॉडल, पुस्तक प्रदर्शनी, क्विज प्रतियोगिता, कबाड़ से जुगाड़ के नवाचारी गतिविधियों को देखकर खूब तारीफ़ किए। बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सफलता का कोई सरल तरीका नहीं है अथक परिश्रम से ही सफलता मिलती है।आगे बढ़ने के लिए उस भाषा का प्रयोग करें जिसमें आपकी दक्षता हो।रटने की आदत को छोड़कर समझने की प्रवृत्ति विकसित करें जो दीर्घकाल तक स्मृतिपटल पर अंकित रहता है।आगे कहा कि यथोचित सफलता प्राप्त करने के लिए अपने सोच और क्षमता को एक लेवल ऊपर रखकर मेहनत करें। शिक्षक समाज का दर्पण होता है।बच्चे अच्छे शिक्षक बनकर सभी वर्गो का सेवा कर सकते हैं। राष्ट्र निर्माण में सर्वस्व न्यौछावर करने का जज़्बा हमें सदैव आगे बढ़ाएगा।कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता में बच्चों ने पौधे की संरचना, चलित कागभगोड़ा, कोण पर आधारित टीएलएम, होलोग्राम ऊर्जा के विभिन्न रूपो के जीवंत प्रस्तुति ने सबको प्रभावित किया। क्विज प्रतियोगिता में विज्ञान, गणित, तकनीक के कठिन प्रश्नों का सरल जवाब देकर बच्चों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। मॉडल प्रदर्शनी में हीमोडायलिसिस, अम्ल क्षार लवण की अवधारणा, आईआर बेस्ड फील्ड सिक्योरिटी प्रोजेक्ट, चंद्रयान-3, आदित्य एल वन, एडवांस रोपवे, आर्मी सिक्योरिटी सिस्टम, वायरलेस पावर ट्रांसमिशन सिस्टम, नवीन तकनीक से सड़क दुर्घटना का नियंत्रण, ऑटो टर्न ऑफ वाटर स्विच आदि का चलित प्रदर्शन किया। पुस्तक प्रदर्शनी में भी बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सभी विजेताओं को मोमेंटो, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। डीएमसी खेल सिंह नायक, एडीपीओ बुद्ध विलास सिंह, बीईओ आर.पी. दास, एपीसी विल्सन पी थॉमस, बीआरसी तेजश कुमार शर्मा, जिला नोडल ज्ञानेंद्र शर्मा के कुशल नेतृत्व में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अद्वितीय सफलता में राष्ट्रीय पुरस्कार अभियान के जिला नोडल डॉ.ओमप्रकाश वर्मा, सतीश मालवीय, हुमन निषाद, अर्जुन धनंजय सिन्हा, अजय यादव, कामता प्रसाद साहू, असीम हरित, गोपाल कंसारी, वंदिता गोदेजा, कविता सिन्हा, प्रीति सिन्हा, विजेता दिवानी, दीप्ति मिश्रा गंडेचा, सुदामा प्रसाद लोधी, दीपेंद्र मिश्रा, जितेन्द्र साहू, बसंत निषाद, चंद्रवती सिन्हा, संजय साहू, भूमिका साहू, प्रदीप यादव, रेखराम सोनकर, ईश्वरी शर्मा, देवशरण पांडे, लोकनाथ तारक, करुणा शर्मा, अनिल मेघवानी, राजेश देवांगन, दिव्या प्रधान, राजेश कुमार भारद्वाज, नूकेश कुमार कश्यप, बसंती साहू, दीपिका पटेल, तिजऊ कुमार साहू, योगेश ठाकुर, केशव कौशिक, उमेश यदु, मनोज साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा। संचालन डॉ. ओमप्रकाश वर्मा एवं चंद्रवती सिन्हा ने किया। जिला मीडिया प्रभारी हुमन निषाद एवं अर्जुन धनंजय सिन्हा ने उक्त जानकारी दिया।

# मोहब्बत की दुकान में राजनीतिक रूप से कुंठित लोगों का दखल कब होगा बंद

## नेता जनता की पसंद की अन्देखी कर अपनी पसंद थोपकर कांग्रेस पार्टी को क्यों पहुंचा रहें हैं नुक़सान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 6 अक्टूबर।** जिले की बिंद्रानवागढ़ विधानसभा आदिवासी बहुल सीट को भाजपा का अभेद किला कहा जाता है, लेकिन तारीख उठाकर देखने से पता चलता है कि बिंद्रानवागढ़ विधानसभा का प्रतिनिधित्व कांग्रेस, निर्दलीय, कमनिष्ट सभी ने किया है, ये अलग बात है कि क्षेत्र की जनता अपना नेता पार्टियां बदल बदल कर चुनती आ रही हैं। लेकिन 2013 से भाजपा प्रत्याशी के मुकाबले कोई दमदार प्रत्याशी नहीं होने के चलते लगातार भाजपा जीत दर्ज कर रही हैं, इसका ये मतलब नहीं कि भाजपा के गढ़ की संज्ञा दे दी जाएजबकि नेता अपनी पसंद नये चेहरों पर दाव खेलकर कांग्रेस पार्टी का नुकसान पहुंचा है, और उनके फैसले पर कोई ऊंगली नहीं उठाएं इसलिए कथकथित भाजपा का गढ़ घोषित कर रहे हैं। जबकि असलियत ये है कि कुछ नेता ये नहीं चाहते हैं कि कोई हमारे समकक्ष खड़ा नहीं हो! ऐसे में टिकट काटकर किनारा कर देना ये राजनीति में बेहतर विकल्प समझा जाता हैं। ऐसी बहुत सी बातें हैं जो क्षेत्र के आम मतदाता से चर्चा करने पर ऐसी बातें निकलकर सामने आ रही हैं, साथ ही कहते हैं कि कांग्रेस पार्टी जिताऊ प्रत्याशी को छोड़ नये चेहरे पर दाव लगाकर कांग्रेस पार्टी को क्यों नुकसान पहुंचा रहें हैं

ज्ञात हो कि बिंद्रानवागढ़ विधानसभा आदिवासी बहुल क्षेत्र हैं और ओंकार शाह आदिवासी राजघराने से आते हैं, और आदिवासी समुदाय उन्हें अपना राजा मानते हैं, और राज परिवार ने इस क्षेत्र का चार बार प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। क्षेत्र की जनता आज भी ओंकार शाह को राजा साहब कहकर संबोधित करती हैं। ये अलग बात है कि इतनी बड़ी शख्सियत होने के बाद भी राजा ओंकार शाह खुश मिजाज़, सादगी पसंद और धार्मिक मिजाज़ के इंसान है, जिन्होंने जनता की सेवा को असल राजनीति मानते हैं।

**पूर्व विधायक ओंकार शाह ने बिंद्रनवागढ़ में गढ़ी विकास की गाथा:** ओंकार शाह के विधायक बनने से पहले गरियाबंद से देवभोग मुख्य मार्ग के किनारे बसे गांव कस्बों के ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं से दो चार होते आ रहे थे, ऐसे में सहजता से अंदाजा लगाया जा सकता हैं कि दूर दराज के गांव के निवासियों को किस प्रस्तिथि में गुजर बसर करते रहें होगेंलेकिन ओंकार शाह के 1993 में पहली बार विधायक बनने के बाद गरियाबंद से देवभोग की प्रमुख सड़क बनाई गई, इसके अलावा बहुत से ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कें, पुल पुलियाओं का निर्माण कराया गया, स्वास्थय, शिक्षा, विद्युत के क्षेत्र में भी बहुत कार्य किए, जिससे क्षेत्र में विकास को गति मिली, ऐसी बहुत से क्षेत्र में विकास की गाथा ओंकार शाह ने अपने विधायकी कार्यकाल में गढ़ी, जिससे बिंद्रनवागढ़ क्षेत्र की जनता को आर्थिक व समाजिक रूप से विकास करने में आज मिल का पत्थर साबित हो रहा है, ये वो हकीक़त हैं जिसे कोई नकार नहीं सकता।

**कूटनीति का शिकार बने शाह:** बिंद्रानवागढ़ विधानसभा से ओंकार शाह को क्यों टिकट नहीं दिया गया क्षेत्र के आम मतदाताओं के बीच उठ रहे इस सवाल हैं कि समीक्षा करने पर एक ही बात सामने आती हैं, कि सादगी पसंद राजा ओंकार शाह कूटनीति से कोसों दूर रहकर विकास की राजनीति में विश्वास रखते थे, उनके द्वारा करवाए गए विकास कार्यो से आम जनता के बिच बढ़ती लोकप्रियता और लगातार राजनीति में बढ़ाते कद से प्रदेश की राजनीति में दखल रखने वाले कुछ नेता जिनकी अपनी जमीन खिसकने लगी थी, ऐसे में शाह के कार्य क्षेत्र में हस्तक्षेप करने लगे, जब इससे बात नहीं बनी तो टिकट काटवाकर ओंकार शाह के राजनैतिक में बढ़ते कद को रोकने का काम किया जिसका नुकसान पार्टी को पहुंचा।

**बिंद्रानवागढ़ विधानसभा में राज परिवार और पुजारी परिवार का दिखता है वर्चस्व:** 1962 मे बिंद्रानवागढ़ विधानसभा को आदिवासी सीट घोषित होने के बाद से राजमहल और पुजारी परिवार का दबदबा देखने को मिलता है।राज परिवार से ओंकार शाह के पिता स्वर्गीय त्रिलोक शाह 1964 -67 के बीच कांकेर लोकसभा से सांसद थे तब मैनपुर, देवभोग ब्लाक कांकेर लोकसभा में आता था। बिंद्रानवागढ़ विधानसभा से 1972 में ओंकार शाह की बड़ी मां रानी स्वर्गीय पार्वती शाह देवी निर्दलीय के रूप में जीत दर्ज की थीं।1977 में जनता पार्टी से बलराम पुजारी ने जीत दर्ज की 1980 में बलराम पुजारी दूसरे बार भाजपा विधायक बने 1985 मे कांग्रेस के ईश्वर सिंग पटेल विधायक बने, 1990 मे बलराम पुजारी भाजपा 1993 में ओंकार शाह कांग्रेस 1998 में चरण सिंह मांझी भाजपा 2003 में ओंकार शाह कांग्रेस 2008 में डमरूधर पुजारी भाजपा 2013 में कांग्रेस ने नया चेहरा जनक ध्रुव को उम्मीदवार घोषित किया लेकिन आम मतदाता ने नकार दिया।

# धान ख़रीदी केंद्र और उपकेंद्र खोलने की मांग : सुशील शर्मा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 6 अक्टूबर।** कृषि उपज मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने आज किसानों के साथ ज़िलाधीश चंदन कुमार से मिलकर भाटापारा के ग्राम राजाढार में नवीन धान उपार्जन ख़रीदी केंद्र और सिमगा के ऑरोठी, नवाँगाँव, कचलोन में किसानों की सुविधा को देखते हुये नये धान उपार्जन केंद्र खोलने का प्रस्ताव जिलाधीश को दिया गया, ज़िलाधीश चंदन कुमार ने आश्वस्त किया है उपरोक्त सभी गाँव में आसपास के किसान आपना धान विक्रय कर सकेंगे इससे किसानों को बहुत लाभ प्राप्त होगा।मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा के साथ सोसायटी अध्यक्ष चंद्रकुमार साहू, सचिन शर्मा, दाऊराम यादव, झाड़ूराम, रोशन यादव, राजेश साहू, प्यारे साहू, दिनेश साहू आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।


**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा**

क्रमांक/ / तह./वा./23
सिमगा, दिनांक 24/08/2023
रा.प्र.क्र........./ब-121/2023
ग्राम- चुटचुटिया प.ह.नं. 14

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक भुनेश्वर प्रसाद पिता स्व. केवलराम जाति सतनामी निवासी ग्राम चुटचुटिया थाना सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) ने आवेदन मय शपथपत्र पेश कर निवेदन किया है कि उनके दादा जोधराय पिता नंदू की (मृत्यु) दिनांक 01/02/1996 को ग्राम चुटचुटिया में होने पर भूलवश मृत्यु का पंजीयन नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 11/09/2023 को दावा आपति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया

मुहर
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
सिमगा

**न्यायालय तहसीलदार लाल बहादुर नगर के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202310094500007**

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्:- 2023-2024
खुर्सीपार प.ह.न.00004 [ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- फुलन बाई,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका फुलन बाई पति दादूराम जाति कलार निवासी वार्ड नं. 18 डोंगरगढ़, कृषिका ग्राम खुर्सीपारकला तहसील लाल बहादुर नगर जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदिका के नाम से ग्राम खुर्सीपारकला तहसील लाल बहादुर नगर अंतर्गत स्थित भूमि खसरा नंबर 4/2, 4/5, 8/4, 17/3, 23/7. 33/2 कुल रकबा 1.231 हे. भूमि स्थित है, जिसका आवेदिका को ऋण पुस्तिका भाग-1 एवं भाग-2 प्राप्त हुआ था। उक्त ऋण पुस्तिका भाग-1 एवं भाग-2 गुम हो गया है, जिसको आवेदिका द्वारा बहुत खोज बीन किया गया, लेकिन कही प्राप्त नहीं हुआ। अतः आवेदिका द्वारा डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 18.10.2023 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/10/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
लाल बहादुर नगर


# गांधी जयंती पर श्रीपाश्र्व दिव्यांग विद्या मंदिर में किया पौधरोपण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बालोद, 6 अक्टूबर।** ग्राम उमरदहा बालोद स्थित पार्श्व दिव्यांग विद्या मंदिर में गांधी जयंती धूमधाम से मनाई गई। विद्यालय प्रांगण में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए, वहीं दिव्यांग बच्चों को ड्राइंग पेंटिंग भी धमतरी, डौन्डी लोहारा व बालोद के हेल्प एंड सर्व फाउंडेशन के सदस्यों ने सिखाई।

पार्श्व दिव्यांग विद्या मंदिर लगभग लगभग 6 माह पहले प्रारंभ हुआ है। यहां वर्तमान में लगभग 15 बच्चे शिक्षारत हैं। 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती अवसर पर विद्यालय प्रांगण में बाफना परिवार एवं हेल्प एंड सर्व ग्रुप द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके अलावा डॉ प्रदीप जैन कि सहयोग से बच्चों का ब्लड ग्रुप चेक किया गया। हेल्प और सर्व ग्रुप द्वारा बच्चों को ड्राइंग व पेंटिंग सिखाई गई। इस अवसर पर सुलतानमल जी सजना देवी बाफना चैरिटेबल ट्रस्ट उमरादाह बालोद के चेयरमेन मूलचंद जैन, वाइस चेयरमैन मदनलाल जैन, प्रेसिडेंट गौतम जैन, सेक्रेटरी अरुण जैन, स्कूल के शिक्षक दुष्यंत साहू, प्रेस क्लब बालोद के अध्यक्ष प्रदीप चोपड़ा, हेल्प एंड सर्व फाउंडेशन के संयम जैन, हर्ष जैन, नमो चोपड़ा, मुकेश अग्रवाल, ऋषि जैन, अमन जैन, मुदित जैन आदि उपस्थित रहे।

**सभी बच्चे व शिक्षक हैं मुकबधिर:** श्री पार्श्व दिव्यांग विद्या मंदिर में अध्ययनरत सभी 15 बच्चे मूकबधिर हैं। उनके शिक्षक दुष्यंत साहू भी मूकबधिर है। सभी बच्चों के यहां रहने खाने पीने की भी पूरी व्यवस्था संस्था द्वारा निशुल्क दी जा रही है। संस्था के प्रेसिडेंट गौतम जैन ने बताया कि यहां पर डौन्डी, मानपुर आदि वन क्षेत्र से भी बच्चे आए हुए हैं। आसपास के गांव के भी बच्चे हैं। सभी बच्चे यहीं रहते हैं उनको संस्था द्वारा पूरी सुविधा दी जा रही है।

**साढ़े तीन एकड़ में फैला हुआ है कैंपस, आगे और विस्तार की योजना:** ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि स्कूल फिलहाल साढ़े तीन एकड़ कैंपस में संचालित है। सर्व सुविधायुक्त भवन भी बनाया गया है। आगे इसके और विस्तार की योजना है। यहां केवल मुख बधिर बच्चों को शिक्षा दी जा रही है। उनके व्यक्तित्व विकास की ओर भी संस्था द्वारा ध्यान दिया जा रहा है। सभी सुविधाएं निशुल्क दी जा रही है।

## पेड़ न्यूज के मामले में अभ्यर्थी को होगा नोटिस जारी, एमसीएमसी सहित विभिन्न मीडिया इकाई टीम को दिया गया प्रशिक्षण

# इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया में राजनीतिक विज्ञापनों का प्री-सर्टिफिकेशन जरूरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 6 अक्टूबर।** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 में स्वतंत्र व निष्पक्ष निर्वाचन सम्पन्न कराने के मद्देनजर कलेक्टर चंदन कुमार के मार्गदर्शन में विभिन्न विषयों पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में मीडिया अनुप्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति (एमसीएमसी) से संबंधित प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, एमसीएमसी के सदस्य, प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, एफएम रेडियो एवं सोशल मीडिया इकाई के सदस्य शामिल हुए।

अपर कलेक्टर वीसी एक्का एवं मास्टर ट्रेनर तिवारी तथा एमसीएमसी सदस्य डॉ एसएम पाध्ये के द्वारा एमसीएमसी के कार्य एवं कर्तव्य पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में बताया गया कि राष्ट्रीय, राजकीय एवं पंजीकृत दल एवं उनके प्रत्याशियों को इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मिडिया, एफएम रिडियो, केबल टीवी, बल्क एसएमएस, वॉइस एसएमएस एवं सिनेमा घरों में राजनैतिक विज्ञापन का प्रसारण से पूर्व जिला स्तरीय एमसीएमसी से विज्ञापन का अनुप्रमाणन जरूरी होगा। प्रिंट मीडिया में राजनीतिक विज्ञापन का पूर्व प्रमाणन चुनाव दिवस एवं चुनाव दिवस के एक दिन पूर्व के लिए कराना होगा। सोशल मीडिया में राजनीतिक विज्ञापन उसी को माना जाएगा जो क्रिएटिव रूप में हो। मूल रूप से फ़ोटो, वीडियो, टिप्पणी यदि पोस्ट करने पर पूर्व प्रमाणन की आवश्यकता नही होगी। अन्य व्यक्ति किसी अभ्यर्थी के पक्ष में राजनीतिक विज्ञापन अपने सोशल मीडिया अकाउंट में पोष्ट करता है तो उसे उस अभ्यर्थी की सहमति या अधिकार प्राप्त करना होगा। प्रशिक्षण में बताया गया कि विभिन्न मीडिया में पेड़ न्यूज की जांच बहुत ही बारीकी से करना जरूरी है क्योंकि पेड़ न्यूज खबरों की आड़ में विज्ञापन के रूप में प्रकाशित खबर या विश्लेषण होता है। जब भी किसी मीडिया में संदिग्ध पेड़ न्यूज के मामले आते हैं तो एमसीएमसी द्वारा संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर को तत्काल अवगत कराना होता है। रिटर्निंग ऑफिसर सम्बंधित अभ्यर्थी को नोटिस जारी करेंगे जिसका जवाब अभ्यर्थी को 48 घंटे के भीतर देना होगा। प्रशिक्षण के दौरान एसडीएम सिमगा अमित गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर नितिन तिवारी सहित जनसम्पर्क विभाग के अधिकारी एवं विभिन्न मीडिया निगरानी इकाई के सदस्य उपस्थित थे।


**कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला सुकमा छ.ग.**

दूरभाष क्रमांक 07864-284101, 284102 फैक्स नं. 07864-284103

पु.अ./सुकमा/एसी/निविदा/13/2023 — दिनांक 29.09.2023

**( निविदा आमंत्रण सूचना )**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित निर्माण कार्य के लिए मुहरबंद निविदायें दो लिफाफे पद्धति से पुलिस अधीक्षक सुकमा के कार्यालय में प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग, रायपुर के भवन निर्माण कार्य हेतु लो.नि.वि. द्वारा दिनांक 01/06/2015 से प्रभावशील एवं निविदा सूचना जारी होने दिनांक तक प्रपत्र 'अ' में छत्तीसगढ़ शासन के निर्माण विभाग में पंजीकृत सक्षम ठेकेदारों से प्रतिशत आधार पर पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम | कार्य का लागत | अमानत राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | डीआरजी आर्मी टीम एवं ग्रेहाउण्ड टीम के लिए दोरनापाल में 02 नग बैरक निर्माण कार्य | 18.00 लाख | 13500/- |
| 2 | डीआरजी केरलापाल 1, 2 टीम के लिए कैम्प बड़ेसेट्टी में 02 नग बैरक निर्माण कार्य | 18.00 लाख | 13500/- |
| 3 | डीआरजी केरलापाल 1, 2 टीम के लिए कैम्प बड़ेसेट्टी में 01 सेट टॉयलेट बाथरूम मय ओपन वॉटर टैंक निर्माण कार्य | 09.45 लाख | 7100/- |
| 4 | डीआरजी आर्मी टीम एवं ग्रेहाउण्ड टीम के लिए दोरनापाल में 01 सेट टॉयलेट बाथरूम मय ओपन वॉटर टैंक निर्माण कार्य | 09.45 लाख | 7100/- |
| 5 | ऑफिसर्स मेस में अधिकारी/कर्मचारियों के रूकने हेतु 01 नग बैरक निर्माण कार्य | 9.00 लाख | 6800/- |
| 6 | ऑफिसर्स मेस में अधिकारी/कर्मचारियों के उपयोग हेतु 10 नग टॉयलेट निर्माण कार्य | 5.50 लाख | 4200/- |
| 7 | बस्तर फाईटर हेतु 02 सेट टॉयलेट बाथ मय ओपन वॉटर टैंक निर्माण कार्य | 18.90 लाख | 13200/- |

नोटः- नोटः- निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि 09/10/2023, निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि 15/10/2023 के 15.00 बजे तक, निविदा खोले जाने की तिथि 15/10/2023 के 17.00 बजे तक। सक्षम ठेकेदार डी वर्ग व ऊपर श्रेणी के ठेकेदार टेंडर फार्म की **राशि 750.00 रूपये हेड 0055 पुलिस 800 अन्य प्राप्तियां** में जमा कर चालान की मूल कापी इस कार्यालय में जमा करें। निविदा से संबंधित शर्तें पुलिस अधीक्षक कार्यालय सुकमा के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है।

पुलिस अधीक्षक
जिला-सुकमा (छ.ग.)

जी-06001/4

## एक नजर

### योगेश तिवारी 7 को लेंगे भाजपा की सदस्यता

**रायपुर, 6 अक्टूबर।** बेमेतरा के किसान नेता योगेश तिवारी ने भारतीय जनता पार्टी में शामिल



होने का निर्णय लिया है। इस संबंध में किसान नेता ने बताया कि एक अक्टूबर को राजधानी रायपुर के रावण भाटा मैदान में भाजपा के शीर्ष नेताओ की मौजूदगी में भाजपा में शामिल होना था, लेकिन केंद्रीय नेताओं की व्यस्तता के कारण कार्यक्रम को एक सप्ताह के लिए टालते हुए कल 7 अक्टूबर को समारोह रखा गया है। समारोह में विधानसभा क्षेत्र से 20 हजार से अधिक लोगों के पहुंचने का लक्ष्य है। किसान नेता के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भारतीय जनता पार्टी ने देश को विश्व सम्मान दिलाया और उन्होंने देश की जनता को जो वादा किया उसे पुरे ईमानदारी से निभाया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाये जाने वाले जन कल्याणकारी योजनाओं से अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को सीधा लाभ मिला है।

### लोक कला संस्था ने किया ललित मिश्रा का सम्मान

**रायपुर, 6 अक्टूबर।** लोक कला संस्था दुर्ग द्वारा गांधी प्रतिमा स्थल में आयोजित मैं गांधी बन



जाऊं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता पर सर्व ब्राह्मण समाज तथा बेटी बचाओ मंच के प्रदेश व राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा को सम्मानित किया गया। मिश्रा के समाज सेवा, साहित्य व महिला उत्थान के क्षेत्र में प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर निरंतर किया जा रहे कार्यों के कारण यह सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल तथा कला मंच के अध्यक्ष शिवाकांत तिवारी ने शाल, श्रीफल व प्रशस्ति पत्र भेंट कर उक्त सम्मान से सम्मानित किया। आयोजन स्थल पर स्कूली छात्र, युवा वर्ग, नागरिक व विभिन्न संस्थाओं से लोग गांधी के भेष में काफी संख्या में उपस्थित थे।

### 8 अक्टूबर से शुरू हो रहा है इंडियन फेस्टिवल

**रायपुर, 6 अक्टूबर।** भारत की सबसे प्रतीक्षित फेस्टिव इवेंट, अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल (जीआईएफ), 8 अक्टूबर से शुरू होगी, हालांकि प्राइम सदस्यों के लिए यह सेल 24 घंटे पहले ही शुरू हो जाएगी। ग्राहकों को इस सेल में वाइड प्रॉडक्ट कैटेगरी में फास्ट डिलीवरी के साथ ऐसे ऑफर्स मिलेंगे, जो उन्होंने पहले कभी नहीं देंखे होंगे। किक स्टार्टर डील्स के जरिए ग्राहकों को 6 अक्टूबर तक 25, 000 से अधिक उत्पादों तक जल्दी पहुंच भी मिलेगी। उन्हें यहां देखें. अमेजन सेल तारीख की घोषणा करते हुए मनीष तिवारी, वाइस प्रेसिडेंट और कंट्री मैनेजर, कंज्यूमर बिजनेस, अमेजन इंडियाने कहा, हम पूरे भारत में अपने ग्राहकों के लिए खुशियों का पिटारा लाने और उन्हें विस्तृत चयन, बेजोड़ मूल्य और सुविधा प्रदान करने के लिए तैयार हैं।

### हर परिवार के लिए आर्थिक सुरक्षा जरूरी

**रायपुर, 6 अक्टूबर।** हर व्यक्ति के लिए उसके परिवार को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना महत्वपूर्ण विषय है और इसलिए, एक बेहतर जीवन बीमा कंपनी का चयन करने में सबसे प्रमुख कारकों में से एक उसके क्लेम सेटलमेंट अनुपात के मूल्यांकन को माना जाता है। यह अनुपात आपको कुल क्लेम्स की तुलना में कंपनी द्वारा भुगतान किए गए इंश्योरेंस क्लेम्स के प्रतिशत से अवगत कराता है। इस संख्या को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है, जो कि क्लेम्स का भुगतान करने में कंपनी की विश्वसनीयता को प्रदर्शित करती है। चलिए, वित्त वर्ष 24 की पहली तिमाही के लिए लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों के नवीनतम क्लेम सेटलमेंट के अनुपात पर एक नज़र डालते हैं।

### विश्व कप सीजन का जश्न मनाएं

**रायपुर, 6 अक्टूबर।** विश्व कप सीज़न और उत्सव शुरू होने ही वाला है तो ऐसे खास अवसरों पर 1 से 7 अक्टूबर तक सुपर वैल्यू डेज़ के ढेर सारे स्नैक्स और ताजे फलों एवं सब्जियों और पेंट्री की जरुरी चीजों से विशेष रूप से तैयार किए गए व्यंजनों एवं पकवानों से अपने मेहमानों और प्रियजनों का स्वागत करने के लिए तैयार हो जाइए। फिर चाहे आप गेम-नाइट में अपनों की मेजबानी कर रहे हों या अपनी पसंदीदा टीम का अकेले उत्साह बढ़ा रहे हों, अपने और अपनों के लिए बढ़िया ऑफर पर गेम टाइम का लजीज खाना प्राप्त करें। स्टेपल, पैकेज्ड फूड, पर्सनल केयर और बेबी एवं पेट केयर प्रोडक्ट सहित अन्य पर 45 प्रतिशत तक की छूट का आनंद लें।

### निधन

#### विजयलक्ष्मी शर्मा

**रायपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर निवासी



श्रीमती विजयलक्ष्मी शर्मा पति स्व. नर्मदा प्रसाद शर्मा, खिलोरा (भठली) वाले का आज निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज दोपहर 2:00 बजे महादेव घाट मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा उनके निज निवास विजयश्री, पासपोर्ट ऑफिस के पीछे सेक्टर 4, पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर रायपुर से निकली। वे अमिताभ शर्मा, अनुराग शर्मा की माता थीं।

# अभियंताओं का मत, महानदी के पानी का सिंचाई विद्युत उत्पादन में अधिक उपयोग करना चाहिए

## ओडिशा से जल विवाद होने पर छत्तीसगढ़ सरकार रखेगी अपना मजबूत पक्ष

■ तरुण छत्तीसगढ़ (मुख्य नगर संवाददाता)



**रायपुर, 6 अक्टूबर।** महानदी छत्तीसगढ़ की जीवन रेखा है। इसके पानी का विद्युत सहित कृषि एवं अन्य उपयोग के लिए विशेषज्ञों ने रायशुमारी की है। महानदी मंत्रालय में आज जल संसाधन विभाग की ओर से महानदी के जल का उपयोग कृषि कार्य, विद्युत उत्पादन सहित अन्य कार्यों के लिए ज्यादा से ज्यादा करने विभाग के अभियंताओं एवं पर्यावरण विशेषज्ञों ने विचार व्यक्त किए हैं। छत्तीसगढ़ के सिहावा से यह नदी निकलती है। इसकी कुल लंबाई 900 किलोमीटर है। छत्तीसगढ़ में 286 किलोमीटर बहती है। छत्तीसगढ़ में रविशंकर जलाशय परियोजना सहित अन्य परियोजनाएं चल रहीं हैं। छत्तीसगढ़ के कई जिलों में इससे निकली नहरों से पानी का उपयोग किया जा रहा है। कई सहायक नदियां इसमें आकर मिलती हैं। वैज्ञानिकों ने कहा कि कृषि के लिए इसका ज्यादा से ज्यादा उपयोग होना चाहिए। वर्तमान में हीराकुंड से पानी छोड़े जाने पर ओडिशा सरकार द्वारा विवाद किया जाता है। कटक सहित अन्य जिलों में पानी भर जाता है। सिंचाई अभियंताओं ने नहरों की शाखाओं के दुरुस्तीकरण पर भी अपना मत रखा। आज की कार्यशाला में प्रमुख सचिव के रूप में सुब्रत साहू, सचिव पी. अमलंगन सहित अन्य अधिकारियों ने अपने विचार रखे। महानदी के तटवर्ती क्षेत्रों में कटाव को रोकने के लिए रिवर फ्रंट बनाने अथवा पिचिंग कार्य करने का भी सुझाव अभियंताओं ने दिया। अंतरराज्यीय जल विवाद होने पर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अपना मजबूत पक्ष रखा जाएगा। इधर इंद्रावती नदी का पानी भी इस समय ओडिशा की ओर चला जाता है जिसको लेकर विवाद कायम है। समय-समय पर छत्तीसगढ़ और ओडिशा सरकार के बीच जल विवाद चलता रहता है।

स्वागत



**रायपुर, 6 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वामी विवेकानंद विमानतल पर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी का आत्मीय स्वागत किया।

# सभापति दुबे ने 136 हितग्राहियों को पट्टे वितरित किए

**रायपुर, 6 अक्टूबर।** नगर पालिक निगम रायपुर के सभापति प्रमोद दुबे ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार भरोसे की सरकार है. प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजीव गाँधी आश्रय योजना के अंतर्गत नगरीय क्षेत्र में आवासहीन गरीबों को किया गया आवासीय पट्टे का वितरण करवाकर आमजनों से किया अपना वायदा अत्यंत सहज एवं सरल तरीके से पूरा कर दिखाया है. सभापति प्रमोद दुबे ने राजीव गाँधी आश्रय योजना के तहत नगरीय क्षेत्र में आवासहीन गरीबों को आवासीय पट्टे वितरण करने का कार्य करवाने प्रदेश के नगरीय प्रशासन एवं विकास मन्त्री डॉक्टर शिव कुमार डहरिया द्वारा दिये गये मार्गदर्शन एवं विधायकगणों, निगम महापौर, सभी एमआईसी सदस्यों, जोन अध्यक्षगणों, वार्ड पार्षदगणों, एल्डरमेनगणों द्वारा किये गये निरन्तर सकारात्मक सहयोग को सराहा. सभापति प्रमोद दुबे ने आज नगर पालिक निगम



जोन क्रमांक 4 के तहत पण्डित भगवती चरण शुक्ल वार्ड क्रमांक 57 में वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, गणमान्यजनों, नवयुवकों जोन 4 के सम्बंधित निगम अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में पण्डित भगवती चरण शुक्ल वार्ड क्रमांक वार्ड क्रमांक 57 के अरविन्द नगर में छत्तीसगढ़ शासन की राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत पट्टा वितरण कार्यक्रम में वार्ड 57 क्षेत्र के रहवासी 136 पात्र आवासहीन गरीबों को योजना के तहत आवासीय पट्टे वितरित किये, तो इससे प्रसन्न सभी सम्बंधित पट्टाधारी हितग्राहियों के चेहरे मुस्कान से खिल उठे. सभापति प्रमोद दुबे ने योजना के कार्य से सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वार्ड, जोन क्षेत्र सहित रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में कोई भी पात्र आवासहीन गरीब व्यक्ति राजीव गाँधी आश्रय योजना के तहत आवासीय पट्टे को प्राप्त करने से कदापि वंचित ना रहने पाये, यह सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित किया जाये।

### युवक की हत्या कर सबूत मिटाने नहर में फेंका था शव

**रायपुर, 6 अक्टूबर।** राजधानी में 1 माह पूर्व युवक के लाश मिलने में पुलिस ने हत्या होने का खुलासा किया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक की हत्या का खुलासा हुआ है। 25 अगस्त को अभनपुर मुख्य नहर में ग्राम जामगांव के पास सड़ी गड़ी अवस्था में लाश मिली थी. जिसके बाद ग्रैंड न्यूज ने पहले ही हत्या कर नहर में फेकने की आशंका जताई थी और साथ ही समाचार भी चलाया था. अभनपुर पुलिस ने पूरे मामले का खुलासा किया है।

मृतक का नाम नीलकमल विश्वकर्मा कोडेबोड़ निवासी था पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध हत्या और सबूत मिटाने का मामला दर्ज़ कर विवेचना में जुट गई हैं। मृतक 21 अगस्त को रात को अपने घर से रवाना हुआ था जिसके दो दिन बाद बिरेझर चौकी में परिजनों ने उसके गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जब शव पुलिस को मिला था उस समय शव के गले में रस्सी भी बंधी हुई थी जिसके बाद मामले में हत्या की आशंका जताई गई थी। पूरे मामले में अभनपुर पुलीस जांच में जुट गई हैं।

# विस चुनाव : कांग्रेस पर्यवेक्षकों ने ली बैठक

## बूथ लेवल पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय होने की सलाह

■ तरुण छत्तीसगढ़ (मुख्य नगर संवाददाता)

**रायपुर, 6 अक्टूबर।** राजीव भवन में आज विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार करने सहित अन्य मुद्दों को लेकर पर्यवेक्षकों एवं प्रभारी सचिवों की बैठक हुई।

विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया चल रही है। कई सीटों पर नाम तय हो गए हैं। केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में इसे हरी झंडी प्रदान कर दी जाएगी। रायपुर लोकसभा के अंतर्गत आने वाले विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में मतदान करने के लिए बूथ प्रभारियों को भी दिशा-निर्देश देने के लिए पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर ने गाइडलाइन दी है। उन्होंने कहा कि हम बड़े नेताओं की बात नहीं करें। जो लोग मतदान केंद्रों में बैठते हैं तथा पार्टी के पक्ष में मतदान कराने का प्रयास करते हैं वे हमारे लिए बड़े नेता हैं। आज की बैठक में बूथ लेवल पर अधिक से अधिक मतदान कराने पर जोर दिया गया। कांग्रेस चुनाव को लेकर काफी अलर्ट है।

कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज तथा अन्य पदाधिकारियों ने भी उचित मार्गदर्शन दिया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास में विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रमुखों से मुलाकात की है। इस समय मुख्यमंत्री कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाने के लिए निरंतर सक्रिय हैं। केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य टीएस सिंहदेव के निवास पर भी टिकिट के दावेदारों का तांता लगा हुआ है। अब यह बैठक कब होगी यह तय नहीं है।

# ककसं की बैठक में सदस्यता पर चर्चा



**रायपुर, 6 अक्टूबर।** आज की बैठक में राजेश देवांगन अपनी पुरानी संस्था छोड़कर स्वेच्छा पूवर्क रेलवे खान पान सेवा ठेकादारी कर्मचारी कल्याण संघ की सदस्यता ग्रहण किया राजेश देवांगन का उपस्थित सदस्यों के द्वारा गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया सर्वसम्मति से राजेश देवांगन जी को रेलवे खान पान सेवा ठेकादारी कर्मचारी कल्याण संघ की सदस्यता प्रदान की गई और पुष्प हार पहनाकर उनका हमारी संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष आनंद दुबे के द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर संस्था के सभी सदस्य गण उपस्थित थे। प्रमुख रूप से संस्था के अध्यक्ष ऋषि उइके सहित उपाध्यक्ष संतोष सिन्हा कोषाध्यक्ष दयाराम सोनकर सदस्य गण प्रमोद सोनकर पप्पू सोनकर राजकुमार सोनकर बच्चे लाल सोनकर अनिल मंडावी मनसुख ठाकुर राजेश साहू अतुल वैध गणेश नामदेव चंदन सोनकर अरूण सोनकर एवं अन्य सदस्य गण उपस्थित रहें।

# जिलों में खुलेंगे 25 नवीन धान उपार्जन केंद्र

**रायपुर, 6 अक्टूबर।** राज्य शासन द्वारा प्रदेश के किसानों-ग्रामीणों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए ग्रामीणों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 एवं आगामी खरीफ विपणन वर्षों के लिए राज्य के विभिन्न जिलों में नवीन धान उपार्जन केंद्र खोलने की अनुमति प्रदान की गई है। इस आशय का आदेश खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है।



नवीन धान उपार्जन केंद्रों में राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ विकासखण्ड के अंतर्गत देवकट्टा और डोंगरगांव विकासखण्ड के संबलपुर में खोले जाएंगे। इसी तरह सक्ती जिले के सक्ती विकासखड के अंतर्गत नन्दौरखुर्द, महासमुंद जिले के बागबाहरा विकासखण्ड के अंतर्गत बोडराबांधा और आमगांव, मुंगेली जिले के लोरमी विकासखण्ड के औराबांधा, बलरामपुर जिले के रामचन्द्रपुर विकासखण्ड के डुमनपान, कोण्डागांव जिले के फरसगांव विकासखण्ड के बड़ेओड़गांव, केशकाल विकासखण्ड के कुएमारी और कोण्डागांव विकासखण्ड के नवागांव तथा गरियाबंद जिले के छुरा विकासखण्ड के पीपरछेड़ी और उत्तर बस्तर कांकेर जिले के अंतागढ़ विकासखण्ड के बंडापाल व कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के बेलगाल में नवीन धान उपार्जन केंद्र खोले जाएंगे। इसी प्रकार मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के मानपुर विकासखण्ड के मुरारगोटा, बीजापुर जिले के बीजापुर विकासखण्ड के चेरपाल, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले के खैरागढ़ विकासखण्ड के ठेलकाडीह, उत्तर बस्तर दंतेवाड़ा जिले के दंतेवाड़ा विकासखण्ड के बड़ेगोडरे व अरनपुर, रायगढ़ जिले के घरघोड़ा विकासखण्ड के बटुराकछार, धरमजयगढ़ विकासखण्ड के कटाईपाली सी, सरगुजा (अम्बिकापुर) जिले के बतौली विकासखण्ड के बोदा व मंगारी तथा सीतापुर विकासखण्ड के बेलजोरा में नवीन धान उपार्जन केंद्र खोले जाने की अनुमति प्रदान की गई है।

# छत्तीसगढ़ में काम हुआ है इसलिए कांग्रेस के कार्यक्रम में उमड़ती है भीड़ : सैलजा

**रायपुर, 6 अक्टूबर।** भाजपा प्रत्याशियों की सूची वायरल होने पर प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा, यह उनका अंदरूनी मामला है. इनका शीर्ष नेतृत्व जो



भाषा बोलता है उनकी भाषा को उनके लोग और पार्टी अपनाती है. उनकी छोटी सोच है, इस बात का प्रतीक है. प्रियंका गांधी के दौरे को लेकर सैलजा ने कहा, आज कांकेर में सम्मेलन है और हर जगह जहां हमारा शीर्ष नेतृत्व पहुंचा है, लोगों में उत्साह देखने मिला है. यह इस बात का प्रतीक है कि छत्तीसगढ़ में काम हुआ है। सैलजा ने कहा, यहां के लोगों ने हमारे नेताओं का स्वागत किया है. चाहे प्रधानमंत्री हो या गृहमंत्री, इनके कोई भी कार्यक्रम सफल नहीं हुए हैं. भाजपा के राहुल गांधी को इस युग का रावण वाले ट्वीट पर कुमारी सैलजा ने कहा, यह इनकी सोच है और इनका शीर्ष नेतृत्व जो भाषा बोलता है उनकी भाषा को उनके लोग और पार्टी अपनाती है. उनकी छोटी सोच है, यह इस बात का प्रतीक है।

# सोच लीजिए, आपस में कितनी गुटबाजी है: बैज

**रायपुर, 6 अक्टूबर।** बीजेपी की वायरल लिस्ट और बीजेपी उम्मीदवारों के प्रदर्शन को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज ने तंज कसा है. उन्होंने कहा कि भाजपा अपनी पहली सूची से उबार नहीं पाई और अब दूसरी सूची वायरल हो रहा है. सोच लीजिए, इनमें आपस में कितनी गुटबाजी है, और कितना समन्वय है, जो उनका फाइनल लिस्ट बाहर आ रहा है।

दीपक बैज ने एयरपोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा में कहा कि यहां बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष रोज फटकार खा रहे हैं. रमन सिंह रोज डांट खा रहे हैं. आपस में इन लोगों की खुद की समझ में नहीं है. बीजेपी हमारी सभाओं से डरी हुई है, उनके बयान बौखलाहट में आ रहे हैं।

वहीं प्रियंका गांधी के कांकेर दौरे को लेकर बैज ने कहा कि जनता में खासा उत्साह है. लोकसभा चुनाव के



लिए पर्यवेक्षकों की बैठक को लेकर बैज ने कहा कि लोकसभा के हमारे पर्यवेक्षक लगातार क्षेत्र में जा रहे हैं. भ्रमण कर रहे हैं. संगठन की मजबूती के लिए काम कर रहे हैं. आज अपने कामों की समीक्षा करेंगे।

### रायपुर में आल इंडिया वीडिया फोटो ट्रेड फेयर

**रायपुर, 6 अक्टूबर।** प्रिंट सॉल्यूशंस के ग्लोबल लीडर कोनिका मिनोल्टा बिजनेस सॉल्यूशंस इंडिया ने गर्व के से ऑल इंडिया वीडियो फोटो ट्रेड फेयर रायपुर में अपनी विजयी भागीदारी की घोषणा की, यह एक प्रतिष्ठित वार्षिक इवेंट है जो प्रेस मालिकों, फोटो लैब मालिकों और विभिन्न अन्य इंडस्ट्री जैसे वीडियो और फोटो इंडस्ट्री के दिग्गज स्टेकहोल्डर्स को एक साथ लाता है। विभिन्न प्रकार की मीडिया कैपबिलिटी के साथ, शानदार कलर में एग्जीक्यूटेड विभिन्न आउटपुट स्पीड के साथ प्रोडक्टिविटी बढ़ाते हैं, जिससे आपके प्रोडक्शन फ्लोर में ऑफिस स्पेस की बचत होती है। सोफेस्टिकेटेड इक्विपमेंट हाई क्रोमा क्वालिटी के साथ सरल संचालन और पावरफुल इन-लाइन फिनिशिंग के साथ समय और लेबर कॉस्ट बचाता है।

### ग्रामीण महिलाओं को बांटे 60 वाटर व्हील

**रायपुर, 6 अक्टूबर।** फ्यूज़न माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड ने छत्तीसगढ़ के पत्थलगाँव ग्रामीण क्षेत्र में वाटर व्हील वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीण महिलाओं के बीच 60 वाटर व्हील का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले गृहिणीयों की भागीदारी भी देखी गई। कार्यक्रम में चन्द्रशेखर त्रिपाठी (किसानकांग्रेस अध्यक्ष) और अतुल त्रिपाठी अतिथियों के रूप में उपस्थित थीं। इस कार्यक्रम के बारे में बात करते हुए फ्यूज़न माइक्रो फाइनेंस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, एक ज़िम्मेदार संस्था के रूप में कंपनी विभिन्न प्रयत्नों द्वारा समाज के विकास और सामान्य जीवनशैली में वृद्धि करने में विश्वास रखती है।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23